सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:24

आज का तापमान

शिमला	16 न्यू	26 अधि
धर्मशाला	25 न्यू	31 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81,758
निफ्टी	24,968
सोना 98,243	चांदी 1,12,700

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

केएल राहुल मैनचेस्टर टेस्ट में बना सकते हैं बड़ा रिकॉर्ड

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 20 जुलाई 2025 | 5 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 202, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

भ्रामक खबरों पर एफआईपी का विदेशी मीडिया को नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली। अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे को लेकर विदेशी मीडिया की भ्रामक रिपोर्टिंग पर भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) ने आपत्ति जताई है। एफआईपी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में दोनों संस्थानों से गलत रिपोर्टिंग के लिए माफी मांगने की मांग की गई है। भारतीय पायलट संघ (एफआईपी) के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने बताया कि हमने कानूनी कार्रवाई शुरू की है। हमने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को उनकी रिपोर्टों पर एक नोटिस भेजा है। हमने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। (अनंत ज्ञान)

ट्रंप का दावा: भारत-पाक संघर्ष में गिरे पांच जेट

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रंप ने यह बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रंप अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं। पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

चीन ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

एजेंसी, बीजिंग। चीन ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का सख्त विरोध करता है और 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने आगे कहा, 'चीन सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है।' चीन ने पहलगाम हमले की निंदा तो की है, लेकिन अमेरिका की तरह न तो टीआरएफ का नाम लेकर उसकी आलोचना की और न ही टीआरएफ को आतंकी संगठन कहा। (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगी सरकार: पीयूष

एजेंसी, मुंबई। अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'हमारी वार्ता रणनीति राष्ट्रीय हित पर आधारित है। नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी समय राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं होने देगी।' मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया आज भारत की ताकत को पहचान रही है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया यह मान रही है कि प्रतिभा और कौशल भारत में है और यही हमें बातचीत में बढ़त देता है। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

हिमाचल में अवैध कब्जों पर हाईकोर्ट का सख्त रुख बरकरार -पेज 3
हाईकोर्ट ने पौधे काटने को नहीं, अवैध कब्जा हटाने को कहा: शांता -पेज 4
नप बिलासपुर का 23.63 करोड़ का वार्षिक बजट पारित -पेज 6
सांसद निधि से स्वीकृत समस्त कार्यों को दिसंबर तक करें पूरा -पेज 10
श्रीखंड यात्रा में गंदगी को लेकर श्रद्धालुओं ने उठाए सवाल -पेज 11

हिमाचल प्रदेश में अब एआई संभालेगी यातायात प्रबंधन !

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश अब एक नए युग में कदम रखने जा रहा है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से नियंत्रित यातायात प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक स्मार्ट पार्किंग सुविधाओं का सूत्रपात होगा। सिक्किम के बाद हिमाचल यह प्रणाली शुरू करने वाला देश का दूसरा राज्य बनकर एक मिसाल कायम करेगा। यह पहल प्रदेश में यातायात को सुगम बनाने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने, प्रदूषण कम करने और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें चार विधायक और संबंधित अधिकारी शामिल हैं, वर्तमान में इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अध्ययन के लिए दक्षिण कोरिया के दौरे पर हैं।

ऐसा करने वाला सिक्किम के बाद दूसरा राज्य बनेगा हिमाचल

सियोल में दल ने परियोजना के तकनीकी पहलुओं, वित्त पोषण, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और नीतिगत मार्गदर्शन पर दक्षिण कोरिया सिटी नेट के सीईओ के साथ गहन विचार-विमर्श किया। संभावना है कि जल्द ही इस संबंध में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो इस परियोजना को धरातल पर उतारने का मार्ग प्रशस्त करेगा। विक्रमादित्य सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि पहाड़ी राज्य हिमाचल के लिए एआई नियंत्रित यातायात प्रबंधन प्रणाली और स्मार्ट पार्किंग अत्यंत प्रभावी साबित होगी। एआई सिस्टम हाई-रेजोल्यूशन कैमरों और सेंसर का उपयोग कर सड़कों पर वाहनों की आवाजाही, गति और संख्या की वास्तविक समय में निगरानी करेगा। इससे न केवल यातायात जाम की समस्या का समाधान होगा, बल्कि भूस्खलन, बर्फबारी या अन्य सड़क बाधाओं का भी तुरंत पता चल सकेगा, जिससे तत्काल राहत कार्य शुरू किए जा सकेंगे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया पहुंचा हिमाचल का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल।

सड़क सुरक्षा में होगा अभूतपूर्व सुधार

यातायात प्रबंधन के साथ स्मार्ट पार्किंग सुविधा भी प्रदेश के लिए वरदान साबित होगी। यह प्रणाली सेंसर और कैमरों का उपयोग कर पार्किंग स्थलों की वास्तविक समय में उपलब्धता की जानकारी प्रदान करेगी। पर्यटक और स्थानीय निवासी मोबाइल ऐप या डिजिटल साइनबोर्ड पर खाली पार्किंग स्लॉट की जानकारी देख सकेंगे और उन्हें ऑनलाइन बुक भी कर सकेंगे। साथ ही, ऑनलाइन भुगतान के विकल्प भी उपलब्ध होंगे, जिससे पार्किंग की प्रक्रिया बेहद सरल और सुविधाजनक हो जाएगी। एआई-आधारित यह प्रणाली सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में ड्राइविंग या यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने में भी मदद करेगी, जिससे सड़क सुरक्षा में अभूतपूर्व सुधार होगा।

हिमाचल में अनुबंध व्यवस्था खत्म अब जॉब ट्रेनी की होगी नियुक्ति

सरकार का ग्रुप-ए, बी और सी कैडर भर्ती के लिए नई योजना लाने का निर्णय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने ग्रुप-ए, बी और सी कैडर में अनुबंध व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय लिया है। राज्य में इसके स्थान पर अब 'जॉब ट्रेनी' की नियुक्ति की एक नई योजना शुरू की जाएगी। सरकार का कहना है कि यह कदम एक संरचित, प्रदर्शन-संचालित और पेशेवर कार्यबल तैयार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

राज्य सरकार के अनुसार, पिछले कुछ समय से एक पेशेवर और सुप्रशिक्षित कार्यबल को बढ़ावा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस पर गहन विचार-विमर्श के बाद, सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अब सरकारी विभागों और संस्थानों में 'जॉब ट्रेनी' की नियुक्ति की जाएगी। इस नई योजना के तहत, उम्मीदवारों का चयन खुली प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को एक निश्चित समेकित राशि पर जॉब ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

प्रदेश सरकार की यह योजना बोर्ड, निगम, अनुदान प्राप्त संस्थाओं पर भी लागू होगी, बशर्ते कि ऐसे संगठन के कार्यविधि नियमों के अनुसार अनुमोदन प्राप्त हो। हालांकि, विभागों, बोर्ड, निगमों आदि के साथ अनुदान प्राप्त संस्थाओं को इस योजना के अंतर्गत नियुक्ति करने से पहले प्रशासन विभाग के माध्यम से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा। राज्य सरकार का अनुमोदन सरकारी विभागों में पदों को भरने के समान नहीं होगा। ऐसे स्वायत्त संस्थानों के अंतर्गत नियुक्त जॉब ट्रेनी ऐसे स्वायत्त संस्थान के जॉब ट्रेनी ही रहेंगे।

जॉब ट्रेनी को दिया जाएगा विशिष्ट प्रशिक्षण

जॉब ट्रेनी के कार्यकाल के दौरान उन्हें उनकी भूमिका के अनुरूप विशिष्ट प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। हालांकि किसी भी तरह से कोई भी जॉब ट्रेनी सरकारी कर्मचारी नहीं होगा और केवल इसी योजना के अंतर्गत ही संचालित होगा। नियमित आधार पर सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाला कोई भी लाभ इस योजना के अंतर्गत नियुक्त ट्रेनी को नहीं दिया जाएगा। नियुक्ति आदेश देने से पहले इस आशय की गारंटी/शपथ पत्र प्राप्त किया जाएगा। योजना के अंतर्गत नियुक्त किए जा रहे ट्रेनी को सरकार के वित्त विभाग की ओर से अलग से निर्देश जारी करके निर्धारित समेकित राशि का भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार निर्धारित राशि का उल्लेख योजना के अंतर्गत नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करते समय विज्ञापन में भी किया जाएगा।

नई योजना का उद्देश्य

सरकार के अनुसार, नई योजना का उद्देश्य एक पारदर्शी, योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया को संस्थागत बनाना और एक संरचित और प्रदर्शन संचालित ढांचे के माध्यम से एक पेशेवर, सुप्रशिक्षित कार्यबल के विकास को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत, खुली प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को एक समेकित निश्चित राशि पर ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इस जॉब ट्रेनी कार्यकाल के दौरान उन्हें भूमिका विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाएगा और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जिससे वे सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और अभिविन्यास विकसित कर सकेंगे। इस सुधार उन्मुख ढांचे से नए कर्मियों के बीच अधिक जवाबदेही, प्रेरणा और व्यावसायिकता लाने के साथ प्रशासनिक तंत्र को मजबूत करने और शासन की गुणवत्ता बढ़ाने की उम्मीद है।

धर्मपुर पहुंचा केंद्रीय दल, आपदा से हुए नुकसान का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

बरसात के मौसम में भारी बारिश व भूस्खलन इत्यादि के कारण मंडी जिले में हुए नुकसान का आकलन करने के लिए शनिवार को केंद्रीय दल मंडी पहुंचा। सात सदस्यीय केंद्रीय दल ने धर्मपुर क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। केंद्रीय दल के सदस्यों ने स्याठी गांव, धर्मपुर कॉलेज के पास क्षतिग्रस्त सड़क, कांडापतन में क्षतिग्रस्त पेयजल योजना, क्षतिग्रस्त 33 केवी पावर प्लांट सहित अन्य प्रभावित स्थलों का दौरा किया।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केंद्रीय दल को धर्मपुर क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में अब तक किए गए राहत एवं पुनर्वास कार्यों के बारे में भी अवगत करवाया। स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने ध्वाली किसान भवन में केंद्रीय दल से क्षेत्र में हुए नुकसान पर चर्चा की।

केंद्रीय दल में गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (सीएस एवं पब्लिक, न्यायिक) जी. पार्थसारथी, वित्त मंत्रालय के अधीन व्यय विभाग के उपसचिव (एफसीडी) कंदर्प वी. पटेल, जल शक्ति मंत्रालय के तहत सीडब्लूसी शिमला के निदेशक वसीम अशरफ, ऊर्जा मंत्रालय के तहत सीईए के उपनिदेशक करन सरीन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय शिमला के मुख्य अभियंता एके कुशवाहा, ग्रामीण विकास मंत्रालय से अवर सचिव दीप शेखर सिंघल तथा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के तहत गेहूं विकास निदेशालय में संयुक्त निदेशक डॉ. विक्रांत सिंह शामिल हैं। यह केंद्रीय दल 20 जुलाई को थुनाग, जंजैहली व करसोग इत्यादि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां हुए नुकसान का आकलन करेगा।

आज थुनाग जंजैहली और करसोग का दौरा करेगा दल

आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए केंद्रीय दल के सदस्य।

कोटखाई में कार दुर्घटना में पिता-पुत्री समेत 3 की मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में कोटखाई तहसील के तहत गुम्मा-बाघी सड़क मार्ग पर रावलाक्यार लिंक रोड में बघैडी के पास शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें पिता व पुत्री समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दर्दनाक दुर्घटना शनिवार शाम करीब 5:30 बजे हुई, जब एचपी नंबर 99-0390 वाली एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि बड़ोन गांव के निवासी प्रमोद और कृष्ण लाल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रमोद की बेटी शालू, जो गंभीर रूप से घायल हो गई थी, ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना से बड़ोन गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

छत्तीसगढ़ : कार हादसे में जिंदा जले 4 दोस्त

एजेंसी, कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आतुरगांव में एक कार पुल से जा टकराई, हादसे में 4 दोस्त जिंदा जल गए। स्विफ्ट डिजायर कार में 6 युवक सवार थे, इनमें 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है सभी मूरवेंड से कांकेर की तरफ जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर कार को नियंत्रित नहीं कर सका और कार पुल की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। युवकों के नशे में होने की भी बात सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल की सेहत को मिलेगा रोबोटिक बूस्ट

सीएम ने रोबोटिक सर्जरी शुरू करने, विशेषज्ञ सर्जन भर्ती करने के दिए निर्देश

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई इबारत लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करने और इसके लिए विशेषज्ञ सर्जनों की तुरंत भर्ती के निर्देश दिए हैं। इस क्रांतिकारी कदम से प्रदेश के लोगों को अब सरकारी अस्पतालों में भी दिल्ली के एम्स के समान विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। जल्द ही भर्ती नियमों का प्रस्ताव भी मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। ये विशेषज्ञ न केवल जटिल सर्जरी करेंगे, बल्कि अन्य चिकित्सकों को भी रोबोटिक सर्जरी की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देंगे। इससे राज्य में दक्ष डॉक्टरों की एक पूरी टीम तैयार होगी, जो उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करेगी। यह जानकारी सीएम सुक्खू ने प्रदेश स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

अब चमियाणा में मिलेगा दिल्ली एम्स जैसा इलाज

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि चमियाणा स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर-स्पेशलिटी में मरीजों को अब एम्स दिल्ली जैसी ही सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही, डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में भी जल्द ही रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इतना ही नहीं, चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर और इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में भी रोबोटिक सर्जिकल मशीनें लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

सुक्खू सरकार ने बढ़ाया कर्मचारियों का मानदेय

चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में 100 नए चिकित्सा अधिकारियों और चमियाना में 50 अतिरिक्त नर्सों की भर्ती जल्द होगी। पैरामेडिकल और तकनीकी स्टाफ की भर्ती भी तेजी से चल रही है। सरकार ने ऑपरेशन थियेटर सहायकों, रेडियोग्राफरों और एक्स-रे तकनीकी स्टाफ का मासिक मानदेय 17,820 व 13,100 से बढ़ाकर 25,000 किया है, जो उनके समर्पण का सम्मान है। 23 वर्षों के बाद प्रमुख पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश क्षमता बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है।

ओडिशा में नाबालिग को पेट्रोल से जिंदा जलाने की कोशिश

एजेंसी, भुवनेश्वर

ओडिशा के पुरी में शनिवार को 15 साल की नाबालिग लड़की को तीन लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को गंभीर हालत में एम्स भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पुरी जिले के बायाबर गांव में उस वक्त हुई, जब पीड़ित लड़की अपने दोस्त के घर जा रही थी। तीन हमलावरों ने उसे रास्ते में रोका और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना स्थल बालंगा थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर घटी। तीनों आरोपी फरार हैं, पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

हालत गंभीर थाने से डेढ़ किमी दूर की घटना आरोपी फरार

छात्रा को आग क्यों लगाई, अभी तक इसकी कोई वजह सामने नहीं आई है। इससे पहले, 12 जुलाई को ओडिशा के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा के साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट का मामला सामने आया था। (अनंत ज्ञान)

राज्य में बेखौफ घूम रहे अपराधी : पटनायक

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि इस घटना की मुझे बेहद पीड़ा है। दिनदहाड़े एक बच्ची को जलाने की कोशिश की गई, यह बेहद डरावनी बात है। एक हफ्ते पहले ही एफएम कॉलेज की छात्रा ने न्याय न मिलने पर खुद को आग लगा ली थी। एक महीना पहले गोपालपुर में भी एक भयानक घटना हुई थी। राज्य में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। क्या अब सरकार जागेगी? क्या अपराधियों को जल्द पकड़ा जाएगा? और क्या आगे ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएंगे? ओडिशा की बेटियां इसका जवाब चाहती हैं।'

गुड न्यूज इस साल 26 करोड़ किलोग्राम का हुआ निर्यात, 2.85 % की वृद्धि

दुनिया खूब ले रही भारतीय चाय की चुस्की

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के चाय निर्यात में वृद्धि दर्ज हुई है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत से चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.85 प्रतिशत बढ़ा। देश का चाय निर्यात 250.73 मिलियन किलोग्राम से बढ़कर 257.88 मिलियन किलोग्राम (लगभग 26 करोड़ किलोग्राम) हो गया है।

उत्तर भारत से ही निर्यात में हुई 8.15 प्रतिशत की वृद्धि

वित्त वर्ष 2025 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 161.20 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गई। यह वित्त वर्ष 2024 के 149.05 मिलियन किलोग्राम से 8.15 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वहीं, दक्षिण भारत से निर्यात 2025 में 4.92 प्रतिशत घटकर 96.68 मिलियन किलोग्राम रह गया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में 101.68 मिलियन किलोग्राम था।

अगर प्रति किलोग्राम चाय निर्यात के मूल्य की बात करें तो यह बढ़कर 290.97 रुपए हो गया। यह वित्त वर्ष 2024 के 258.30 रुपए से 12.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

लगातार बढ़ रहा निर्यात

कैलेंडर वर्ष जनवरी से दिसंबर, 2024 के दौरान चाय निर्यात की मात्रा 256.17 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गई। यह जनवरी से दिसंबर 2023 की पिछली अवधि से 10.57 प्रतिशत की वृद्धि है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 155.49 मिलियन किलोग्राम रहा। वहीं, दक्षिण भारत से यह 11.02 प्रतिशत के साथ 100.68 मिलियन किलोग्राम रहा।

न्यूज ब्रीफ

25 अगस्त तक बंद रहेगी अणू-बड़ू सड़क

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला मुख्यालय की निकटवर्ती अणू-बड़ू सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 25 अगस्त तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए अणु-बड़ू सड़क पर वाहनों की आवाजाही 25 अगस्त तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक दोसड़का से होकर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर के साक्षात्कार 26 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 26 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

कबड्डी पुरुष वर्ग में पीजी डिपार्टमेंट की टीम बनी विजेता

अनंत ज्ञान, नादौन। राजकीय महाविद्यालय नादौन में खेल विभाग द्वारा टैलेंट हंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक रविंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। इस टैलेंट हंट प्रोग्राम में अंतर विभागीय कबड्डी और बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पुरुष व महिला वर्ग की टीमों में खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक खेल विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो. विशाल ठाकुर रहे। कबड्डी पुरुष वर्ग में पीजी डिपार्टमेंट की टीम विजेता रही व बीए की टीम रनर अप रही, वहीं महिला वर्ग में बीए की टीम प्रथम रही और बीसीए की टीम द्वितीय रही। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बीए की टीम प्रथम व बीसीए की टीम द्वितीय रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. कल्पना चड्डा, प्रो. नीतिका, प्रो. राजेश चौधरी, प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, प्रो. यशपाल चोपड़ा, प्रो. अनित शर्मा, प्रो. रितिका, प्रो. नवीन, प्रो. रजनी, प्रो. परविंदर, प्रो. राजेश, कार्यालय अधीक्षक दत्ता सिंह, गुलशन सैनी व रवि शंकर मौजूद रहे।

बिझड़ी के छात्र ने रैसलिंग में किया टॉप

अनंत ज्ञान, बड़सर। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी के छात्र गौरव का चयन रैसलिंग में एक्सीलेंस सेंटर साईं हमीरपुर के लिए हुआ है। इस मौके पर विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा गौरव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें बधाई दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, एसएमसी अध्यक्ष राजीव शर्मा, अधीक्षक कमल शर्मा, डीपी जैमल सिंह आदि उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में छात्रवृत्ति ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने किया। अपने वक्तव्य में प्राचार्य ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाओं का बढ़-चढ़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के छात्रवृत्ति कमेटी के समन्वयक डॉ. राजीव भंडारी ने छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार छात्रवृत्ति योजना में पंजीकरण के लिए जागरूक किया। इसके उपरांत महाविद्यालय के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी प्रो. अरविंद ने छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल, डॉ. सुमन शर्मा, डॉ. प्रमोज शर्मा, डॉ. सपना राणा, प्रो. राजेश खरवाल, प्रो. मितुल व प्रो. साहिल मौजूद रहे।

एबीवीपी कल से शुरू करेगी आंदोलन : भवानी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। आखिर भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक पालमपुर में संपन्न हुई। एबीवीपी की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री गौरव, प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंत्री नैंसी अटल और संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर सहित सभी जिलों के छात्र नेताओं ने भाग लिया। बैठक में पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी आंदोलनों की रणनीति तय की गई। बैठक में निर्णयों के अनुसार 21 जुलाई को इकाई स्तर पर ज्ञापन दिए जाएंगे। 23-24 जुलाई हस्ताक्षर अभियान व पर्चा वितरण किया जाएगा। 28 जुलाई इकाई स्तर पर धरना किया जाएगा। 30-31 जुलाई सांकेतिक भूख हड़ताल की जाएगी और 2 अगस्त डीसी और एसडीएम को जिला स्तरीय ज्ञापन दिया जाएगा।

प्रदेश स्तरीय प्रमुख मांगें : छात्र संघ चुनाव बहाल हों, लोकतांत्रिक अधिकार की बहाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शीघ्र लागू हो। शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक द्वेष से तालाबंदी बंद हो। संस्थानों की आधारभूत संरचना और मूल्यांकन प्रणाली सुदृढ़ हो। नशा व खनन माफिया पर कठोर कार्रवाई कर कानून व्यवस्था सुधारी जाए। विभागों में रिक्त पद शीघ्र भरे जाएं। आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले।

हमीरपुर जिला स्तरीय मांगें : सभी कॉलेजों में लैब, लाइब्रेरी, इंटरनेट, पेयजल, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। जिला के सभी कॉलेजों रिक्त प्राध्यापक पद भरें जाएं कॉलेज परिसरों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए, पक्षपाती शिक्षकों पर कार्रवाई हो। कम छात्र संख्या वाले कॉलेजों जैसे धनेटा संधोल में भी एनसीसी और एनएसएस की सुविधा मिले। सभी कॉलेजों में बस पास काउंटर और पर्याप्त परिवहन सुविधा सुनिश्चित की जाए।

कूड़ा फेंकने वालों पर रहेगी पैनी नजर

नगर परिषद नादौन ने शहर में पहले चरण में लगाए 8 सीसीटीवी कैमरे

शशि सोनल, अनंत ज्ञान

खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर नजर रखने के लिए इंद्रपाल चौक पर सीसीटीवी लगाए गए।

नादौन। नगर परिषद नादौन ने शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने शुरू कर दिए हैं। ये कैमरे खुले में कूड़ा-कचरा फेंकने वालों पर नजर रखेंगे, जिससे शहर को और स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। इसको लेकर खुले में कूड़ा-कचरा फेंकने वालों की परेशानी बढ़ गई है। हिमाचल प्रदेश में स्वच्छता को लेकर किए गए सर्वे में नगर परिषद प्रदेश भर में दूसरे स्थान पर आ गया है, जो बड़ी उपलब्धि है।

प्रदेश भर में दूसरा स्थान खिताब पाने के बाद नगर परिषद ने चोरी छिपे खुले में कूड़ा-कचरा फेंकने वालों पर पैनी नजर रखने व ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मन बना लिया है, ताकि शहर और भी स्वच्छ दिखे। इसके लिए नगर परिषद नादौन ने नादौन शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने शुरू कर दिए हैं। पहले चरण में आठ कैमरे लगाए गए हैं। उसके बाद जहां भी आवश्यकता होगी, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों की रेंज विजीबिल्टी 50 मीटर तक होगी। नगर परिषद नादौन ने मेन बस स्टैंड पर दो कैमरे, इंद्रपाल चौक पर दो कैमरे, सार्वजनिक शौचालयों के पास भी कैमरे लगाए हैं। इसके अलावा शहर में भी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

नगर परिषद नादौन को स्वच्छता के मामले में दूसरे पायदान पर पहुंचने से गद्गद नगर परिषद नादौन स्वच्छता के मामले में कोई समझौता नहीं करना चाहती है।

नगर परिषद नादौन ने सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा-कचरा इकत्रित करना काफी समय पहले शुरू कर दिया है, जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इससे जहां लोगों को सुविधा हो रही है, वहीं शहर को स्वच्छ बनाने में भी मदद मिल रही है। शहर के क्विंटलों कूड़े कचरे की डिस्पोजल के लिए नगर परिषद ने नादौन शहर के वाघ नाला के पास मान खड्ड के किनारे कूड़े कचरे के लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया है। नगर परिषद नादौन को स्वच्छता के मामले में प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर आंका है, जो शहर वासियों के लिए खुशी की बात है।

इसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नादौन के शहर वासियों का धन्यवाद किया है।

सुरक्षा की दृष्टि से भी होंगे महत्वपूर्ण

नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी एवं कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने बताया कि नादौन शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। प्रथम चरण में 8 कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का मुख्य उदेश्य शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए खुले में कूड़ा-कचरा फेंकने वालों पर नजर रखना है। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से भी ये कैमरे काफी मद्दगार सिद्द होंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी जरूरी होगा, सीसीटीवी कैमरे चरणबद्ध तरीके से लगाए जाएंगे।

परेशानी : पपलोहल हजारू को जाने वाली सड़क एक सप्ताह से अवरुद्ध

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

रसूखदार ने जेसीबी को काम करने से रोक दिया।

बड़सर। बड़सर उपमंडल की पपलोहल से पपलोहल हजारू संपर्क सड़क लगभग एक सप्ताह से अवरुद्ध पड़ी है, जिसके चलते ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गौर हो कि एक सप्ताह पूर्व भारी बरसात के चलते सड़क पर मलबा आ गया था, जिसे हटाने के लिए जेसीबी भेजी गई थी परंतु वापस कर दी गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक रसूखदार व्यक्ति ने सड़क पर जेबीसी लगाने से रोक दी है। अब सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है तथा ग्रामीणों को अपने घरों तक तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है। यह संपर्क मार्ग 2007 में बना था जो कि 2020 में पीडब्ल्यूडी के अंडर आ गया था। यह मार्ग लगभग मुख्य सड़क से 2 किलोमीटर लंबा है तथा पपलोहल हजारू के बासी पैदल ही घर पहुंच रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसे अस्पताल पहुंचाना बड़ा ही कठिन कार्य हो जाता है। यदि किसी के साथ कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो ऐसे में कौन जिम्मेदार होगा। इसी सड़क मार्ग पर वन विभाग का एक प्रोजेक्ट तथा श्मशानघाट भी पड़ता है, जिससे यहां पहुंचने में परेशानी हो रही है।

> विभाग ने इस सड़क मार्ग को खुलवाने के लिए जेसीबी भेजी थी परंतु किसी व्यक्ति ने भूमि अपनी कहकर वहां से वापस कर दी। क्या कारण रहा, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। सोमवार को साइट की स्वयं विजिट कर कुछ कह सकते हैं।
> **-सुरेश कौंडल, एसडीओ पीडब्ल्यूडी**

ग्रामीणों ने कहा कि विभाग ने सड़क खुलवाने के लिए जेसीबी भेजी थी परंतु एक रसूखदार व्यक्ति ने जेसीबी को वहां से या कहकर भिजवा दिया कि यह उसकी निजी भूमि है। दूसरी तरफ पपलोहल हजारू लोगों का कहना है कि यह सारी भूमि सरकारी है, बिना बजह एक व्यक्ति तंग कर रहा है।

राहत कोष बना चहेतों के लिए इनाम योजना : राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश में जनहित और विकास कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है और एक-एक करके सारे उदाहरण जनता के सामने आ रहे हैं। राणा ने दावा किया कि हमीरपुर जिले की पलासी मेड भगेटू सड़क में हुए निर्माण कार्यों में घोर अनियमितताएं सामने आई हैं, जहां करोड़ों रुपए की लागत से बनी सेफ्टी वाल्स में सीमेंट की जगह मिट्टी भर दी गई। राणा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों और मंत्रियों की जानकारी के बिना इतनी बड़ी गड़बड़ी होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में डूब चुका है और सरकार का संरक्षण इस लूट को बढ़ावा दे रहा है। मुख्यमंत्री राहत कोष में जनता, उद्योगपति और सामाजिक संगठन दिल खोलकर योगदान दे रहे हैं, लेकिन यह राहत राशि असली पीड़ितों तक नहीं पहुंचाई जा रही, बल्कि चहेतों के लिए इनामी योजना बन गई है।

'आप' ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर सरकारों से की विशेष राहत पैकेज की मांग

'आप' की टीम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

देवभूमि में बीते दिनों भारी बारिश से भयंकर नुकसान हुआ है, जिसमें हमारे अपनों को जान-माल की हानि हुई है। आप हिमाचल प्राकृतिक आपदा राहत टीम ने आज प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। आम आदमी पार्टी द्वारा गठित टीम ने प्रभावितों को हरसंभव मदद करने का प्रयास किया।

आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार और राज्य सरकार से प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र को जल्द से जल्द पुनः बसाने के लिए 1 हजार करोड़ के विशेष राहत पैकेज की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि विशेष राहत पैकेज से स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं का जो भी नुकसान हुआ है, उसको अतिशीघ्र सही करने के लिए सरकार कदम उठाए ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो और लोगों की बीमारी का भी इलाज अतिशीघ्र करने की कोशिश को पूरा किया जाए। इस दुख की घड़ी में आम आदमी पार्टी पीड़ित लोगों के साथ खड़ी है। आप टीम राशन वितरण और जरूरतमंद वस्तुएं प्रभावित लोगों की मदद की।

प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों को मिल रहे उच्चतम दाम : बिट्टू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सीएम के राजनीतिक सलाहकार ने बल्ह बुलाणा में लोगों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर रही है और खेती की इस विधि से तैयार फसलों के लिए अलग से समर्थन मूल्य घोषित करके हिमाचल प्रदेश ने पूरे देश में एक मिसाल कायम की है।

शनिवार को हमीरपुर के निकटवर्ती गांव बल्ह बुलाणा में कृषि विभाग की आतमा परियोजना के तहत आयोजित एक जागरूकता शिविर की अध्यक्षता करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के लिए 40 रुपए, गेहूं के लिए 60 रुपए और हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम दाम तय करके प्रदेश के किसानों को बहुत बड़ी सौगात दी है। इस योजना का लाभ उठाकर प्रदेश के किसान अपनी आय में कई गुणा वृद्धि कर सकते हैं। सभी किसानों को इसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए तथा प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए।

बोले- प्रदेश सरकार ने मक्की 40, गेहूं 60 और हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलो किए निर्धारित

उन्होंने कहा कि इस विधि से तैयार फसलों से जहां किसानों की आय बढ़ेगी, वहीं उपभोक्ताओं को सुरक्षित अन्न मिलेगा।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और इनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया और अन्य जनसमस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव में पानी के टैंक का निर्माण किया जाएगा तथा सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। सड़क की समस्या के समाधान के लिए भी त्वरित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने प्राकृतिक खेती से जुड़ने के इच्छुक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण प्रपत्र भी प्रदान किए। इससे पहले आतमा परियोजना के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा, उपपरियोजना निदेशक डॉ. राकेश धीमान और डॉ. राजेश शर्मा ने मुख्यातथि का स्वागत किया तथा जिला में आतमा परियोजना के माध्यम से आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, बीडीसी उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, पंचायत जनप्रतिनिधि, कांग्रेस के पदाधिकारी, महिला मंडल प्रधान प्रवीण कुमारी और गणमान्य भी उपस्थित थे।

आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री देकर स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन हमीरपुर ने दिखाई मानवता

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन जिला हमीरपुर के सदस्य राहत बांटते हुए।

जिला मंडी के सराज क्षेत्र में हाल ही में बादल फटने से आई प्राकृतिक आपदा में भारी तबाही हुई है। इस आपदा के कारण कई परिवार बेघर हो गए हैं और कुछ लोग गोशालाओं में शरण लेने को मजबूर हैं। गांवों में मकानों, खेतों और गोशालाओं को गंभीर नुकसान हुआ है, जिससे स्थानीय लोग जीवन-यापन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इस विपत्ति की घड़ी में हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन जिला हमीरपुर ने मानवता का परिचय देते हुए सराज की दूर-दराज की पंचायतों का दौरा किया और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई। इस सेवा कार्य में संगठन के पदाधिकारियों ने स्थानीय पंचायत सदस्यों के सहयोग से प्रभावित लोगों को न केवल 51,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की, बल्कि आवश्यक खाद्य सामग्री, कपड़े व अन्य उपयोगी वस्तुएं भी वितरित कीं। इस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से पूर्व राज्य महासचिव संजीव ठाकुर, जिला हमीरपुर अध्यक्ष गौतम सिंह राणा तथा महासचिव डॉ. सुरेश कुमार की सहभागिता रही।

इन लोगों को प्रदान की सहायता : रूप प्रकाश और प्रेम सिंह (थुनाग से) जिनका घर पानी में बह गया। बलवंत सिंह, शाली ग्राम, चमन लाल, भैरवा देवी और मान सिंह (गांव जूड, ग्राम पंचायत झुंडी से) जिनके मकान, गोशालाएं और खेत मलबे से भर गए और बड़े-बड़े पत्थरों ने भारी तबाही मचाई। उत्तम सिंह (नेरी से) और कुंदन लाल (लांबाथाच से) जिनका मकान पहाड़ी से गिरकर नाले में बह गया और एक की बहू की टांग टूट गई। टीम ने पंचायत के सदस्यों के साथ मिलकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथासंभव सहायता की।

स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन हमीरपुर भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंदों की मदद हेतु तत्पर रहेगी।

रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसो. के सदस्य एक दिन की पेंशन राहत कोष में देंगे

अनंत ज्ञान, नादौन। रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। इसमें मंडी जिले में बारिश के कारण आई आपदा में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पेंशनर्स बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में एक दिन की पेंशन देंगे। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास ने की।

बैठक में चीफ पेटर्न पीडी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी, महासचिव प्रकाश ठाकुर के अलावा मनोहर लाल शर्मा, यशपाल, विशंबर लाल शर्मा, मदन लाल चौधरी, सुदर्शना मिन्हास, देश राज, सुभाष बस्सी, ओम प्रकाश आनंद आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि यदि कोई पेंशनर्स अपनी ओर से बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए सहयोग करना चाहता है तो वह मुख्यमंत्री राहत कोष में पैसे जमा करवा सकता है।

रिएप्लॉयड एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसो. ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बांटी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। रिएप्लॉयड एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन (रीवा) ने मंडी जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री आवंटित की तथा उन्हें इस मुश्किल घड़ी में अपनेपन का एहसास कराया। एसोसिएशन ने पीड़ित परिवारों को यह भरोसा दिलाया कि रीवा उनके इन दुखों को दूर करने का प्रयास जारी रखेगी तथा जब कभी भी उन्हें मदद की आवश्यकता हो, रीवा उनकी सेवा में हाजिर रहेगी। रीवा की तरफ से जनरल सेक्रेटरी जगदीश कुमार, मंडी प्रेजिडेंट भागमाल तथा अमित और पवन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया गया।

बड़सर के दो यूट्यूबर भाइयों ने मंडी आपदा प्रभावित लोगों को आर्थिक मदद भेजी

अनंत ज्ञान, बड़सर। बड़सर उपमंडल गांव वढनी के दो यूट्यूबर भाइयों हमीरपुरी मुंडा चंचल शर्मा और हमीरपुरी आर्टिस्ट दिव्यांग आदर्श शर्मा बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आए हैं। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आम जनता युवा मंडल व महिला मंडल और आर्य समाज संस्था मैहरे स्वयं सेवक संघ से जुड़ी हुई जनता ने आवश्यक राहत सामग्री मंडी सराज के पीड़ितों के लिए इन बच्चोंके माध्यम से भेजी। हिमाचल की जनता इन बच्चों के कार्य की भी सरहाना कर रही है।

महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाकर यूट्यूब से हुई कमाई से आपदा पीड़ितों को भेजी सामग्री

संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी। सदी की सबसे भीषण त्रासदी को झेल रहे हिमाचल के मंडी जिला की सराज घाटी के लोगों के लिए कोई गुल्लक तोड़ मदद कर रहा है तो कोई अपने नए सिले कपड़े भेज पीड़ितों का सहारा बन रहा है। इसी तरह हमीरपुर जिला के बमसन विकास खंड के बारी गांव की एक यूट्यूब कीर्तन मंडली ने भजन कीर्तन गाकर यूट्यूब से हुई कमाई से आपदा राहत सामग्री खरीद पीड़ितों को भेजी है। संतोष राठौर कीर्तन मंडली की सदस्यों संतोष राठौर, शीला देवी, अंजना कुमारी, मीरा देवी, कांता देवी, विद्या देवी के अलावा बंसला देवी, राजो देवी, शशि कुमारी, वनिता इत्यादि ने सराज पीड़ितों की मदद के लिए उपयोगी सामग्री भिजवाई है। संतोष राठौर का कहना है कि मानवता और इंसानियत के नाते आज सराज की महिलाओं, बच्चों और युवाओं को मदद की सख्त जरूरत है। अंजना कुमारी ने कहा कि हमने बिल्कुल नया सामान सराज के लोगों के लिए भिजवाया है। उन्होंने लोगों से दिल खोल कर लोगों की मदद करने की अपील भी की है।

बाईपास रोड के पास लगाए जाने वाले मेले का व्यापार मंडल ने किया विरोध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

मेले को बंद करने को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल हमीरपुर में बाइपास रोड के पास एक रिसॉर्ट में लगाए जाने वाले व्यापारिक मेले का विरोध किया है। मंडल ने स्थानीय प्रशासन को इसके लिए ज्ञापन दिया है और कहा है कि मेला किसी भी सूरत में शुरू नहीं होना चाहिए। इससे नगर के व्यापारियों का व्यवसाय काफी प्रभावित होगा। यह मेला बिना किसी स्पष्ट अनुमति और व्यवस्था के लगाया गया है, जिससे स्थानीय बाजार पर विपरीत असर पड़ता है और नगर की यातायात व्यवस्था भी अव्यवस्थित होगी।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने बताया कि मेले में लगे अस्थायी दुकानदार बाहरी क्षेत्रों से आकर अस्थायी रूप से व्यापार कर रहे है। घटिया किस्म का सामान बेचा जा रहा है, न कोई बिल दिया जा रहा है और जिसमें जीएसटी नियमावली के तहत कार्य नहीं होता है। इसमें रेवेन्यू के चोरी का भी पूरा डर बना रहता है। केवल मात्र एक जीएसटी नंबर पर या कंपोजिशन स्कीम में एक ही नंबर पर अलग-अलग दुकानों को चलाया जाता है, जो कि सही नहीं है।

व्यापार मंडल ने ज्ञापन की एक प्रति एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग को भी दी है। इसकी पूरी जांच करें, ताकि इस अवस्था को सुधारा जा सके, साथ ही, साफ-सफाई, पानी वॉशरूम व सुरक्षा व्यवस्था का भी अभाव है, जो लोग बाहर से वहां पर कार्य कर रहे हैं। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि उनका पंजीकरण नहीं है। इस तरह के मेलों में नशीले पदार्थ की भी बिक्री होती है, जिससे जनहित को भी नुकसान पहुंच रहा है, लिहाजा मेले को बगैर किसी देरी के बंद किया जाए।

मामला रोजगार मेले के रद्द होने के बाद अब आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर जारी

सत्ताधारी महत्वाकांक्षी पाले नेता ने रुकवाया रोजगार मेला : युकां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भोरंज युवा कांग्रेस सदस्य।

भोरंज क्षेत्र में रोजगार मेले के रद्द होने के बाद अब आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो चुका है। शनिवार को भोरंज युवा कांग्रेस के निर्वाचित उपाध्यक्ष जगदेव चंद ने प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि पिछले रोज एसडीएम को दिए गए युवा कांग्रेस के ज्ञापन का विरोध वेवजह है। जिन लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया, वे बेवजह की चाटुकारिता वाली राजनीति कर रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस के द्वारा युवाओं ने राजीव राणा के पक्ष में खुलकर आने का भी माहौल बनाया। उनका कहना था कि रोजगार मेले का आयोजन होता तो बहुत सारे युवाओं को क्षेत्र से रोजगार मिलता, लेकिन सत्ता में बैठे कुछ नेता बेवजह ही इसका विरोध कर रहे हैं, जिस कारण इस मेले को रद्द करवाने में उनकी भूमिका बहुत रही है।

काबिले गौर है कि यह मेला 18 जुलाई को आयोजित होना था, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से रद्द कर दिया गया और तब इसके आयोजक राजीव राणा ने भी आरोप लगाया था कि सत्ता के लालची एक नेता ने जबरन इसे रद्द करवाने की भूमिका अदा की है। अब शनिवार को युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रेस कांफ्रेंस करके राजीव का साथ देने का बीड़ा उठाया और कहा कि वे रोजगार मेले को करवाने के हिमायती हैं। उन्होंने इसकी शिकायत प्रदेश और केंद्रीय हाई कमान को भी की है, जिसमें इस तरह के बनाए गए माहौल का डिटेल में विवरण दिया गया है। कॉन्फ्रेंस में युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विनोद रांगड़ा और सदस्य प्रिंस कितना सहित कई अन्य भी मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टिट्यूट, काला अंब द्वारा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा था, को एक सत्ताधारी महत्वाकांक्षी नेता द्वारा अपने राजनीतिक हितों व व्यक्तिगत ईर्ष्या के चलते रुकवा दिया गया। इस रोजगार मेले का उद्देश्य भोरंज व आसपास के सैकड़ों बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनियों में रोजगार दिलवाना था। इस आयोजन में केकेसी के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित थे, जो वर्षों से कांग्रेस की नीतियों के प्रति समर्पित रहते हुए युवाओं, श्रमिकों और सामान्य वर्ग की आवाज बनकर उभरे हैं।

चिंताजनक तथ्य यह है कि कुछ ठेकेदार, जिन्होंने पूर्व में विभिन्न सरकारी कार्यों में अनियमितताएं या घोटाले किए हैं, वे अपने-अपने स्कैम और भ्रष्ट कार्यों को छुपाने के लिए इस प्रभावशाली नेता की जी-हजूरी और चाटुकारिता में लगे हैं। यही लोग आज राजीव राणा और कामगार कर्मचारी कांग्रेस के खिलाफ आधारहीन और भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं, ताकि उनकी लोकप्रियता और संगठन की ईमानदार छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके।

यह घटनाक्रम न केवल एक ईमानदार और लोकप्रिय नेता के मान-सम्मान पर हमला है, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी की घोषित रो

न्यूज ब्रीफ

भोटा में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

अनंत ज्ञान, भोटा। नगर पंचायत भोटा में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई है। मृतक का नाम जय किशन उम्र 56 वर्ष निवासी गांव बटूरड़ा बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय किशन भोटा में लंबे अरसे से ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात था। शनिवार सुबह वह रोजाना की तरह भोटा में ट्रैफिक ड्यूटी कर रहा था। दिन के लगभग 11 बजे उसने ड्यूटी के दौरान ही कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहरीला पदार्थ निगलने की सूचना उसने अपने बेटे को फोन पर दे दी। कुछ देर बाद उसका बेटा भोटा पहुंच और अपने पिता को 108 एंबुलेंस में उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। इस बात की पुष्टि पुलिस सहायता कक्ष भोटा की प्रभारी निर्मला ठाकुर ने की है। होमगार्ड ऐसा क्यों किया इसका कोई पता फिलहाल नहीं चल पाया है।

सुल्तानपुर में हवा भरते समय फटा टायर, व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, चंबा। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। सुल्तानपुर के समीप परेल इलाके में टायर फटने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह टायर में हवा भर रहा था। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास का इलाका कांप उठा। घायल युवक को तुरंत चंबा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 34 वर्षीय राकेश कुमार, पुत्र प्रकाश चंद, निवासी गांव छमैरी (चमीनू) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राकेश एक बड़े वाहन के टायर में हवा भर रहा था कि अचानक टायर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद को दौड़े और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से राकेश को आनन-फानन में चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और टायर फटने के कारणों की गहनता से पड़ताल की जा रही है। इस दुखद घटना से पूरे चंबा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

एसडीएम ने पोलिंग बूथों के फिजिकल वेरिफिकेशन करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के 154 मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन के लिए निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को रामपुर विधान सभा क्षेत्र के नोडल ऑफिसर व सेक्टर ऑफिसर के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने बताया कि 66 रामपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों का फिजिकल वेरिफिकेशन करने के लिए दो नोडल ऑफिसर व 16 सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। उन्हें 21 जुलाई से 5 अगस्त 2025 तक रामपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी 154 पोलिंग बूथ का फिजिकल वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए गए हैं।

रॉयल्टी मिलने से होगी 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय : पठानिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से एक महत्वपूर्ण कानूनी सफलता मिली है। यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना से रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। इस फैसले के तहत अब जेएसडब्ल्यू एनर्जी कंपनी को 1045 मेगावॉट क्षमता वाली इस परियोजना से राज्य को 12 प्रतिशत के बजाय 18 प्रतिशत रॉयल्टी देनी होगी। कड़छम-वांगतू पर इस निर्णय से प्रदेश सरकार को लगभग 150 करोड़ रुपए की वार्षिक अतिरिक्त आय होगी। इसके अतिरिक्त बारह वर्ष पूर्ण कर चुकी अन्य परियोजनाओं के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मील का पत्थर बनेगा और राज्य सरकार को उम्मीद है कि इस फैसले से खजाने में प्रति वर्ष 250 करोड़ से अधिक की आय आएगी। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को व्यक्तिगत प्राथमिकता पर लिया और प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर राज्य के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ प्रयास किए।

हिमाचल प्रदेश में अवैध कब्जों पर हाईकोर्ट का सख्त रुख बरकरार

जंगलात भूमि बचाने को सेब के पेड़ धराशायी, पर्यावरण संतुलन की दिशा में बड़ा कदम

सत्यदेव भारद्वाज अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ हाईकोर्ट का ऐतिहासिक सख्त रुख बरकरार है। दशकों से जंगलात भूमि पर फल रहे सेब के पेड़ों को अब कोर्ट के आदेशों के तहत हटाया जा रहा है। यह निर्णय राज्य में लगातार बिगड़ते पर्यावरण संतुलन और वन संपदा के विनाश को रोकने की दिशा में एक बड़ा और कड़ा कदम माना जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा, और इस फैसले से उन हजारों एकड़ वन भूमि को बचाने की उम्मीद जगी है, जिस पर दशकों से अतिक्रमण है।



अतिक्रमणकारियों को नहीं मिल रही कोई राहत, सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने को हुई विवश

पिछले सात दिनों से चल रही पेड़ों की कटाई में, हालांकि कई अतिक्रमणकारी बागवानों के लिए दर्दनाक है, लेकिन इसे जंगलात भूमि को मुक्त कराने की दिशा में एक आवश्यक कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। हाईकोर्ट की पीठ अपने कडे निर्देशों पर पूरी दृढ़ता से कायम है और वह सुनिश्चित कर रही है कि अवैध कब्जों को हर हाल में हटाया जाए। यह फैसला हिमाचल के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिए एक कड़ा संदेश है। अदालत का मानना है कि इन कब्जों से न केवल सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा था, बल्कि अनियंत्रित वृक्षारोपण और मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था, जिससे भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ रहा था।

अतिक्रमणकारी बागवानों और सरकार की ओर से दलीलें पेश की गईं, लेकिन हाईकोर्ट ने अपने पूर्व के आदेशों पर कोई रियायत नहीं दी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया है कि कानून का पालन अनिवार्य है और वन भूमि पर किसी भी तरह का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी कारण, हिमाचल सरकार को अब इस संवेदनशील मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में अब क्या रुख अपनाता है।

सेब कटान मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार : जगत सिंह नेगी

राजस्व एवं वन मंत्री जगत सिंह नेगी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हाईकोर्ट ने वन भूमि पर अवैध कब्जा कर लगाए गए सेब के पेड़ों को काटने के निर्देश दिए थे और वन विभाग उन्हीं आदेशों का पालन कर रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि सरकार ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रखा था, लेकिन सुनवाई नहीं हो पाई। नेगी ने हालांकि, इस बात पर जोर दिया कि सरकार चाहती है कि इन पेड़ों को न काटा जाए, खासकर इस बरसात के मौसम में, क्योंकि इससे बड़े नुकसान की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ पेड़ 40 साल से भी अधिक पुराने हैं और इनके कटने से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है, साथ ही कटे हुए पेड़ों के कारण पानी का जमाव भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले को लेकर सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और वहां अपना पक्ष रखेगी कि इन पेड़ों के कटने से क्या-क्या नुकसान हो रहे हैं। नेगी ने सरकारी भूमि की कमी और वन भूमि एक्ट-1980 की सख्ती पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि केंद्र से इस एक्ट में संशोधन की मांग की गई है, ताकि आपदा प्रभावितों को बसाने जैसी स्थितियों में वन भूमि का उपयोग किया जा सके।

बिरोजे के 132 टीन की तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, गगरेट

प्रदेश से बड़े पैमाने पर बहुमूल्य वन संपदा की हो रही तस्करी का गगरेट पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। हैरत की बात यह है कि जिला ऊना से ही वन संपदा की तस्करी पंजाब को नहीं हो रही है, बल्कि प्रदेश के भीतरी हिस्सों से भी बहुमूल्य वन संपदा की चोरी कर इसकी तस्करी पंजाब को की जा रही है। गगरेट पुलिस ने बिना वैध कागजात ले जाए जा रहे बिरोजा के 132 टीन के साथ एक गाड़ी को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बिना वैध कागजात के कर रहे थे तस्करी

शनिवार को सब इंस्पेक्टर रमेश चंद की अगुवाई में पुलिस की एक टीम इलाका की गश्त पर थी कि कलोह बेली के पास पुलिस को तिरपाल से ढकी हुई एक जीप आती दिखाई दी। शक के आधार पर जीप को रोक कर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसमें 29 टीन बिरोजा के पाए गए। जीप चालक मंडी जिला की सरकाघाट तहसील के नंबरोट गांव के निवासी 31 वर्षीय सोनू से जब पुलिस ने गहनता से पूछताछ की तो उसने बताया कि रास्ते में 103 टीन बिरोजा वह अमित उर्फ लक्की को बेच कर आया है। पुलिस ने बिना समय गंवाए सोनू की निशानदेही पर जब मुबारकपुर के समीप दबिश दी तो अमित के कब्जे से 103 टीन बिरोजा बरामद कर लिए।

बताया जा रहा है कि लक्की पर वन अधिनियम व वन संपदा की चोरी के इससे पहले भी कई केस दर्ज हैं। हैरत की बात यह है कि सरकाघाट से पंजाब की सीमा तक बिना वैध कागजात बिरोजा लेकर जीप आसानी से पहुंच गई, लेकिन रास्ते में वन व पुलिस विभाग की नजर इस पर न पड़ी। अगर समय रहते गगरेट पुलिस ने मुस्तैदी न दिखाई होती तो बिरोजा तस्करी का यह मामला उजागर ही नहीं होता। गगरेट पुलिस ने सोनू व अमित को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें बाद में नोटिस देकर जमानत पर रिहा कर दिया गया। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हिमाचल पीडब्ल्यूडी में बड़ा फेरबदल, 13 अधिशाषी अभियंताओं के किए तबादले

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने लोक निर्माण विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 13 अधिशाषी अभियंताओं का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

इन आदेशों के अनुसार, राजेश कुमार कटोच को नूरपुर से बदलकर हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के चंबा डिविजन में नियुक्त किया गया है। इसी तरह इंजीनियर विनोद कुमार गुप्ता, जो पहले चीफ इंजीनियर मंडी जोन में अपनी सेवाएं दे रहे थे, उन्हें जिला चंबा के पांगी डिविजन के लिए स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा, लोकेश चौहान को शिमला जिले के रोहड़ू डिविजन में नई तैनाती दी गई है, जबकि तमन्ना रानी का तबादला कर अब जिला सिरमौर के नाहन डिविजन की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, प्रदेश सरकार ने अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार की बिलासपुर जिले के झंडूता डिविजन के लिए ट्रांसफर की है। कृष्णकांत चौहान को सोलन जिले के अर्की डिविजन का जिम्मा सौंपा गया है और राजेश कुमार शर्मा का कांगड़ा जिले के नूरपुर डिविजन के लिए तबादला किया गया है। वहीं, ललित कुमार की ट्रांसफर जिला मंडी के तहत जंजैहली डिविजन के लिए की गई है।

जिला मंडी के तहत पीडब्ल्यूडी डिवीजन जंजैहली में सेवाएं दे रहे रोशन लाल ठाकुर अब हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर कांगड़ा जोन के कार्यालय में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, सतपाल सिंह को ट्रांसफर करके जिला चंबा के भरमौर डिवीजन का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के ईएनसी ऑफिस शिमला में सेवाएं दे रहे पुनीत शर्मा का तबादला मंडी जिले के सुंदरनगर डिवीजन के लिए हुआ है। वहीं, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के ईएनसी ऑफिस शिमला में ही तैनात नीलम गुप्ता की ट्रांसफर शिमला जिले के कोटखाई डिवीजन के लिए की गई है। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर ऑफिस हमीरपुर जोन में सेवाएं दे रहे विजय कुमार को भरवाईं डिविजन का नया जिम्मा सौंपा गया है।

हिमाचल सरकार कर्मचारियों का क्यों कर रही शोषण

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा संस्थापक व न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय सयोंजक और राष्ट्रीय अध्यक्ष पी सतेंद्र सिंह तिवारी ने हिमाचल सरकार से पूछा कि आप प्रदेश कर्मचारियों का शोषण क्यों कर रहे हैं।

प्रवीण शर्मा जो कि हिमाचल प्रदेश से एक राष्ट्रीय यूनियन के संयोजक हैं, ने प्रैस बयान में कहा कि राष्ट्रीय संघ ने हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा को अपना समर्थन दिया है जिसके लिए हिमाचल प्रदेश के समस्त कर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष पी सतेंद्र सिंह तिवारी न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ का आभार प्रकट करते हुए कहते हैं कि हिमाचल में कर्मचारियों की दुर्दशा चरमसीमा पर हैं उनके लिए हिमाचल में नित नए ऐसे कानून बनाए जा रहे है जिससे कर्मचारी सहमे हुए हैं क्योंकि वर्तमान सरकार कर्मचारी वर्ग का शोषण युद्ध स्तर पर कर रही है। हर दिन नए फरमान कर्मचारियों के अहित में दिए जा रहे हैं। सरकार अपना कानून बनाकर उनसे रिकवरी करने की फिराक में हैं, जो जज कर्मचारियों के प्रति उदारवादी थे उन्हें इस केस से हटा दिया गया। साथ ही मोर्चा ने कहा कि हमारे कर्मचारियों के साथ बहुत ही अत्याचार हो रहा है। मंहगाई बढ़ रही है पर रिकवरी की मांग करने वाली सरकार ने तीन साल में इन कर्मचारियों को एक रुपया भत्ता भी नहीं दिया ताकि कर्मचारियों को किसानों की तरह आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जा सके।

अधिकांश पंचायतों में फंड खर्च की रफ्तार धीमी : नंदलाल

समीक्षा बैठक में उपस्थित 7वें वित्तायोग अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंद लाल।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। विकास खंड रामपुर के पंचायतीराज प्रतिनिधियों और सचिवों की समीक्षा बैठक 7वें वित्तायोग अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंद लाल की अध्यक्षता में आयोजित गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी और खंड विकास अधिकारी राजेंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में जताई नाराजगी, बौंडा और कूट पंचायतें सबसे पिछड़ी

बैठक में सामने आया कि शिंगला और रचोली पंचायतें वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक वित्तायोग और प्लानिंग फंड के सही उपयोग में अग्रणी रही हैं। वहीं, बौंडा और कूट पंचायतें इस दिशा में सबसे पिछड़ी पाई गईं। नंद लाल ने समीक्षा के दौरान पाया कि अधिकांश पंचायतों में फंड खर्च की रफ्तार बेहद धीमी है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए प्रधानों और सचिवों को निर्देश दिए कि प्राप्त फंड का सही और समयबद्ध उपयोग कर जनता को इसका लाभ पहुंचाया जाए।

उन्होंने यह भी जताया कि कई पंचायत प्रतिनिधियों को यह भी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें किस मद में कितना पैसा मिला है और उसे कैसे खर्च करना है। इस पर उन्होंने सभी को बीडीओ रामपुर से संपर्क कर विस्तृत जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए और जल्द कार्य शुरू करने को कहा। उन्होंने माना कि एफआरए जैसी प्रशासनिक अड़चनें कार्यों में बाधा बनती हैं, लेकिन पंचायत प्रधानों के माध्यम से इन्हें दूर करने की आवश्यकता है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

अनंत ज्ञान, भोरंज

भोरंज-उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत मझौह के अंतर्गत आने वाले धीरड़ गांव के पास शनिवार सुबह सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कपिल देव (40), पुत्र बसंत राम, निवासी मझौह, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कपिल देव अपनी मोटरसाइकिल पर कहीं जा रहे था कि धीरड़ गांव में जंगल के पास सड़क पर अचानक बाइक स्किड हो गई और पेड़ से जा टकराई, जिससे कपिल देव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही भोरंज थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। इस दुखद घटना से गांव मझौह में शोक की लहर दौड़ गई है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कि घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार के आपराधिक या संदिग्ध कारण नहीं पाए गए हैं। मामले की जांच जा रही है।

हिमाचल में मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अंतिम चरण शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भारत निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं को एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है, ताकि वे आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश दिया है, जिसके तहत पात्र नागरिक एक सितंबर तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसी तरह का एक अभियान बिहार में भी 25 जुलाई से शुरू होगा।

जानकारी के अनुसार हिमाचल में स्थायी रूप से निवास कर रहे भारतीय मतदाता इस पुनरीक्षण अभियान का लाभ उठा सकते हैं। वे अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके, ईसीआई की वेबसाइट पर जाकर या ऐप के माध्यम से ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो आसानी से कार्यालय नहीं जा सकते।

इसके अतिरिक्त, मतदाता वी-पीएल फॉर्म डाउनलोड करके उस पर हस्ताक्षर कर, उसकी हार्डकॉपी, ईमेल या अन्य माध्यम से संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) तक भेज सकते हैं। परिवार के सदस्य भी उनकी ओर से बीएलओ को प्रपत्र प्रेषित कर सकते हैं। यह प्रक्रिया उन लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है।

न्यायालय से उद्घोषित अपराधी को राजपुरा पंजाब से किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करों व उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध पिछले 2 वर्षों से मिशन मोड से कार्रवाई की जा रही है तथा इस संदर्भ नशा तस्करों व भगोड़े अपराधियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाए जा रहे है।

उद्घोषित आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

इसी कड़ी में 17 जुलाई को पुलिस थाना धर्मपुर की पीओ सेल की टीम द्वारा तलाश के दौरान एक भगौड़े अपराधी हरमन सिंह पुत्र जसमीर सिंह निवासी गांव नियामतपुर, जिला पटियाला (पंजाब) को राजपुरा से गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी के अभियोग 17 जुलाई धारा 209 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि परवाणू निवासी अविनाश ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 3 जुलाई 2017 को पेट्रोल पंप कुमाहरटी के समीप एक स्वीफट कार ने इनकी पिकअप को टक्कर मार दी और उनके साथ मारपीट की। जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग सख्या 71/2017 3 जुलाई 2017 धारा 279, 323, 34, 325 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था।

उक्त आरोपी को इस मामले में न्यायालय द्वारा बार-2 कोर्ट में पेश होने के आदेश किए जा रहे थे परंतु फिर भी यह आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था जिस पर न्यायालय द्वारा उसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था।

हिमाचल में बारिश से राहत, लेकिन सड़कें और सेवाएं अब भी बाधित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में कई दिनों की लगातार बारिश के बाद आखिरकार शनिवार को मौसम साफ हो गया, जिससे बंद पड़ी सड़कों की बहाली और सेब सीजन के पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी है। कुल्लू घाटी में लगभग एक महीने बाद धूप खिलने से प्रशासन के साथ-साथ किसान और बागवानों ने भी राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार हालांकि, राहत के बीच चुनौतियां अभी भी बरकरार हैं। शनिवार को राज्य में एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 232 सड़कें बाधित रहीं। इसके अतिरिक्त, 41 बिजली ट्रांसफार्मर और 56 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। मंडी जिले में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है, जहां अभी भी 153 सड़कें और 43 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। इस मानसून सीजन 20 जून से 19 जुलाई तक प्रदेश को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अब तक 116 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है और 209 लोग घायल हुए हैं, जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें से 48 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई है।

1373 मकान धराशायी

बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण 1373 कच्चे-पक्के घरों और दुकानों को क्षति पहुंची है, वहीं 941 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। कुल 1266 पालतू पशुओं की मौत हुई है और इन सबका अनुमानित आर्थिक नुकसान 1,23,020.66 लाख तक पहुंच गया है।

किन्नौर में पहाड़ी दरकी

किन्नौर जिले में पूह-काजा की ओर जाने वाले एनएच-5 पर समदो और शलखर के बीच सुबह अचानक पहाड़ी दरकने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। भूस्खलन के कारण काजा की ओर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही बीआरओ की टीम ने मौके पर पहुंचकर एनएच को बहाल किया।

दुग्ध उत्पादक हुए गदगद | गाय का दूध 51 रुपए व भैंस का दूध खरीदा जा रहा 61 रुपए प्रति लीटर

हिमाचल सरकार की पहल से परिवहन सब्सिडी हुई दोगुनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दूध उत्पादकों को दी जाने वाली परिवहन सब्सिडी को दोगुना करने के फैसले से राज्य के हजारों दूध उत्पादकों में खुशी की लहर है। पंजीकृत दूध समितियों के लिए यह सब्सिडी अब 1.50 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 3 रुपए प्रति लीटर हो गई है। कामधेनु हितकारी सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर इस वृद्धि के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

कामधेनु दुग्ध उत्पादक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते सीएम सुक्खू।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महत्वपूर्ण कदम से कामधेनु हितकारी सोसायटी से जुड़े लगभग 6000 परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हिमाचल सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने दूध उत्पादकों को परिवहन सब्सिडी प्रदान की है। दूध उत्पादकों ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। पशुपालकों से गाय का दूध 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 61 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि राज्य सरकार प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं के लिए 60 रुपए, मक्की के लिए 40 रुपए, जौ के लिए 60 रुपए और कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य भी प्रदान कर रही है।

सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं किसान

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी आय बढ़ाने और आजीविका बेहतर बनाने के लिए सरकार की इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस वर्ष सितंबर के पहले सप्ताह में कामधेनु दुग्ध समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह में शामिल होंगे।

सभी वर्गों की समस्याओं को समझते हैं सीएम : संजय अवस्थी

विधायक संजय अवस्थी ने भी मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि वह किसानों, दिहाड़ीदारों और समाज के अन्य वंचित वर्गों की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं। उन्होंने दोहराया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है और इस दिशा में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

थुरल क्षेत्र के लोगों ने आपदा पीड़ितों को भेजी सहायता राशि

थुरल के लोगों ने आपदा पीड़ितों के लिए सेवा भारती के खाते में डाली 105551 रुपए की धनराशि।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

डरोह। थुरल क्षेत्र के लोगों ने शनिवार को मंडी जिले के सराज व थुनाग के आपदा पीड़ित लोगों के लिए सहायता राशि भेजी है। इसमें समाज जागरण समूह थुरल, पूर्व सैनिक कल्याण समिति थुरल, थुरल बाजार कमेटी और जन सहयोग से मंडी जिले के थुनाग और सराज में हुई त्रासदी से पीड़ितों की मदद के लिए 105551 रुपए की धनराशि जुटाकर कर्नल सुरेश राणा और पालमपुर जिला सेवा कार्य प्रमुख प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सेवा भारती के खाते में डाली गई।

इस मानवता व सामाजिक के नेक कार्य में संजय चौहान, जोगेश राणा, राजेश गौतम, डॉक्टर आंतरिक्ष सूद, कैप्टन ओम प्रकाश, कैप्टन भूपिंदर गुलेरिया (राजू) और ग्राम पंचायत प्रधान थुरल बंदना कायस्थ, मेहर सिंह राणा,मुकेश सूद,राजीव भूरिया आदि ने अपना विशेष योगदान दिया।

शोभायात्रा के साथ जिला स्तरीय नागनी माता मेले शुरू

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने किया शुभारंभ, स्वच्छता, विकास और जनकल्याण के लिए मंदिर कमेटी की सराहना

अनंत ज्ञान, नूरपुर

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने शनिवार को भव्य शोभायात्रा के साथ जिला स्तरीय नागनी माता मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक मेले हमारी लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीसी ने मंदिर परिसर में किए गए विकास कार्यों की भी सराहना की, जिनमें भंडारा स्थल, भजन-कीर्तन मंच और संपर्क मार्गों का विकास प्रमुख हैं। उन्होंने मंदिर कमेटी से आग्रह किया कि भविष्य में जनकल्याण से जुड़े कार्यों में भी योगदान दें। विशेष रूप से, उन्होंने टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान करने के लिए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय को सहयोग देने और निक्षय मित्र बनने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय कार्यक्रम की सफलता में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा जिला स्तरीय नागनी माता मेले के शुभारंभ अवसर पर शिरकत करते हुए।

जल निकासी की उचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश : बारिश के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ने मंदिर कमेटी और पंचायत को जल निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि दुकानदारों और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने नागनी पंचायत को सुझाव दिया कि वह 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सैनिटाइजेशन से संबंधित मद में बजट का प्रावधान करे, ताकि मंदिर परिसर में सफाई से संबंधित और कार्य किए जा सकें। उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले के दौरान उत्पन्न कूड़े-कचरे का निपटान पंद्रेहड़ स्थित कचरा संयंत्र में सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा उपायुक्त हेमराज बैरवा को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

एक माह बाद भी नहीं लगा महिला व बच्चों का सुराग

अनंत ज्ञान, इंदौरा। पुलिस थाना इंदौरा में गत 23 जून को बलविंदर सिंह पुत्र साधु राम निवासी सनोर ने पत्नी व दो बच्चों के गुम होने की सूचना दर्ज कराई थी, लेकिन एक माह के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। महिला के पति बलविंदर सिंह पुत्र साधु राम निवासी सनोर ने बताया कि बड़ा बेटा राघव 11 साल और छोटा बेटा आदित्य सात साल का है। पत्नी ने बताया था कि अपने चाचा के घर शाहपुरकंडी (पठानकोट) में कुछ दिन रहने के लिए जाना है और रहकर वापस आ जाएगी। वह दोनों लड़कों व पत्नी शुभरानी को सनोर से इंदौरा बस स्टैंड लेकर आया और 11 बजे पठानकोट जाने वाली एचआरटीसी बस में बैठाकर घर आ गया और फिर उसी दिन समय करीब 1.30 बजे पत्नी का फोन आया और बोली कि वह कुछ ही देर में चाचा के घर में पहुंचने वाली है। इसके बाद मैंने फोन किया तो फोन बंद आता रहा। मैंने रिश्तेदारों के घरों में तलाश की पर उस दिन से कोई भी पता नहीं चला है। उन तीनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी थाना इंदौरा में 23 जून को दर्ज करवाई है। इंदौरा पुलिस ने कहा कि उक्त के बारे में कोई सूचना हो तो थाना इंदौरा के 01893 241225 पर सूचित करें।

सांसद राजीव देंगे रोटरी क्लब शाहपुर को एंबुलेंस

भारद्वाज ने रोटरी क्लब शाहपुर के इंस्टालेशन समारोह में की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

कोहली, अनंत ज्ञान

शाहपुर। रोटरी क्लब शाहपुर के इंस्टालेशन समारोह का आयोजन मंगलम पैलेस में किया गया। इसमें राजीव भारद्वाज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

नवनियुक्त प्रेसिडेंट रोटेरियन सत्येंद्र गौतम ने बताया कि क्लब सदस्यों के निजी योगदान से पिछले छह वर्ष से शाहपुर और रेहलू में दो नि:शुल्क क्लिनिक चलाए जा रहे हैं। इसमें नि:शुल्क परामर्श एवं परीक्षण के साथ निशुल्क दवाइयां भी दी जाती हैं। इसी तरह सिविल अस्पताल शाहपुर में दाखिल मरीजों और उनके अटेंडेंट्स सफाई कर्मियों निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों को हर वीरवार को पौष्टिक नाश्ता, हर माह बारह क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट दी जा रही है। मुख्यातिथि सांसद राजीव भारद्वाज का उन्होंने आभार व्यक्त किया कि वह सड़क से संसद तक स्थानीय और सामाजिक समस्याओं को उठा रहे हैं और निभा रहे हैं। उनकी समाजसेवा भावना और क्लब की स्वास्थ्य सेवा कार्य को सुदृढ़ करने के लिए सत्येंद्र गौतम ने भारद्वाज से आग्रह किया कि रोटरी क्लब शाहपुर को एक एंबुलेंस दी जाए। सांसद राजीव भारद्वाज ने जहां समाज गरीब और वंचित की सेवा के लिए रोटरी क्लब शाहपुर के कार्यों की सराहना की। वहीं, समाज कल्याण में और अपने क्षेत्र के लोगों का आभार भी जताया, जिन्होंने उन्हें इस कार्य के लिए संसद भेजा। उन्होंने अध्यक्ष सत्येंद्र गौतम की मांग को स्वीकार करते हुए एंबुलेंस देने की घोषणा की। इस अवसर पर इंस्टालेशन अधिकारी रोटेरियन वीएस परमार, हरि सिंह राजेश राणा, नरेश लगवाल। एसडीएम करतार चंद, पूर्व सीएमओ सुशील शर्मा, वरिष्ठ रोटेरियन मेघराज, लगवाल मेजर पीसी डोगरा आदि मौजूद रहे।

सांसद राजीव भारद्वाज ने गरीबों की सेवा के लिए रोटरी क्लब शाहपुर के कार्यों की सराहना की।

आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आए नगरोटा बगवां के पूर्व सैनिक

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। पूर्व सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण संगठन हटवास (नगरोटा बगवां) की एक विशेष मीटिंग हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ और बादल फटने के कारण हुई भयावह त्रासदी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ितों की सहायता करने का सर्वसम्मिति से संकल्प लिया गया। मीटिंग में तय किया कि संगठन के सभी सदस्य स्वेच्छा से कुछ न कुछ अंशदान करेंगे। अंशदान 25 जुलाई तक अध्यक्ष या कोषाध्यक्ष के पास सीधे कैश में जमा करवाया जा सकता है अथवा संगठन के बैंक खाते में भी जमा करवाया जा सकता है, ताकि एकत्रित राशि का ड्राफ्ट या चेक बनवा कर सरकार के आपदा राहत कोष में जमा करवाया जा सके। इस अवसर पर कर्नल रमेश वालिया, कैप्टन करम सिंह धीमान, कैप्टन अमर सिंह कटोच, कैप्टन मदन चंद कटोच, कैप्टन गुरबचन सिंह, कैप्टन मस्त राम धीमान, कैप्टन राजिंद्र कटोच, लेफ्टिनेंट जीत सिंह, सूबेदार मेजर लेखराज पठानिया, सूबेदार मेजर मदन सिंह कटोच, सूबेदार मेजर सिकंदर ठाकुर, हवलदार विक्रम सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट ने सेब के पौधों को काटने को नहीं, अवैध कब्जा हटाने को कहा : शांता

मामले को सर्वोच्च न्यायालय ले जाकर उपहास का कारण न बने सरकार

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट ने वन भूमि पर अवैध कब्जे को समाप्त करने का सरकार को आदेश दिया है। इस आदेश का पालन करने के लिए सरकार ने वन भूमि पर लगे हुए सेब के पौधों को काटना शुरू किया है।

सेब से लदे हुए पौधों को काटने का सब तरफ विरोध हो रहा है। इस आदेश को रोकने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार को सुप्रीम कोर्ट जाने की कोई आवश्यकयता नहीं है। उच्च न्यायालय ने वन भूमि पर नाजायज कब्जा समाप्त करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने सेब से लदे पौधों को काटने का आदेश नहीं दिया है। सरकार कब्जा की गई वन भूमि पर लोहे की कांटेदार तार का बाड़ लगाए और वहां एक बोर्ड लगाया जाए, जिस पर लिखा जाए सरकार ने इस भूमि पर अवैध कब्जा समाप्त कर दिया है और अब यह बगीचा वन विभाग का है।

इतनी कार्रवाई करने से उच्च न्यायालय के आदेश का पालन हो जाएगा। अवैध कब्जा भी समाप्त हो जाएगा और सेब से लदे पौधे भी बच जाएंगे और वन विभाग लगे लगाए बगीचे का मालिक वन जाएगा। शांता कुमार ने कहा कि लगता है सर्वोच्च न्यायालय जाने का एक और कारण है। वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले प्रभावशाली लोग हैं, उनमें बहुत से नेता शामिल हैं, वे आदेश पर रोक लगाकर इस बार अवैध कब्जा की गई भूमि पर लगी सेब की फसल स्वयं काटना चाहते हैं।

इनके प्रभाव में सरकार उच्च न्यायालय के आदेश का ठीक अर्थ नहीं समझ रही है।

शांता कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय यही कहेगा कि उन्होंने अवैध कब्जा समाप्त करने के लिए कहा है, सेब के पौधों को काटने के लिए नहीं कहा गया। उन्होंने कहा इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय ले जाकर सरकार उपहास का कारण न बने।

धर्मशाला में चार जिलों की 35 महिला किसानों को दिया प्रशिक्षण

महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न विषयों पर की चर्चा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

महिलाओं को कृषि व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन धर्मशाला में किया गया। कृषि विभाग धर्मशाला स्थित किसान प्रशिक्षण केंद्र में कार्यरत किसान प्रशिक्षण अधिकारी कनिका शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान महिलाएं किस तरह से कृषि क्षेत्र में काम करती हैं, क्या कमियां हैं, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए।

इसके अलावा महिला किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर व मंडी की 35 महिला किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आत्मा के ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर और असिस्टेंट टेक्नॉलाजी मैनेजर भी आमंत्रित किए गए थे। इसके अलावा केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कमल, कृषि विभाग की प्रशिक्षण विशेषज्ञ डॉ. अन्नपूर्णा ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में क्या कार्य किए जा सकते हैं, कैसे बैंकों लोन लेकर महिलाएं आगे बढ़ सकती हैं, इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

विधायक किशोरी ने सुनी बीड़, राजगुन्धा व मुल्थान के लोगों की समस्याएं

राजगुन्धा के लिए बस शुरू करने की फरियाद

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

बैजनाथ। विधायक बैजनाथ किशोरी लाल से बीड़, राजगुन्धा तथा मुल्थान क्षेत्र के लोगों ने उनके कार्यालय में भेंटकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। स्थानीय लोगों ने बीड़ से राजगुन्धा तक बस सुविधा आरंभ का आग्रह किया, जिस पर विधायक किशोरी लाल ने जल्द राजगुन्धा के लिए बस सेवा शुरू करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि दूरदराज के क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए, ताकि स्थानीय लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रह सकें।

इस अवसर पर मुल्थान के लोगों ने कॉलेज में स्टाफ की कमी की समस्या से विधायक को अवगत करवाया। विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए, उसके लिए महाविद्यालय में शीघ्र ही स्टाफ की नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विधायक बैजनाथ किशोरी लाल से मिलते बीड़, राजगुन्धा तथा मुल्थान क्षेत्र के लोग।

उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में विकास कार्य और जनहित से जुड़ी सुविधाएं लोगों तक निरंतर पहुंचती रहे।

वहीं, इससे पूर्व पूर्व विधायक किशोरी लाल ने धरेड़ गांव निवासी एवं शस्त्र सीमा बल में बतौर एएसआई पद पर तैनात रहे रमेश कपूर के हृदय गति रुकने से हुए आकस्मिक निधन पर उनके आवास में पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना दी। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि रमेश कुमार ने अपनी सेवाओं को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से निभाया, जिसके लिए समाज और देश हमेशा उन्हें याद रखेगा। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी तथा शोकाकुल परिवार को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार और वह स्वयं परिवार की मदद के लिए तत्पर रहेंगे।

बड़ोह तहसील में मेघना गोस्वामी ने संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां उपमंडल की तहसील बड़ोह में मेघना गोस्वामी ने तहसीलदार पद का कार्यभार संभाल लिया। मेघना ने बताया कि लोगों के कार्यों को प्राथमिकता देकर राजस्व संबंधी कार्यों की पेंडेंसी को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। बड़ोह यूथ कांग्रेस चंगर क्षेत्र के उपाध्यक्ष अजय सिंह, आरुष कुमार उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस, समाजसेवी बलवंत सिंह, एंटी टेररिस्ट जिला अध्यक्ष बबलू सिंह, दलीप सिंह, राजेश राणा, बंटू आदि ने विधायक एवं पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली का आभार जताया। काफी समय से बड़ोह तहसील में तहसीलदार का पद रिक्त पड़ा था और राजस्व संबंधी कार्यों को करवाने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

डॉ. राहुल राज्य कृषि विपणन बोर्ड में सचिव पद पर चयनित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत आलमपुर पंचायत के डॉ. राहुल शर्मा का चयन हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के अधीन राज्य कृषि विपणन बोर्ड में सचिव (कक्षा-1) पद के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समस्त प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। डॉ. शर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल आलमपुर से (10वीं एवं 12वीं) प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से बीएससी (कृषि), एमएससी (एग्रोनॉमी) तथा पीएचडी (एग्रोनॉमी) की शिक्षा पूरी की। एमएससी और पीएचडी दोनों स्तरों पर उन्हें विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक के लिए चयनित किया गया। डॉ. शर्मा को उनके अकादमिक योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें श्रेष्ठ शोध छात्र पुरस्कार, श्रेष्ठ एमएससी थीसिस पुरस्कार, यंग एग्रोनॉमिस्ट अवॉर्ड तथा सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार (दो बार) शामिल हैं। उन्होंने अब तक 5 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, 5 पुस्तक अध्याय लिखे हैं तथा 2 पुस्तकों के संपादन में भी योगदान दिया है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ डॉ. शर्मा ने छात्र नेतृत्व में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में छात्र संघ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।

जनसुनवाई उपमुख्य सचेतक पठानिया बोले- तीन नई कूहलों के निर्माण को धनराशि हो चुकी है स्वीकृत

शाहपुर विधानसभा में सिंचाई व्यवस्था को मिला नया आयाम: केवल

रैत स्थित कार्यालय में जनसमस्याएं सुनते विधायक एवं उपमुख्य सचेतक पठानिया।

अनंत ज्ञान, शाहपुर

कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों की आमदनी में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। जाइका के तहत क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं तेजी से कार्यान्वित की जा रही हैं।

धारकंडी क्षेत्र में 2.06 करोड़ रुपए की लागत से सल्ली-भलेड कूहल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो पूरा होने पर 300 किसान परिवारों की 115 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा। वहीं, 1.36 करोड़ रुपए की लागत से बन रही नई पुहाड़ा कूहल का लगभग 60 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है, जिससे 200 परिवारों की 51 हेक्टेयर भूमि को लाभ मिलेगा। यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में जनसमस्याएं सुनने के उपरांत दी। उन्होंने अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जाइका परियोजना के अंतर्गत तीन अन्य नई कूहलों के निर्माण के लिए भी धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के बाद कार्य आरंभ किए जाएंगे।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, महासचिव प्रदीप बलौरिया, जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता कैप्टन अमित डोगरा, बीडीओ कमलजीत, सहायक अभियंता विद्युत अनिल शर्मा, बीपीएम जाईका अंकिता शर्मा, आईटीआई शाहपुर के प्रधानाचार्य चैन सिंह, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय कुमार, डोहब के प्रधान तिलक, पूर्व बीडीसी अक्षय आदि मौजूद रहे।

फसल विविधीकरण को मिलेगा बढ़ावा

पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में खरीफ एवं रबी सीजन के दौरान सब्जियों के डेमोंस्ट्रेशन प्लॉट्स लगाए जा रहे हैं, जिससे किसान पारंपरिक खेती से हटकर नगदी फसलों की ओर अग्रसर हो सकें। पिछले वर्ष शाहपुर क्षेत्र में 16 डेमोंस्ट्रेशन प्लॉट्स लगाए गए थे, जिनके सकारात्मक परिणाम मिले। इस वर्ष भी उतने ही प्लॉट्स लगाए जा रहे हैं।

अमेठी सांसद का गगल एयरपोर्ट पर स्वागत

अनंत ज्ञान, शाहपुर। अमेठी लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा के हिमाचल आगमन पर गगल एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया सहित कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। किशोरी लाल शर्मा ने हाल ही में अमेठी लोकसभा सीट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को 1,67,196 मतों के भारी अंतर से पराजित किया।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में मनाया फैंच दिवस

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फ्रेंच दिवस मनाया गया।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर में प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फ्रेंच दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों को फ्रांस की भाषा, संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराना था। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत फ्रांसीसी राष्ट्रगान 'ला मार्सेयेज' के गायन से हुई। इसके पश्चात छात्रों ने फ्रेंच भाषा में कविताएं, संवाद , पोस्टर मेकिंग और गीत प्रस्तुत किए। फ्रांस के ऐतिहासिक स्थलों, व्यंजनों, फैशन शो और कला को प्रदर्शित करने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

विद्यालय की फ्रेंच शिक्षिका ने फ्रांसीसी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि यह दुनिया की प्रमुख भाषाओं में से एक है तथा अंतरराष्ट्रीय करियर की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने छात्रों को बहुभाषी बनने के लिए प्रेरित किया और ऐसे आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया। भाषा न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रताप वर्ल्ड स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

न्यूज ब्रीफ

पालमपुर कॉलेज में इंडक्शन ओरिएंटेशन कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीबीए विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन हो गया। 17 से 19 जुलाई तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय वातावरण, गतिविधियों एवं शैक्षणिक संस्कृति से परिचित कराना रहा। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद मुख्य अतिथि रहे। बीबीए विभाग के समन्वयक डॉ. साहिल महाजन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विभागीय गतिविधियों पर आधारित लघु पत्रिका व वीडियो भी प्रदर्शित की। प्राचार्य प्रो. सूद ने स्टूडेंट्स को कॉलेज जीवन की चुनौतियों व अवसरों से अवगत कराया तथा संस्थान की ओर से विद्यार्थियों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एनएसएस के लिए छात्रों ने किया नामांकन

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) ने सत्र 2025-26 के लिए एक दिवसीय पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह और प्रो. शिवानी के द्वारा किया गया। इस वर्ष कॉलेज में एनएसएस के लिए 100 से अधिक छात्रों ने नामांकन किया है। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने कहा कि हमें एनएसएस के नए छात्रों के नामांकन पर गर्व है। एनएसएस एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो छात्रों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। शिविर में नए छात्रों को एनएसएस के कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

बीएड कॉलेज में नवाजे प्रशिक्षु शिक्षक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. आरती वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले समस्त प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देकर उत्साहवर्धन किया। मुख्यातिथि एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा 190 से भी अधिक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षुओं ने देश भक्ति गीत एवं हिमाचली नाटी प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर डॉ. बीना चंद्रिका नायर ने मुख्यातिथि एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। वहीं, बीएड कॉलेज धर्मशाला की प्रिंसिपल प्रो. आरती वर्मा ने महाविद्यालय की वार्षिक-पत्रिका धौलाधार (2024-25) का विमोचन किया गया। पत्रिका-विमोचन पर प्राचार्या ने समस्त महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाए दीं।

नगरोटा बगवां में 25-26 को लगेगा रोजगार मेला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। बाल मेला समिति नगरोटा बगवां व श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से 25 व 26 जुलाई 2025 को नगरोटा बगवां कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय मेले में देश व प्रदेश की 35 से 40 प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयां भाग लेंगी। आठवीं, बारहवीं, आईटीआई, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, बी फार्मा व एम फार्मा अपने कौशल अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी दो पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक व तकनीकी प्रमाण पत्रों के मूल व छायाप्रति, बायोडाटा तथा अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) के साथ मेले में उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष नंबर 01892-224892 पर संपर्क कर सकते हैं।

बैजनाथ में एनसीसी के नए कैडेट्स का चयन

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में एनसीसी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की चयन किया गया। चयन प्रक्रिया की निगरानी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह तथा 5 हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी धर्मशाला से आए जेसीओ सूबेदार संतोष कुमार, हवलदार राहुल कुमार एवं हवलदार बहादुर सिंह द्वारा की गई। चयन प्रक्रिया में कुल 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 16 कैडेट्स को उनकी शारीरिक क्षमता, चिकित्सकीय जांच एवं साक्षात्कार के आधार पर एनसीसी प्रथम वर्ष में चयनित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विक्रम सिंह ने सभी चयनित कैडेट्स को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत होकर एनसीसी के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारने का आह्वान भी किया।

द्रोणाचार्य बीएड कॉलेज में शपथ समारोह

अनंत ज्ञान, शाहपुर। द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में छात्रों के लिए शपथ एवं समापन समारोह का आयोजन किया। सहायक आचार्य भावना शर्मा ने छात्रों के नामों की घोषणा की, जिन्होंने अपने पहले प्रयास में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की। उन्होंने बीएड प्रथम वर्ष में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के नामों की भी घोषणा की। बीएड अंतिम सेमेस्टर के छात्रों ने भी उनसे अपना पूरा बीएड अनुभव साझा किया। प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने भावी अध्यापकों को उनके अध्यापक के रूप में कर्तव्यों के बारे में शपथ दिलाई। सहायक आचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारिणी निदेशक डॉ. बीएस.पठानिया, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष बीएड सुमित शर्मा, एमएड डॉ. अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

डॉ. राजेश ने किसानों को दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, भड़वार। जिला कांगड़ा के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, जाच्छ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेश कलेर ने बताया कि दशहरी आम के सही दाम न मिलने के कारण आम का एक मुश्कत (एक दम) पक जाना रहता है। यह आम कम समय में एक दम पक जाता है और एक ही समय मे भारी मात्रा मे बजारों तक पहुंचता है जिस कारण दहशरी आम के उचित दाम किसानों को नहीं मिल पाते हैं। किसानों को दशहरी आमों के अच्छे दाम के लिए अच्छी मार्केट एवं अच्छी मंडियों का चयन करना चाहिए। उन्होंने किसानों को पिछेती आम की किस्में लगाने की भी सलाह देते हुए कहा कि आम की अगेती किस्म दशहरी का तुड़ान जून के दूसरे सप्ताह से शुरू हो गया था। जिले की प्रमुख सब्जी मंडी जसूर सहित प्रदेश व अन्य राज्य की मंडियो में आ गया था

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अब होगी ऑनलाइन पढ़ाई

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन डिस्टांस एजुकेशन ब्यूरो से मिली पांच कोर्सेस को मंजूरी

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

धर्मशाला। सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के सेंटर फॉर डिस्टांस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई)में अब ऑनलाइन पढ़ाई होगी। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन डिस्टांस एजुकेशन ब्यूरो (यूजीसी-डीईबी) ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सीडीओई को पांच कोर्सो में ऑनलाइन पढ़ाई की अनुमति प्रदान कर दी है। पांच कोर्सेस के स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में राजनीतिक विज्ञान, इतिहास और अर्थशास्त्र में असीमित सीटों के लिए दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र को अनुमति मिली है, परंतु एमसीए और एमबीए जैसे तकनीकी और व्यवसायिक कार्यक्रम के लिए केंद्र ने जितनी सीटें मांगी थी, उतनी ही हमें यूजीसी के दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो से प्राप्त हुई हैं, जिसमें एमसीए में 200 और एमबीए में 500 सीटों के लिए विद्यार्थी आवेदन करेंगे।

एमसीए में 200, एमबीए में 500 कर सकेंगे ऑनलाइन पढ़ाई

जल्द सभी कोर्सेस के लिए प्रवेश प्रक्रिया होगी शुरू

शीघ्र ही इन सभी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे अनेक विद्यार्थी लाभ लेंगे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर यह घोषणा की गई थी कि विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र को शुरू किया जाएगा और विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जाएगी यूजीसी-डीईबी की अनुमति मिलने से आज हम उसी घोषणा को धरातल पर उतार चुके हैं। सीडीओई के निदेशक प्रो. विशाल सूद ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय में ऑनलाइन शिक्षण सामग्री और वीडियो लेक्चर का काम भी निरंतर तेज गति से चल रहा है और आने वाले समय में यह केंद्र अन्य विषयों को भी शुरू करेगा।

चामुंडा में हिम ईरा शॉप का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे, ताकि महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। यह बात डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने शनिवार को चामुंडा मंदिर के नजदीक हिम ईरा शॉप का शुभारंभ करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि हिम ईरा शॉप में उपमंडल के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों अपने उत्पाद बेचने की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इससे पहले धर्मशाला डीसी कार्यालय परिसर तथा जिला पंचायत अधिकारी के कार्यालय के नजदीक हिम ईरा शॉप्स खोली जा चुकी हैं तथा गत तीन माह में इन शाप्स में एक लाख 11 हजार रुपए के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की डिमांड भी बढ़ रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हिम ईरा शॉप्स की अहम भूमिका रहेगी।

हिमाचल पथ परिवहन निगम के खिलाफ दायर शिकायत खारिज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

यात्री ने लगाया था गलत किराया वसूली का आरोप

हिमाचल पथ परिवहन निगम के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया है। शिकायतकर्ता यात्री ने परिवहन निगम पर गलत किराया वसूली का आरोप लगाया था और मानसिक व आर्थिक क्षति के एवज में 25,000 रुपए तथा मुकदमे के खर्च के तौर पर 10,000 रुपए की मांग की थी, जिसे जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने खारिज कर दिया।

आयोग में दर्ज शिकायत के तहत शिकायतकर्ता ने बताया था कि 22 मार्च, 2024 को गगल से पठानकोट की यात्रा अपने परिवार के साथ एचआरटीसी की बस से की थी। उन्होंने उस समय महिलाओं के लिए रियायती टिकट सहित कुल 615 रुपए का भुगतान किया था। वापसी यात्रा 25 मार्च, 2024 को उसी रूट पर दूसरी बस से की गई, जिसमें कुल 661 किराया लिया गया। शिकायतकर्ता यात्री का आरोप था कि एक ही रूट और बस डिपो होते हुए भी 46 रुपए अधिक किराया लिया गया। इस मामले में एचआरटीसी की ओर से अपना पक्ष रखते हुए यह सफाई दी गई कि 20 मार्च, 2024 से रूट दूरी की पुनगणना के आधार पर किराया निधारण की नई व्यवस्था लागू की गई थी। इसके तहत 22 मार्च को गलती से एक किलोमीटर कम किराया वसूला गया था, जबकि 25 मार्च को वास्तविक दूरी 87 किलोमीटर के आधार पर सही किराया वसूला गया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि महिलाओं को मिलने वाली 50 फीसदी रियायत केवल हिमाचल प्रदेश क्षेत्र में लागू होती है, जबकि पठानकोट पंजाब में आता है। ऐसे में वहां छूट लागू नहीं होती है। आयोग ने माना कि शिकायतकर्ता की मांग नकारात्मक लाभ पर आधारित है, जो कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं है, इसलिए शिकायत में सेवा में कोई कमी नहीं पाई गई और इसे खारिज कर दिया गया।

रेहलू में पूर्व सैनिक ने खुद को मारी गोली

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर थाना के तहत 70 वर्षीय एक्स सर्विसमैन ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी करतार सिंह ने बताया कि भजन दास निवासी रेहलू-किला के परिवार में रिश्तेदार के साथ कुछ समय से तनाव चल रहा था, जिसके कारण आज यहां आए हुए थे और घर से लगभग 50 मीटर दूर बैठकर बातचीत कर रहे थे। इतने में भजन दास उठा और कहा कि मैं थोड़ी देर में आता हूं। वह अपने कमरे में चला गया। उन्होंने बताया कि यह घटना लगभग सुबह 11:00 के आसपास की है।

उन्होंने बताया कि उसने कमरे में एक सुसाइड नोट लिखा और उसके बाद अपने सिर पर लाइसेंसी बंदूक डबल बैरल से गोली मार दी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस बात का अभी खुलासा नहीं किया जा सकता कि उसने अपनी सुसाइड नोट में क्या लिखा है, क्योंकि यह अभी जांच का विषय है। दोनों पक्षों के बयान होने पर पुलिस गहराई से मामले की जांच करेगी और जो दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैजनाथ अस्पताल में मरीज कर रहे थे अपनी बारी का इंतजार और डॉक्टर की लग गई वीआईपी ड्यूटी

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

बैजनाथ। बैजनाथ के उपमंडल स्तरीय सिविल हॉस्पिटल में मरीज कई घंटों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और डॉक्टर को वीआईपी ड्यूटी में तैनात कर दिया। इससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बैजनाथ में कार्यरत एकमात्र मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर अक्षय शर्मा जब मरीजों को देख रहे थे, तभी उन्हें मरीजों को छोड़कर वीआईपी ड्यूटी में तैनात होने का फरमान जारी कर दिया।

विधायक किशोरी लाल ने लिया कड़ा संज्ञान

डॉक्टर अक्षय शर्मा के कमरे के बाहर लगभग 50 से ज्यादा मरीज अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मरीजों ने बताया कि वह पिछले कुछ वर्षों से डॉक्टर अक्षय के पास इलाज करवा रहे हैं और हमेशा शाम के समय ही डॉक्टर साहब के पास अपना इलाज करवाने आते हैं। डॉक्टर अक्षय भी चाहे जितना भी टाइम हो गया हो, अंतिम मरीज के स्वास्थ्य की जांच किए बिना नहीं जाते हैं, लेकिन आज उन्हें इलाज करवाए बिना ही जाना पड़ रहा है। जब इस बारे में स्थानीय विधायक किशोरी लाल को पता लगा तो उन्होंने कार्रवाई करते हुए सीएमओ धर्मशाला को फोन किया और आदेश दिए की भविष्य में जिले का रोस्टर बनाया जाए, उसके अनुसार ही वीआईपी की ड्यूटी में डॉक्टर की तैनाती की जाए। बैजनाथ के साथ बहुत ज्यादा दुर्गम इलाका लगता है, इसलिए बार-बार यहां से डॉक्टर की ड्यूटी वीआईपी में लगाने से परहेज किया जाए तथा हो सके तो नजदीकी जगह से ही डॉक्टर को तैनात किया जाए। वहीं, लोगों ने कहा कि सारे जिले का एक रोस्टर बनाया जाए, उस रोस्टर के अनुसार ही डॉक्टर की ड्यूटी वीआईपी के लिए लगाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर वीआईपी आ रहा हो उस नजदीकी जगह से ही किसी डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जाए। लोगों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि जब भी जिले में वीआईपी आता है, तो डॉक्टर अक्षय शर्मा को ही तैनात किया जा रहा है। नूरपुर से लेकर बैजनाथ तक केवल मात्र यही एक डॉक्टर दिखाई देता है। लोगों का कहना है कि नजदीकी टांडा मेडिकल कॉलेज में एक से ज्यादा एमडी मेडिसिन मौजूद है। साथ में वहां पर एमडी अंतिम वर्ष के प्रशिक्षु डॉक्टर भी मौजूद रहते हैं। ऐसे में वहां से किसी की तैनाती वीआईपी ड्यूटी में लगाई जा सकती है।

चोरी की 5.50 लाख की पाइपें पंजाब से बरामद

अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर थाना के तहत पुलिस ने 2 दिन के भीतर साढ़े 5 लाख की चोरी की पाइपें लुधियाना से बरामद कर ली हैं। थाना प्रभारी करतार सिंह ने बताया कि 2 दिन पूर्व आईपीएच विभाग ने एक शिकायत दर्ज करवाई कि उनके गोदाम से 5.50 लाख की पाइप चोरी हो गई हैं। इसके बाद टीम का गठन किया गया। इस मामले में सीसी कैमरे खंगाले और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई। इससे पहले भी 66 पाइप पर गत वर्ष चोरी हुई थी, जिनको समय पर पुलिस ने बरामद कर लिया था। पूछताछ में एक मुखबिर से पता चला कि यह पाइपें लुधियाना में बिकी हैं। पुलिस टीम ने दोआबा (लुधियाना) से पाइपें बरामद की हैं। करनाल से ट्रक को बरामद किया। चालक व अन्य लोग पंजाब, जम्मू-कश्मीर से हैं, जो फरार हैं। ट्रक के मालिक ने बताया कि उसने यह ट्रक आगे लीज पर दिया हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर पाइपें कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

झुंगा देवी मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने शनिवार को झुंगा देवी मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर राजीव गांधी वन विहार वाटिका की भी नींव रखी गई। संजय सिंह चौहान ने बताया कि धार्मिक आस्था के साथ लोग इस वाटिका में ध्यान और शांति का भी आनंद ले सकेंगे। संजय सिंह चौहान ने कहा कि अभी तक तो हिमाचल प्रदूषण से बचा हुआ है, लेकिन यदि वनों को नहीं बचाया गया और वन कटाव होता रहा, तो हिमाचल की परिस्थितिकी भी बिगड़ सकती है, इसलिए पौधरोपण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए।

शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ की बैठक शनिवार को अध्यक्ष सुनील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संघ में विभिन्न पदों पर कर्मचारी मनोनीत किए गए। इसमें वीरेंद्र मेहरा को मुख्य संरक्षक, मयूर ठाकुर को वरिष्ठ उपप्रधान, रूप लाल को संरक्षक, अनिल कौंडल को सह संरक्षक, संजीव कुमार मुख्य सलाहकार, हरीश सह सलाहकार, अरविंद लेखाकार, मुनीश कुमार सह लेखाकार, राजकुमार लेखा परीक्षक, अंशुल कोहली सह लेखा परीक्षक, दीपक कुमार कार्यालय सचिव व विक्रम सिंह को सह कार्यालय सचिव मनोनीत किया गया।

कीट प्रबंधन के उपायों को अपनाएं किसान

अनंत ज्ञान, पालमपुर। कृषि विभाग जिला कांगड़ा व कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की संयुक्त टीम द्वारा ब्लॉक भेडू महादेव अंतर्गत सांबा गांव में एक संगठित फील्ड विजिट एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल रोग पहचान, जैव नियंत्रण तकनीकों, और सतत् कृषि पद्धतियों से अवगत कराना था। मक्की की फसल को नुकसान पहुंचाने वाला घातक कीट फॉल आर्मी वर्म इस वर्ष फिर जिले के अनेक क्षेत्रों में सक्रिय हो गया है। इससे समय रहते बचाव के लिए कृषि विभाग, जिला कांगड़ा ने फसल की निगरानी एवं किसानों को जागरूक करने हेतु एक विशेष अभियान प्रारंभ किया है। डॉ. शिल्पा चौहान कृषि प्रसार अधिकारी, राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला ने किसानों को सुझाव दिया कि वे कीट प्रबंधन के उपायों को सामूहिक रूप से अपनाएं और विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षणों में सक्रिय भागीदारी करें।

अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे पूर्व विधायक : जसवंत

अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर। जिला मार्केटिंग बोर्ड के सदस्य व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जयसिंहपुर के अध्यक्ष जसवंत ने पूर्व विधायक जयसिंहपुर रवि धीमान द्वारा प्रेसवार्ता में मंत्री गोमा के ऊपर लगाए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पूर्व विधायक रवि धीमान मंत्री गोमा की छवि को धूमिल करने के लिए मीडिया में आकर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने जो भी बातें बोली हैं, वे बिना तथ्य के कही हैं। उन्होंने कहा कि धीमान ने पालमपुर में हुए भूमि घोटाले को लेकर मंत्री के ऊपर टिप्पणी की है, उसमें मंत्री का क्या लेना देना है। गोमा का इसमें कोई हाथ है, तो तथ्य के साथ बात करें।

भडियाड़ा गांव में तीन लाख से संवरेगा प्ले ग्राउंड : मोंगरा

खेल मेले में पहुंचे एपीएमसी चेयरमैन, युवा क्लब को दिए 11 हजार रुपए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भडियाड़ा गांव में आठवें सालाना खेल मेले में एपीएमसी चेयरमैन निशु मोंगरा ने युवाओं की हर मांग पर मुहर लगा दी। शनिवार को खेल मेले में पहुंचे एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश चेयरमैन निशु मोंगरा ने ऐलान किया कि तीन लाख रुपए से भडियाड़ा खेल मैदान का समतलीकरण व फैंसिंग कार्य जल्द किया जाएगा।

भडियाड़ा गांव में वार्षिक खेल मेले में खिलाड़ियों के साथ निशु मोंगरा।

एफसीए क्लीयरेंस मिलते ही बात आगे बढ़ेगी। इसके अलावा खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं की हर मांग को प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरा करेगी। मोंगरा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में भडियाड़ा में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। बैडमिंटन में 32 टीमें पहुंची हैं। महिलाओं के लिए मटका फोड़ स्पर्धा भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वॉलीबाल में भी युवा दम दिखा रहे हैं। मोंगरा ने युवा शक्ति क्लब भडियाड़ा को ऐच्छिक निधि से 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि मोंगरा ने कहा कि मौजूदा समय में कांगड़ा में भाजपा का विधायक है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र पर खास ध्यान दे रहे हैं। एयरपोर्ट, फोरलेन, बिजली के नए ट्रांसफार्मर, नई तारें, करोड़ों की वाटर सप्लाई स्कीमें, नए लिंक रोड व आपदा में तुरंत करोड़ों की राहत पहुंचाकर मुख्यमंत्री ने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र पर प्यार बरसाया है। इसी हलके से एचआरटीसी और शिक्षा बोर्ड में प्रतिनिधित्व देकर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से अपनापन दिखाया है।

चौली में सड़क किनारे मिला ट्रक चालक का शव

सालनी शर्मा, अनंत ज्ञान, रक्कड़। गरली क्षेत्र की चौली पंचायत में शनिवार सुबह सड़क किनारे एक ट्रक चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। मृतक की पहचान 47 वर्षीय रोमी पुत्र प्रकाश चंद, निवासी गांव नलमी, तहसील गलोड़, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। मृतक 15 वर्षों से अपने ससुराल चौली (गरली) में रह रहा था और ट्रक ड्राइवर के रूप में कार्य कर रहा था। स्थानीय लोगों ने जब सड़क किनारे शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना रक्कड़ पुलिस को दी। थाना प्रभारी संदीप पटियाल टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। जांच में चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस हर पहलु की जांच कर रही है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात को रोमी ने फोन कर कहा था कि मैं यहीं हूं, घर आ रहा हूं, लेकिन सुबह उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि रोमी को शराब पीने की लत थी। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिवार व स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम: काजल

अशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा। भाजपा राष्ट्रीय कार्य परिषद के सदस्य और विधायक पवन काजल ने कहा कि युवा किताबों और माता-पिता की बातों को गंभीरता से लें। जो युवा इन्हें नजरअंदाज करते हैं, वे जीवन में लक्ष्य हासिल नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों की जानकारी भी जरूरी है। शनिवार को जनसंपर्क अभियान के तहत जनयानकड़ पंचायत में काजल ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम रही है। ढाई साल के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने नई भर्तियों के लिए कोई साक्षात्कार नहीं निकाले। इससे कई युवा ओवरएज हो गए हैं। प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा को कांग्रेस सरकार से सिर्फ खोखली घोषणाएं मिली हैं। पर्यटन राजधानी के रूप में कोई नई योजना शुरू नहीं की गई। जिले में फोरलेन सड़कों का निर्माण केंद्र सरकार के प्रयासों से तेजी से हो रहा है, लेकिन राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से अन्य सड़कों की हालत खराब है। इससे वाहन चालकों और पर्यटकों को परेशानी हो रही है। जनयानकड़ पंचायत के लिए पूर्व सरकार में शुरू हुई पेयजल योजना का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इससे ग्रामीणों को पानी की सुविधा नहीं मिल रही। हार जलाड़ी से खरठ-नंदरुल को जोड़ने वाले बनेर खड्ड पर पुल के पिलर पिछले दस साल में भी नहीं बन पाए। लोक निर्माण विभाग इसमें नाकाम रहा है। काजल ने कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र में लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग की लचर कार्यप्रणाली को सदन में उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं अभी भी कांग्रेस की मासिक 1500 रुपए की चुनावी गारंटी का इंतजार कर रही हैं। वहीं, काजल ने युवक मंडल को एक क्रिकेट और एक वॉलीबाल किट दी। सीनियर सिटीजन की मांग पर दो बेंच स्वीकृत किए।

अधिकारी 31 तक मतदान केंद्र का निरीक्षण कर जांचें सुविधाएं: एसडीएम

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

एसडीएम ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं की अहम भूमिका रहती है, जिसके लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं एवं सरल पहुंच की उपलब्धता होना अति आवश्यक है ताकि प्रत्येक मतदाता सुगमता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 जुलाई तक बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के कुल 105 मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर वहां की मूलभूत सुविधाओं की जांच पूर्ण कर लें। यदि किसी भी केंद्र में सुविधाओं की कमी पाई जाती है तो संबंधित विभागों के माध्यम से इसे शीघ्र पूरा करने की कार्रवाई की जाए।

एचआरटीसी कर्मचारियों ने सुक्खू सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कहा- नहीं दिया जा रहा ओवरटाइम, मेडिकल भत्ते की किस्तें भी लंबित

पठानकोट में गेट रैली निकालकर सुक्खू सरकार के खिलाफ विरोध जताते हिमाचल परिवहन निगम के कर्मचारी।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

पठानकोट। हिमाचल परिवहन निगम के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शनिवार को पठानकोट में गेट रैली निकालकर हिमाचल की सुक्खू सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया।

परिवहन निगम संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मान सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के साथ धक्का कर रही है। कर्मचारियों को उनका ओवरटाइम नहीं दिया जा रहा है। मेडिकल भत्तों की किस्तें भी लंबित हैं और सरकार इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। इस समय हिमाचल परिवार निगम की हालत ऐसी है कि वर्कशॉप में बस की मरम्मत के लिए स्पेयर पार्ट तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर पठानकोट में कोई बस खराब हो जाती है, तो विभागीय अधिकारी सबसे पहले यह जांच करेंगे कि हिमाचल की किस वर्कशॉप में बदलने लायक स्पेयर पार्ट है। इसके बाद स्पेयर पार्ट पठानकोट पहुंचाया जाएगा और फिर बस की मरम्मत करके उसे सड़क पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें जल्द ही बकाया किस्तें नहीं मिलीं, तो 1 अगस्त से वह ओवरटाइम नहीं करेंगे और अपनी निर्धारित 8 घंटे की ड्यूटी ही करेंगे।

बोले- मांगें नहीं मानी तो 1 अगस्त से नहीं करेंगे ओवरटाइम और आठ घंटे ही ड्यूटी देंगे

पैराग्लाइडिंग हादसा

चालक ने दिया कारण बताओ नोटिस का जवाब, बताया उपचाराधीन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप बनगोटू पैराग्लाइडिंग हादसे के मामले में घायल पायलट ने एक संदेश के माध्यम से पर्यटन विभाग को खुद के उपचाराधीन होने की सूचना दी है। वहीं, विभाग ने पायलट से नोटिस का ज

न्यूज ब्रीफ

अवैध शराब की 12 बोतलें बरामद, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। पुलिस थाना रोहड़ू में 18 जुलाई को प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि 18 जुलाई को रात्रि करीब 9:50 बजे, बांका राम निवासी गांव बराड़ा के कब्जे से बिना परमिट के 750 मिली लीटर देशी शराब की 12 बोतलें बरामद की गईं। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

स्वयंसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान, जुन्गा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय शिविर के दौरान विद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 12वीं कक्षा कृतिका ने प्रथम, भूमिका ने द्वितीय और और रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने पुष्प वाटिका में लगे दाड़नी, हरड़, बहेड़ा, आंवला, तुलसी आदि पौधों की निराई व गुड़ाई करके तौलिये तैयार किए गए। साथ ही सड़कों में बिखरे प्लास्टिक कचरा एकत्र करके चिन्हित स्थान पर दफन किया गया।

बच्चों के लिए समय निकालें अभिभावक : पंकज

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा के दौरान प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया व संघ की कार्यकारिणी के सुरेंद्र ठाकुर, मोहर सिंह उपाध्यक्ष, डॉ. प्रताप सिंह सचिव, देविका सोनी संयुक्त सचिव व अन्य कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि गत वर्षों में इस महाविद्यालय में महत्वपूर्ण विकास कार्य संपन्न हुए हैं व कई छात्र-छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। प्राचार्य ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के लिए समय निकालें व उनसे खुलकर बातचीत करने की कोशिश करें ताकि वे अपनी गलतियों को बताने में भी असहज महसूस न करें।

नवोदय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग, जिला शिमला ने सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्राचार्य रोशन लाल ने बताया कि इच्छुक छात्र विद्यालय द्वारा जारी किए गए फॉर्म पर अपने आवेदन और कक्षा दसवीं की अंकतालिका संलग्न कर सकते हैं। आवेदन पत्र विद्यालय की ईमेल आईडी पर या सीधे कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। छात्रों की सहायता के लिए एक सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है, और किसी भी जानकारी या सहायता के लिए 9817090909, 9459301554, 8283802081, 7082798045 पर संपर्क किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2025 है।

पब्बर नदी में बहाए ब्राउन ट्राउट के सीड्स

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। पब्बर बेसिन की पब्बर नदी के तांगनु-जंगलिक क्षेत्र में ट्राउट मछली (डेनमार्क स्ट्रेन) का भंडारण एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य एंगलिंग पर्यटन को बढ़ावा देना और ब्राउन ट्राउट आबादी का संरक्षण करना है। इस प्रयास का नेतृत्व विवेक चंदेल निदेशक मत्स्य पालन व नितिन मंहत मत्स्य पालन अधिकारी ट्राउट फार्म धमवाडी द्वारा किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य मछली आबादी में वृद्धि करना है। पब्बर नदी में ब्राउन ट्राउट का परिचय देना, जिससे एक स्वस्थ और स्थायी मत्स्य पालन को बढ़ावा मिले। इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करना है। ब्राउन ट्राउट आबादी का संरक्षण और नदी में पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना। इससे मनोरंजक मछली पकड़ने को बढ़ावा देना है। क्षेत्र में एंगलिंग पर्यटन को विकसित करना, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को समर्थन मिले। ब्राउन ट्राउट स्ट्रेन डेनमार्क स्ट्रेन के ब्राउन ट्राउट में वांछनीय लक्षण होते हैं! जैसे कि विकास दर और रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक है। शिमला जिले में पब्बर नदी ट्राउट के लिए उपयुक्त आवास प्रदान करती है, जिसमें ठंडा पानी और एक स्वच्छ वातावरण होता है। यह पहल मत्स्य पालन विभाग की संरक्षण और स्थायी मत्स्य पालन प्रबंधन प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

शिक्षा मंत्री ने टूटूपानी को दी अत्याधुनिक सेब ग्रेडिंग और पैकिंग हाउस की सौगात

रोहित ठाकुर बोले- 8 लाख की लागत से एक आयुर्वेदिक उपकेंद्र का निर्माण भी प्रगति पर

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला के नावर क्षेत्र के टूटूपानी में 6.69 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सेब ग्रेडिंग और पैकिंग हाउस का उद्घाटन कर क्षेत्र के सेब उत्पादकों को एक बड़ी सौगात दी। टूटूपानी में 5600 टन की क्षमता वाले इस विशाल ग्रेडिंग और पैकिंग हाउस का निर्माण एचपीएमसी द्वारा विश्व बैंक से वित्त पोषित बागवानी विकास योजना के तहत किया गया है। यह वही योजना है जिसके तहत पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में काम शुरू हुआ था और अब जाकर पूरी हुई है।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि नावर जैसा सेब बहुल क्षेत्र आधुनिक तकनीकों से जुड़कर ही अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे विकास कार्य बागवानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार द्वारा हाल ही में यूनिवर्सल कार्टन को लागू करने के निर्णय को भी मंत्री ने ऐतिहासिक और प्रभावी बताया, जिससे बागवानों को अपनी उपज की बेहतर पैकेजिंग और विपणन में मदद मिल रही है। सेब बागवानी के साथ-साथ, मंत्री ठाकुर ने नावर क्षेत्र में चौतरफा विकास का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि सबसे पुरानी और महत्वपूर्ण घणासीधार खदराला सड़क के पक्कीकरण पर 9.50 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसके अलावा, टूटूपानी-नालाबन सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-4 के तहत 8.62 करोड़ रुपए के वित्त पोषण के लिए भेजा गया है, जिससे जल्द ही इस सड़क का भी कायाकल्प होगा। क्षेत्र में 78 लाख की लागत से एक आयुर्वेदिक उपकेंद्र का निर्माण भी प्रगति पर है।

पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर दिया बल

मंत्री रोहित ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत टूटूपानी के वन क्षेत्र में पौधरोपण अभियान में भाग लिया और एक देवदार का पौधा लगाया।

नालबान स्कूल के नए भवन का किया उद्घाटन

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कुठाड़ी पंचायत के नालाबन में 14.20 लाख की लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय नालबान के नए भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने घोषणा की कि पूरे नावर क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए के स्कूल भवन निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें 3.52 करोड़ की लागत से बन रहा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुठाड़ी का भवन भी शामिल है।

नाबार्ड ने मनाया स्थापना दिवस, ग्रामीण विकास व सशक्तिकरण का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला में अपना 44वां स्थापना दिवस अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर नाबार्ड ने ग्रामीण विकास और समावेशी वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः मजबूत किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, परिवहन, उद्योग, आरडी नजीम, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पाठानिया, अन्य महाप्रबंधकगण, उप महाप्रबंधकगण व हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक, कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, जोगिंद्र सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अधिकारी भी मौजूद थे।

स्थापना दिवस समारोह में राज्य के तीन प्रमुख सहकारी बैंकों— हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक, कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक और जोगिंद्र सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक को उनके उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, तीन प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को भी उनके नवाचार और वित्तीय अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया।

43 वर्षों का सफर

कार्यक्रम के दौरान नाबार्ड की 43 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसमें संस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में योगदान, महिला सशक्तिकरण के प्रयासों, कृषि सुधारों, जलवायु परियोजनाओं व ग्रामीण अवसंरचना के विकास में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया।

उत्पादों की प्रदर्शनी

स्थापना दिवस के अवसर पर एक लघु प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, इसमें नाबार्ड समर्थित समूहों व उत्पादकों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में शिमला जिले से पारंपरिक सिड्डू, सोलन जिले से माई पैड मी राइट परियोजना के तहत निर्मित सैनिटरी नैपकिन, मंडी जिले के सरोआ से हैंडलूम उत्पाद व स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हर्बल हैंडमेड साबुन जैसे प्रमुख उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

राजस्व अधिकारी संघ ने मांगी ई-टैक्सी सुविधा

लोगों को सुशासन प्रदान करने में राजस्व अधिकारी निभाते हैं अहम भूमिका : वर्मा

अनंत ज्ञान, जुन्गा

हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने सरकार से अन्य विभागों की तर्ज पर ई-टैक्सी सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष एवं तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा ने विशेष बातचीत में बताया कि राजस्व अधिकारियों को भू-इंतकाल, भू विभाजन, निशानदेही के अतिरिक्त अन्य प्रशासनिक, न्यायिक, आपदा प्रबंधन और कानून व्यवस्था सहित बहुआयामी कार्यों के निष्पादन के लिए फील्ड में जाना पड़ता है परंतु वाहन की सुविधा न होने से राजस्व अधिकारियों को बहुत कठिनाई से जूझना पड़ता है। उन्होंने बताया कि राजस्व अधिकारी फील्ड में लोगों को सुशासन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होने बताया कि ई-टैक्सी की व्यवस्था से सरकार पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा बल्कि इस खर्च को ई-गवर्नेंस फंड से वहन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से राजस्व अधिकारियों को वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होने बताया कि इन दिनों पूरे प्रदेश में भारी वर्षा के कारण बहुत नुकसान हो रहे है। राजस्व अधिकारी फील्ड में राहत एवं बचाव कार्य में डटे हुए है परंतु वाहन न होने के कारण इन्हें मौके पर पहूंचने के लिए काफी परेशानी पेश आ रही है। नारायण वर्मा का कहना है कि राज्य के अनेक तहसील एवं उप-तहसीलों में कार्यरत राजस्व तहसीलदारों के लिए न तो कार्यालय भवन और न ही सरकारी आवास की कोई उचित व्यवस्था है। संघ ने सरकार से हर तहसील और उप-तहसील मुख्यानलयों पर राजस्व अधिकारियों के लिए मानक कार्यालय एवं सरकारी आवास के निर्माण की मांग की है। उन्होने बताया कि अनेक उप मंडल मुख्यालय पर राजस्व अधिकारियों के आवास पर संबधित एसडीएम कब्जा जमाए बैठे हुए है। उन्होने सरकार से मांग की है कि वर्तमान में जो आवास एसडीएम द्वारा कब्जाए गए है उन सभी सरकारी आवासों को खाली करवाकर राजस्व अधिकारियों को सौंपें जाए।

उन्होने सरकार से सभी राजस्व अधिकारियों को पहचान पत्र जारी करने की भी मांग की है ताकि राजस्व अधिकारियों को बतौर कार्यकारी मेजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करने के दौरान फील्ड में कोई कठिनाई पेश आए। अध्यक्ष ने सरकार से तहसीलदारों की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने और उन्हें एचएएस में शामिल करने की प्रक्रिया को तेज करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त तहसीलदारों की वरिष्ठता सूची और सिविल लिस्ट जारी करने की मांग की है।

रोहड़ू में मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कल से, 20 सेक्टरों में होगा निरीक्षण : धर्मेश रमोत्रा

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

रोहड़ू। उपमंडल निर्वाचन कार्यालय रोहड़ू में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी धर्मेश रमोत्रा की अध्यक्षता में आगामी 16 दिनों में मतदान केंद्रों के भौतिकी सत्यापन से संबंधित सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मतदाता सत्यापन के लिए 67 रोहड़ू (अजा) विधानसभा क्षेत्र को 20 सेक्टरों में बांटा गया है। 21 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रत्येक सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के अंतर्गत पड़ने वाले वर्तमान मतदान केंद्र के भवन की जांच करेंगे।

मतदान केंद्र भवन विद्यमान सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, रैंप, टॉयलेट इत्यादि की जांच की जाएगी। इस कार्य में संबंधित मतदान केंद्र का बीएलओ और संबंधित बिल्डिंग के अधिकारी सेक्टर ऑफिसर का सहयोग करेंगे।

सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी धर्मेश रमोत्रा।

यदि कोई भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तो उसे बदलने के लिए नए भवन का प्रस्ताव निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को इस दौरान देना होगा।

इस समय के दौरान अगर कहीं नए मतदान केंद्र का सृजन भारत निर्वाचन आयोग के मापदंडों पर संभव हुआ, तो उसका सृजन भी किया जाएगा। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी धर्मेश रमोत्रा ने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया एक निश्चित समय-सीमा के भीतर, बिना किसी भय या पक्षपात के, वैधानिक प्रावधानों और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में, पेशेवर तरीके से पूरी की जाएगी। बैठक में नोडल अधिकारी तहसीलदार रोहड़ू धीरज शर्मा, निर्वाचन कानून प्रणित कुमार, लिपिक रमेश चंद मौजद रहे।

दूध उत्पादकों ने परिवहन सब्सिडी दोगुना करने के लिए जताया सीएम का आभार

शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट करता कामधेनु हितकारी सोसायटी का प्रतिनिधिमंडल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कामधेनु हितकारी सोसायटी से जुड़े दूध उत्पादकों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने पंजीकृत दूध समितियों के लिए परिवहन सब्सिडी 1.50 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर तीन रुपए प्रति लीटर करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस वृद्धि से कामधेनु हितकारी सोसायटी से जुड़े लगभग 6000 परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार, देश में दूध उत्पादकों को परिवहन सब्सिडी प्रदान करने वाली पहली सरकार है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए वे मुख्यमंत्री के आभारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए कई पहल की हैं। हिमाचल प्रदेश दूध के लिए सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने किसानों से अपनी आय बढ़ाने और आजीविका बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस वर्ष सितंबर के पहले सप्ताह में कामधेनु दुग्ध समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले समारोह में शामिल होंगे। विधायक संजय अवस्थी ने भी इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि वह किसानों, दिहाड़ीदारों और समाज के अन्य वंचित वर्गों की समस्याओं को समझते हैं और इनके समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

नप बिलासपुर का 23 .63 करोड़ का वार्षिक बजट पारित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

नगर परिषद बिलासपुर की वार्षिक बजट बैठक शनिवार को परिषद अध्यक्ष कमल गौतम की अध्यक्षता में हुई। इसमें उपाध्यक्ष सोनिया सहित परिषद सदस्यों नीतू मिश्रा, संतोष जोशी, नरेश देवी, मनोज कुमार, नवीन कुमार, अजय कुमार, ज्योति और मनोनीत सदस्य श्याम लाल पंवर, मुनीष शर्मा तथा साजिद खान ने भाग लिया। वर्ष 2025-26 के लिए नगर परिषद का कुल 23 करोड़ 63 लाख 84 हजार 882 रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

यह बजट गत वर्ष 2024-25 के 15 करोड़ 27 लाख रुपए के मुकाबले करीब 8 करोड़ रुपए अधिक है, जो नगर की विकास योजनाओं और सुविधाओं में वृद्धि का संकेत देता है। इस बजट में नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों के लिए व्यापक प्रावधान किया गया है। इसके अलावा परिषद के कर्मचारियों के वेतन, पेंशन, स्वच्छता प्रबंधन, पार्कों और पार्किंग की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट्स व बिजली बिलों के भुगतान जैसे महत्वपूर्ण मदों के लिए भी बजट में स्पष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं। नगर परिषद को इस बजट के लिए राजस्व प्राप्त करने के प्रमुख स्त्रोतों में 15वें और 6ठे वित्त आयोग से अनुदान, उपायुक्त ग्रांट, हाउस टैक्स, दुकानों का किराया, विज्ञापन, टेंडर फीस, तहबाजारी शुल्क, रैन बसेरा व रेस्ट हाउस से आय, डोर-टू-डोर कलेक्शन तथा ब्याज व निवेश से प्राप्त राशि शामिल है। बैठक में सभी सदस्यों ने बजट को संतुलित, व्यावहारिक और जनहितकारी बताते हुए अध्यक्ष कमल गौतम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी वर्षा चौधरी, अधीक्षक सुभाष ठाकुर, सहायक अभियंता अजय शर्मा, कनिष्ठ अभियंता मोहित शर्मा और कार्यालय कनिष्ठ सहायक वासुदेव शर्मा भी उपस्थित रहे।

नगर परिषद बिलासपुर की वार्षिक बजट बैठक परिषद अध्यक्ष कमल गौतम की अध्यक्षता में हुई।

देहरा गांव में युवक ने की आत्महत्या

अनंत ज्ञान, भराड़ी। उपतहसील भराड़ी के देहरा गांव (पंचायत हटवाड़) में शनिवार सुबह एक युवक का शव घर की छत से फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान 31 वर्षीय शशि चड्ढा पुत्र स्व. गोकुल चड्ढा के रूप में हुई है। वह देहरा गांव में किराने व डेली नीड्स की दुकान चलाता था और हटवाड़ सहकारी सभा का निदेशक सदस्य भी था। घटना के वक्त शशि घर पर अकेला था। उसकी मां सुबह दूध लेने पड़ोस गई हुई थी। जब वह करीब 7 बजे वापस लौटी तो बेटे को छत से दुपट्टे के सहारे लटका पाया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक शशि की मौत हो चुकी थी। भराड़ी थाना प्रभारी अनूप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवार परिजनों को सौंप दिया है। पंचायत प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि शशि अविवाहित था और उसका स्वभाव बेहद मिलनसार था।

छात्रों ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में 'भांग उखाड़ो अभियान' के तहत एक दिवसीय स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीवविज्ञान, वनस्पति विज्ञान और बीबीए विभाग के छात्रों ने कॉलेज परिसर के आसपास उगी भांग की झाड़ियों को हटाकर स्वच्छता और नशामुक्त समाज का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल की अध्यक्षता में हुए इस अभियान में छात्रों के साथ सभी विभागों के शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी पैदा करता है।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर का किया स्वागत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारणी के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, प्रदेश अतिरिक्त महासचिव रविंदर सिंह राणा, सेठ राम वित्त सचिव, पवन धीमान संयुक्त सचिव का घागस, जिला बिलासपुर में पहुंचने पर प्रदेश उपप्रधान कर्म सिंह चंदेल, प्रदेश संगठन सचिव व सदर खंड के प्रधान जय कृष्ण शर्मा, किशोरी लाल शर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीटीएफ, विजय सिंह चंदेल व प्यार सिंह चंदेल ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री से सकारात्मक बातचीत के लिए बधाई दी। कर्म सिंह चंदेल ने सुरेश ठाकुर को आश्वासन दिया कि जिला बिलासपुर का पेंशनर्स आपके साथ चलेगा।

जून महीने की नहीं मिली पेंशन : प्रेम लाल

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ की मासिक बैठक प्रधान प्रेमलाल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि जून महीने की पेंशन 19 जुलाई तक नहीं दी गई है, जिससे पेंशनर्स को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है और पेंशनर्स में रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पेंशनर्स का शोषण किया जा रहा है। यदि सरकार ने अपने रवैये में बदलाव न किया तो पूरे प्रदेश के परिवहन पेंशनर्स संघर्ष का बिगुल फूंक देंगे, जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी।

बिलासपुर बाजार में आज रहेगी बिजली बंद

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। बिलासपुर विद्युत उपमंडल-2 के सहायक अभियंता ई. रविंद्र चौधरी ने बताया कि 20 जुलाई को बिजली का नया पोल और नई लाइन बिछाने के लिए डियारा अनुभाग के तहत आने वाले क्षेत्रों मेन मार्केट, पेट्रोल पंप, कॉलेज चौक व मॉल के आसपास के क्षेत्रों में सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक कल

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक 21 जुलाई को वरिष्ठ नागरिक सभागार रौड़ा सेक्टर समीप नगर परिषद बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता डॉ. जेएन मिश्रा करेंगे। महासचिव मस्तराम वर्मा ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा व महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने समस्त सदस्यों से बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

दुर्गावाहिनी प्रांतीय अभ्यास वर्ग का समापन

अनंत ज्ञान, बरठीं। विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित दुर्गावाहिनी प्रांतीय अभ्यास वर्ग का समापन समारोह बिलासपुर के खबड़ी देवी मंदिर बल्हसीणा में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर केशव वर्मा ने कहा कि दुर्गा सनातनियों की आस्था का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी के माध्यम से युवतियों को शौर्य प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवतियों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास करना है। उन्होंने कहा कि बहनें दो परिवारों की मर्यादा और संस्कारों की रक्षक होती हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य बहनों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें विभिन्न मुद्दों को लेकर जागरूक करना है ताकि वें समाज को मजबूत करने के साथ ही देश की उन्नति में सहयोग दे सकें।

विद्यार्थियों ने संवारा घुमारवीं कॉलेज परिसर

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महाविद्यालय क्लीन कैंपस चैंपियन क्लब द्वारा स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर की झाड़ियां और घास को साफ किया। शिविर में पत्रकारिता एवं जनसंचार, शिक्षा, इतिहास, हिंदी, गणित के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षकों के मार्गदर्शन में परिसर में उगी झाड़ियां और घास को साफ किया।

बड़गांव सहकारी सभा को नंबर वन पीएसीएस अवॉर्ड

नाबार्ड स्थापना दिवस पर शिमला में सम्मानित किया गया

अनंत ज्ञान, बरठीं

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के 44वें स्थापना दिवस पर शिमला में आयोजित कार्यक्रम में झंडूता क्षेत्र की बड़गांव सहकारी सभा को हिमाचल प्रदेश की नंबर वन प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी (पीएसीएस) का अवॉर्ड प्रदान किया गया।

यह सम्मान वित्तीय सेवाओं, किसानों को ऋण उपलब्धता और ग्रामीण विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। यह पहली बार है जब बड़गांव सभा को राज्य स्तरीय यह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुआ है। सभा के प्रधान मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय कर्मचारियों, सचिव, सदस्यों, प्रबंधन समिति और सभी शेयरधारकों को दिया। नाबार्ड अधिकारियों ने बड़गांव सभा की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था सहकारी क्षेत्र में एक मिसाल बन गई है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और इसे ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मछली खरीद का किया जाएगा एमएसपी निर्धारित, सीएम से करेंगे बात: धर्माणी

विभाग को बेहतर मार्केटिंग और प्रोसेसिंग सुविधाओं का विकल्प तलाशने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, झंडूता

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मत्स्य पालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए मछली खरीद का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित किया जाएगा, जिसके लिए शीघ्र ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बैठक कर इस दिशा में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

यह बात कुटबौगंड झंडूता में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय मत्स्य जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि फिश रॉयल्टी को 15 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत किया गया है, जिससे मछुआरों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि फोरलेन पर ओहर के समीप मत्स्य सहकारी सभाओं को कच्ची व पक्की हुई मछली बेचने के लिए स्थाई दुकानें उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके अलावा फोरलेन के किनारे जहां भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा, वहां मत्स्य सभाओं को अस्थाई स्टॉल लगाने की अनुमति दी जाएगी ताकि स्थानीय मछुआरे चंडीगढ़-मनाली मार्ग से गुजरने वाले पर्यटकों को सीधा लाभ पहुंचा सकें। श्री नयना देवी मंदिर को बाबा बालकनाथ मंदिर से जोड़ने के लिए केबल फेरी परियोजना प्रस्तावित है, जिससे श्रद्धालुओं की गाड़ियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना संभव हो सकेगा।

मंत्री धर्माणी ने कुटबौगंड में मत्स्य जागरूकता शिविर को संबोधित किया।

पेयजल योजना का निरीक्षण

विधानसभा क्षेत्र झंडूता की कुटबौगंड पंचायत में नाबार्ड के अंतर्गत कोटधार क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन पेयजल योजना का शनिवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विवेक कुमार भी उपस्थित रहे। इस योजना के पूरा होने पर कोटधार क्षेत्र की 19 पंचायतों के लोगो को पेयजल की सुविधा मिलेगी। मंत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए और आगामी तीन माह के भीतर इस परियोजना को पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाए।

श्री नयना देवी में अघोषित बिजली कटों से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, नयना देवी। शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में पिछले कुछ महीनों से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इससे न सिर्फ स्थानीय लोग और दुकानदार परेशान हैं, बल्कि इसका खामियाजा मां श्री नयना देवी जी मंदिर में दर्शन करने आते श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। बिजली बोर्ड के अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने पर भी कोई हल नह

छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ एबीवीपी ने किया धरना-प्रदर्शन

शिक्षा व्यवस्था, नशे के बढ़ते प्रभाव व छात्र संघ चुनावों पर लगी रोक के खिलाफ की नारेबाजी

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

चंबा। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, चंबा में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की जिला इकाई ने प्रदेश सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला संयोजक ललित वर्मा ने किया, जिसमें परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और शिक्षण संस्थान के छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था की खस्ताहाली, नशे के बढ़ते प्रभाव और छात्र संघ चुनावों पर लगी रोक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो एबीवीपी प्रदेशभर में उग्र आंदोलन शुरू करेगी। प्रदर्शन के पश्चात परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज प्राचार्य के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जिसमें उपरोक्त सभी मांगों को शामिल किया गया।

एबीवीपी ने दी प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

जिला संयोजक ललित वर्मा ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। अब परिषद और छात्र इसे सहन नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र इन मुद्दों पर कार्रवाई नहीं करती, तो विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में आंदोलन को तेज करेगी।

प्रदर्शन में उठाई ये मांगें

- छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल हो, छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकार दिया जाए।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू किया जाए, शिक्षा की गुणवत्ता में हो सुधार।
- शिक्षण संस्थानों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाए।
- पुस्तकालय, लैब, वाई-फाई, टॉयलेट आदि बुनियादी ढांचे की स्थिति सुधारी जाए।
- मूल्यांकन प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध हो।
- नशा माफ़िया और तस्करों पर कड़ी कार्रवाई हो।
- शिक्षा, स्वास्थ्य, वन विभाग आदि में रिक्त पदों को तुरंत भरा जाए।
- आपदा प्रभावित परिवारों को मुआवजा व पुनर्वास मिले।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा महाविद्यालय में शनिवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन के बाद कुछ छात्रा कार्यकर्ताओं के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटना सामने आई।

जानकारी और एबीवीपी के अनुसार एबीवीपी की चंबा इकाई ने छात्रहितों से जुड़े मुद्दों को लेकर कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। धरने के बाद जैसे ही सभी कार्यकर्ता अपनी कक्षाओं की ओर लौट रहे थे, कुछ छात्रा कार्यकर्ता कॉलेज की कैंटीन के पास खड़ी थीं। उसी दौरान कथित रूप से कुछ युवकों ने छात्राओं के साथ अशोभनीय इशारे और टिप्पणियां कीं। परिषद की छात्राओं द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। मामला तब और गंभीर हो गया जब एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उन पर भी हमला किया गया और उनके साथ धक्का-मुक्की व मारपीट की गई, जिससे कुछ कार्यकर्ताओं को चोटें भी आईं।

यशपाल बने जिला जन शिकायत निवारण समिति के सदस्य

मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक नीरज का जताया आभार

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा जिला के सक्रिय और कर्मठ युवा नेता यशपाल (लक्की ठाकुर) को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जिला जन शिकायत निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर लक्की ठाकुर ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक ओएसडी रितेश कपरेट, और एनएसयूआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण मिन्हास का हृदय से धन्यवाद किया। लक्की ठाकुर ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल उनके लिए सम्मान की बात है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है जिसे वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाएंगे, ताकि आम जनता को समय पर न्याय और राहत मिल सके। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य भी तत्परता से करेंगे। लक्की ठाकुर लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं और युवाओं की आवाज़ को बुलंद करते आए हैं। उनकी इस नियुक्ति को लेकर चंबा जिले के युवाओं में खासा उत्साह है। क्षेत्रवासियों को विश्वास है कि लक्की ठाकुर प्रशासन और जनता के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हुए विकास की दिशा में अहम योगदान देंगे। यह नियुक्ति न केवल लक्की ठाकुर के लिए बल्कि चंबा क्षेत्र के लिए भी गौरव की बात है, जिससे स्थानीय जनता की अपेक्षाएं और भी बढ़ गई हैं।

चंबा शहर सहित अन्य क्षेत्रों में 22 को बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, चंबा। राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के चंबा उपमंडल-1 द्वारा जारी सूचना के अनुसार 22 जुलाई को चंबा शहर और आसपास के कई क्षेत्रों में सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली आपूर्ति 33/11 केवी सब स्टेशन चंबा की आवश्यक मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य के चलते बाधित की जाएगी। चंबा शहर, पक्काटाला, करियां, मुगला, हरदासपुरा, जुलाकड़ी, लुड्डू, कठन्ना, सुल्तानपुर, ओबरी, साच, मंगला, गेट, बसोदन, तलाई, टपुण, सरोडी, दरमण, मियाडीगला, बेदन, रठियार, खजियार, बालू, सरोल, घोल्टी, भद्रम, हरिपुर, सिद्धपुरा, नखली, राजपुरा, कियानी, परेल, घागनी, भरियां, तड़ोली, भियोड कॉलोनी, गांव बन्नू सहित आसपास के सभी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

देवगूर खेल ने मोहा सबका मन शाहरनू पर्व श्रद्धा के साथ संपन्न

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

बरोट। जिला की चौहार घाटी और साथ लगती छोटाभंगाल घाटी में सावन माह में मनाया जाने वाला लोक पर्व शाहरनू अब संपन्न हो गया है। 15 जुलाई की शाम से शुरू हुए इस पर्व को घाटियों के दुर्गम गांवों में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक उल्लास से मनाया।

बुजुर्ग जहरीया और शेवरू राम ने बताया कि सावन के आगमन पर यह पर्व सदियों से मनाया जा रहा है। पहले लोग गेहूं की कटाई कर आटे के पकवान बनाकर कुल देवताओं को अर्पित करते थे और फिर परिवार सहित उनका आनंद लेते थे। अब गेहूं की खेती कम हो गई है और लोग बाजार से लाया गया आटा प्रयोग कर रहे हैं। पर्व पहले सात दिन तक मनाया जाता था लेकिन अब निचले क्षेत्रों में यह तीन दिन में सिमट गया है। महिलाएं और पुरुष झुरी गीतों से इसका स्वागत करते थे, पर आज की पीढ़ी रीति-रिवाजों से दूर हो रही है। शुक्रवार को शंगरेहड़ गांव से देव गहरी और नेर से देव नेर देवता देवलुओं के साथ सह नामक स्थल पहुंचे, जहां एक दिवसीय देव मेले में भाग लिया। देव गुर भाग सिंह और हल्कू राम द्वारा गूर खेल प्रस्तुत किए गए जिनका लोगों ने खूब आनंद लिया। सांझ को दोनों देवता विधिपूर्वक अपने मूलस्थलों को लौटे।

चुराह कांग्रेस में मुस्लिम प्रतिनिधित्व को लेकर बदला इतिहास

प्रकाश भूटानी की पहल पर याकूब मुहम्मद व शुक्रदीन को जिला शिकायत निवारण कमेटी में मिली जगह

अनंत ज्ञान, चंबा

चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के भीतर लंबे समय से मुस्लिम समाज की अनदेखी को लेकर उठ रही आवाजों को आखिरकार प्रतिनिधित्व मिल ही गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश सेवा दल महासचिव प्रकाश भूटानी की सक्रिय पहल पर याकूब मुहम्मद और शुक्रदीन को जिला शिकायत निवारण कमेटी में शामिल किया गया है। यह पहली बार हुआ है जब चुराह से किसी मुस्लिम प्रतिनिधि को इस तरह की अहम समिति में जगह दी गई हो। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले जब जिला शिकायत निवारण कमेटी एवं बहु-विषयक कमेटी का गठन किया गया था, उसमें एक भी मुस्लिम प्रतिनिधि का नाम शामिल नहीं था। इससे चुराह क्षेत्र के मुस्लिम कार्यकर्ताओं और नेताओं में गहरी नाराज़गी देखने को मिली थी। उस समय कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना ने आश्वासन दिया था कि कमेटी में संशोधन किया जाएगा, लेकिन लगभग तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हाल ही में जारी अधिसूचना में जैसे ही याकूब मुहम्मद और शुक्रदीन के नाम शामिल किए गए, मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों नव-नियुक्त सदस्यों ने प्रकाश भूटानी का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों की पैरवी की है, लेकिन चुराह में नेतृत्व परिवर्तन के बाद मुस्लिम समाज को लगातार उपेक्षित किया जा रहा था।

प्रकाश भूटानी ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस किसी एक समुदाय की पार्टी नहीं है, बल्कि सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि चुराह में कांग्रेस का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथों में चला गया है, जिन्होंने एक भी मुस्लिम प्रतिनिधि को न तो किसी समिति में शामिल किया और न ही संगठनात्मक पदों में भागीदारी दी।

मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कल से, अधिकारी नियुक्त : चौधरी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी की अध्यक्षता में आज सेक्टर अधिकारी व सहायक सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उपमण्डल में मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन और न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के निरिक्षण के लिए 21 जुलाई से 5 अगस्त, 2025 तक सेक्टर अधिकारियों और सहायक सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने बताया कि सभी नियुक्त अधिकारी सूची के अनुसार अपने निर्धारित क्षेत्रों में जा कर मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन और न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का निरिक्षण करेंगे। इस कार्य में संबंधित बीएलओ पर्यवेक्षक भी सहयोग करेंगे। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र का भौतिक निरीक्षण करें और वहां उपलब्ध स्थायी न्यूनतम सुविधाओं का आंकलन करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी मतदाता को मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उन्होंने बताया कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दिशा-सूचक संकेतक (साइनबोर्ड), स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त रोशनी, दिव्यांगजनों के लिए रैंप, और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाई जाएंगी। साथ ही, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, पहुंच और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।एसडीएम ने यह भी बताया कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाने और लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे। मतदान न केवल अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र में भागीदारी की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

भ्रष्टाचार मामले में डांड पंचायत की प्रधान कांतो देवी निलंबित

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

भरमौर। सलूनी उपमंडल की डांड पंचायत की प्रधान कांतो देवी को भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित कर दिया है। जिला पंचायत अधिकारी तिलक राज ने इस बारे में आदेश जारी कर दिए है। मामले में कांतो देवी पर ग्राम पंचायत निधियों के दुरुपयोग, फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी पैसों की निकासी, पंचायत निर्माण कार्य में भारी अनीमितताओं के आरोप लगे हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ वर्ष पूर्व इसी पंचायत के मौसमदीन में प्रधान कांतो देवी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

शिकायत में मौसम देने प्रधान कांतो देवी पर मनरेगा के कार्य में उसके पति हेमराज और ससुर देवदास को वेंडर बनाकर उनके खाते में सरकारी धनराशि हस्तांतरित की है और उसका दुरुपयोग किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि निर्माण कार्य चेक डैम के लिए 70 हजार की धनराशि हेमराज के खाते में डाली गई है जो सरासर गलत है। इसके अतिरिक्त प्रधान द्वारा 76 000 की धनराशि अपने ससुर के नाम पर डाली गई है। लिहाजा 2 लाख 12000 की धन राशि प्रधान द्वारा अपने ही परिवार को सरकारी दी गई है। प्रारंभिक जांच में लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई है। जिसके आधार पर यह कार्रवाई की ही है।

काली माता मंदिर कंदारा में भव्य तरीके से मनाई जाएगी जन्माष्टमी

अनंत ज्ञान, कंदारा

काली माता मंदिर कमेटी कंदारा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। यह बैठक मंदिर कमेटी के प्रधान रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जन्माष्टमी का पर्व इस वर्ष भव्य तरीके से मनाया जाएगा, जिसमें विशेष जगराता और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कमेटी ने आयोजन की रूपरेखा पर मंथन करते हुए जगराता में भाग लेने वाली पार्टी के चयन, भंडारे की व्यवस्थाएं, साज-सज्जा तथा स्थानीय सहयोग को लेकर अहम विचार-विमर्श किया।

इस मौके पर कमेटी के सभी सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए और जिम्मेदारियां बांटीं। बैठक में अशोक कुमार, संजीव कुमार, किशोरी लाल, राजकुमार, मनोज कुमार, अजय शर्मा, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार, दिनेश कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, रमेश कुमार, कमलकांत, अनीश कुमार और अनिल कुमार जैसे सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रधान रविंद्र कुमार ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का संदेश भी देगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में भाग लेने और सहयोग देने की अपील की।

मुल्थान कॉलेज पर संकट, खाली पद और भवन की कमी बनी बाधा

अनंत ज्ञान, बरोट

छोटाभंगाल और चौहार घाटी में वर्ष 2017 में स्थापित मुल्थान महाविद्यालय अब बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। पहले यहां विद्यार्थियों की संख्या 150 से अधिक थी पर अब मात्र 50 रह गई है।

इसका मुख्य कारण है कि दो वर्षों से यहां विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों के पद खाली चल रहे हैं और भवन निर्माण भी लंबित पड़ा है जबकि करीब पांच करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है। अमीर परिवारों के बच्चे पद्धर, बैजनाथ, जोगिंद्रनगर जैसे कॉलेजों में जाने लगे हैं जबकि गरीब तबके के छात्र यहीं पढ़ने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा 75 से कम छात्र संख्या वाले कॉलेज बंद करने के फैसले से यह संस्थान भी खतरे में है। इसको लेकर

सीएम और शिक्षा मंत्री से की जाएगी कॉलेज समस्या को हल करने की मांग

18 जुलाई को महिला मंडल दयोट की प्रधान कुश्मा देवी की अगुवाई में मुल्थान में बैठक हुई, जिसमें घाटी की कई पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में छोटाभंगाल व चौहारघाटी वेलफेयर एसोसिएशन गठित की गई और सीता राम को अध्यक्ष, संजय कुमार, सुरजीत सिंह, छांगा राम को उपाध्यक्ष, रमेश ठाकुर को सचिव बनाया गया। तय किया गया कि शिमला जाकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर कॉलेज की समस्याओं को हल करने की मांग की जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने गुलट राम को पर्यावरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

वन महोत्सव के पावन अवसर पर टूटूपानी में आयोजित एक सादे समारोह में शिक्षा मंत्री ने जकटेरली के कर्मठ निवासी गुलट राम जोकटा को पर्यावरण के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में उनके अथक प्रयासों के लिए विशेष रूप से सराहा गया, साथ ही 20,000 की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की गई।

गुलट राम जोकटा, जिन्हें एक सच्चे पर्यावरण प्रेमी के रूप में जाना जाता है, ने पिछले 25 वर्षों में लगभग 17,000 वृक्ष लगाकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। शिक्षा मंत्री ने उनके इन प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि गुलट राम वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक मिसाल हैं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस महत्वपूर्ण अवसर पर वन मंडलाधिकारी रोहड़ू रविशंकर और वन विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर गुलट राम जोगटा को सम्मानित करते हुए।

25 वर्षों के अथक प्रयासों को सराहा, 20 हजार की प्रोत्साहन राशि की घोषणा

सूडोकु नवताल- 7496

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

* ☆☆☆☆ सरल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -7495 का हल

6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

प्रधान करतार के साथ सरबजीत सिंह के गिले-शिकवे दूर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

दी मंडी सुकेत ट्रक ऑपरेटर यूनियन, धनोटू के अध्यक्ष सरबजीत सिंह का इस्तीफा नामंजूर कर दिया गया है। यूनियन में पिछले एक साल से चला आ रहा आपसी गतिरोध अब समाप्त हो गया है। यूनियन के प्रधान करतार सिंह के साथ सरबजीत सिंह की गलतफहमियां और गिले-शिकवे दूर हो गए हैं।

सरबजीत सिंह ने करतार सिंह को भविष्य में भी साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया है। इस सुलह में सुरजीत सिंह, दौलत चंदेल, भूप सिंह सैनी और दलीप चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।

सरबजीत सिंह और करतार सिंह ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में यूनियन के लिए और बेहतर काम करेंगे। सरबजीत सिंह द्वारा त्यागपत्र वापस लेने से यूनियन में बनी आपसी खींचतान खत्म हो गई है, जिससे अब सभी सदस्य मिलकर काम कर सकेंगे।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

आर्मी न.14906666F लायक राम पुत्र रत्ती राम निवासी गांव कायल सप्पर, डाकघर रामपुर, उप तहसील कृष्णगढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरी पत्नी का नाम आधार, पैन और पंचायत रिकॉर्ड में यशोदा देवी और जन्म तिथि 18-12-1972 अंकित है, लेकिन सेना रिकॉर्ड और पीपीओ क्रमांक में पत्नी का नाम यशोदा और जन्म तिथि 01-01-1974 अंकित है, जो सही है। कृपया शपथ पत्र क्रमांक के अनुसार इसे आधार, पैन और पंचायत रिकॉर्ड में भी इससे यशोदा और जन्म तिथि 01-01-1974 दुरुस्त किया जाए।

नाम परिवर्तन

आर्मी न. 14906666F लायक राम पुत्र रत्ती राम निवासी कायल सप्पर, डाकघर रामपुर, उप-तहसील कृष्णगढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश। घोषणा करता हूँ कि आधार कार्ड और सिविल रिकॉर्ड के अनुसार मेरी बेटी का वास्तविक नाम दीक्षा वर्मा है, लेकिन मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम दीक्षा वर्मा के बजाय दीक्षा देवी दर्ज हो गया है। इसे दीक्षा देवी से दीक्षा वर्मा में बदलने की आवश्यकता है।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

रविवार, 20 जुलाई 2025

विक्रमी संवत : 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** दशमी (12:12) : **नक्षत्र** कृतिका (22:53), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** गंड (21:47), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54)। **राहुकाल** (02:10-03:53)।

विशेष दिन

- 20 जुलाई 2025: आदित्य पूजा आज।
- 20 जुलाई 2025: राष्ट्रीय चंद्र दिवस आज।

मेष: अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

वृष: महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

मिथुन: परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

कर्क: सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

सिंह: अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर बन रहे हैं।

कन्या: कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था के लिए जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

तुला: पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक: दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

धनु: संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

मकर: मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में बाधा को दूर होगी।

कुंभ: स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

मीन: सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

बुनियादी सुविधाओं को तरसा रामनगर वार्ड

लोगों में आक्रोश, सभी सरकारी कार्यालय हैं इसी वार्ड में शामिल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट नगर परिषद का सबसे बड़ा और वीआईपी वार्ड माने जाने वाला वार्ड नंबर दो रामनगर, जहां लगभग 300 परिवार निवास करते हैं, आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यही नहीं, संयुक्त कार्यालय भवन, न्यायालय, पुलिस थाना, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, स्कूल, पार्किंग, विद्युत, लोक निर्माण और जलशक्ति विभाग जैसे प्रमुख सरकारी दफ्तर भी इसी वार्ड में स्थित हैं। फिर भी यह वार्ड नगर परिषद के छह अन्य वार्डों में सबसे पिछड़ा नजर आता है।

वार्ड में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं, सड़कों की हालत खस्ता है और स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है

- **सरकाघाट नप का माना जाता सबसे वीआईपी वार्ड**
- **जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, सड़क भी खस्ता हाल**
- **स्ट्रीट लाइटें कई माह से पड़ी हैं बद**

कि इस वार्ड में आज तक सीवरेज लाइन का पूर्ण निर्माण नहीं हो पाया है, और लगभग 300 घरों में से केवल 50 घर ही सीवरेज सुविधा से जुड़े हैं। जुलाई-अगस्त 2023 की त्रासदी में खड्ड ने सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि निगल ली और कई घरों व एक प्राइमरी स्कूल पर खतरा मंडरा रहा है। खड्ड का चैनलाइजेशन अब तक नहीं हो पाया है। सडक वनी लेकिन पानी की निकासू के लिए पक्की नालिया नही वन पाई, है और एंबुलेंस व अग्निशमन गाड़ियां भी वार्ड के भीतर नहीं पहुंच पातीं। स्थानीय लोगों ने कई बार चेयरमैन, एसडीएम और विधायक तक अपनी गुहार पहुंचाई, मगर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि सिर्फ वादे किए गए, लेकिन जमीनी कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय जनता ने प्रशासन से मांग की है कि रामनगर वार्ड में सीवरेज लाइन बिछाकर सभी घरों को जोड़ा जाए। खड्ड का चैनलाइजेशन किया जाए। सड़क और रास्तों की मरम्मत हो तथा पक्की नालियां बनाई जाएं। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जाए।

मांगें न मानी तो नहीं करेंगे नाइट ड्यूटी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। एचआरटीसी के सरकाघाट और धर्मपुर डिपो के चालकों की संयुक्त गेट मीटिंग तीसरे दिन में प्रवेश कर गई। इस आंदोलन में अब परिचालक भी शामिल हो गए हैं। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे ओवरटाइम और नाइट ड्यूटी नहीं देंगे।

चालक-परिचालक यूनियनों का कहना है कि सरकार 100 करोड़ रुपए से अधिक के लंबित भत्तों, ओवरटाइम और नाइट ड्यूटी का भुगतान नहीं कर रही है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि वे कई बार विभाग और सरकार से मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक केवल मामूली भुगतान हुआ है, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगें 10 दिनों के भीतर नहीं मानी जातीं, तो वे सिर्फ 8 घंटे की निर्धारित ड्यूटी करेंगे और कोई अतिरिक्त कार्य नहीं करेंगे।

जंगली जानवर आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुकसान पहुंचाता है। **-महात्मा बुद्ध**

संपादकीय

ऑनलाइन सट्टेबाजी पर शिकंजा

देश में ऑनलाइन सट्टेबाजी का कारोबार दिन-ब-दिन गहराता ही जा रहा है। सोशल मीडिया और सर्च इंजन प्लेटफॉर्म पर आने वाले भ्रामक विज्ञापन न केवल इंटरनेट की नैतिकता को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि करोड़ों भारतीय युवाओं की आर्थिक स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डाल रहे हैं। इसी संदर्भ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गूगल और मेटा (फेसबुक की पैरेंट कंपनी) को भेजे गए नोटिस को एक बड़ी कार्रवाई और चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। गूगल और मेटा को यह नोटिस इस बात को लेकर भेजा गया है कि वे अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइटों और ऐप्स के विज्ञापन अपने प्लेटफॉर्म पर चला रहे हैं और उनसे भारी रेवेन्यू कमा रहे हैं। इन विज्ञापनों के जरिए देशभर में लाखों लोगों तक स्पोर्ट्स बेटिंग, लाइव कसीनो, रमी, पोकर, और अन्य दांव आधारित प्लेटफॉर्म्स को प्रमोट किया गया । ईडी ने यह नोटिस प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत भेजा है, जिसका मतलब है कि इन कंपनियों पर मनी लांड्रिंग में लिप्त होने या उसे सुविधाजनक बनाने का भी संदेह है।

ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या वाकई गूगल-मेटा इसे प्रमोट कर रही हैं? तकनीकी रूप से ये कंपनियां खुद सट्टा नहीं चलातीं, लेकिन उनका एल्गोरिदम आधारित ऐड सिस्टम ऐसा कंटेंट दिखाता है जो लोगों की रुचि और लोकेशन पर आधारित होता है। यदि किसी यूजर ने गेमिंग, स्पोर्ट्स या निवेश से जुड़ी चीजें सर्च की हैं, तो इन प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें जल्द ही सट्टेबाजी से जुड़े विज्ञापन दिखने लगते हैं। गूगल और मेटा दोनों की विज्ञापन नीतियों में 'गैंबलिंग से जुड़े विज्ञापन' की अनुमति कुछ विशेष देशों में होती है, लेकिन भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी को कानूनी मान्यता नहीं है। ऐसे में यदि ये कंपनियां भारत में इन विज्ञापनों को मंजूरी दे रही हैं, तो यह कानूनी उल्लंघन के दायरे में आता है। सोमवार को जब ईडी के सामने गूगल और मेटा को जवाब देने होंगे, तो उनके सामने दो प्रमुख रास्ते होंगे। दोषारोपण से इनकार।

पहला-वे कह सकती हैं कि उन्होंने सट्टेबाजी से जुड़े विज्ञापन तीसरी पार्टी एजेंसियों या बिचौलियों के जरिए प्राप्त किए और उनकी पॉलिसी के खिलाफ जाने पर विज्ञापन हटा लिए जाते हैं। दूसरा-नियमों में सुधार का वादा कर सकती हैं कि वे अपनी एल्गोरिदमिक मॉडरेशन और मैन्युअल समीक्षा तंत्र को और मजबूत करेंगी ताकि भारत के कानूनी ढांचे के विरुद्ध कोई ऐड प्रमोट न हो। हालांकि, यह भी संभव है कि ईडी पिछले तीन वर्षों में कमाई गई विज्ञापन राशि और सट्टेबाजी से जुड़े अकाउंट्स का डेटा भी मांग सकती है, जिससे कंपनियों की जवाबदेही और बढ़ जाएगी। आज ऑनलाइन सट्टा सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि नशे की तरह फैलता सामाजिक रोग बन चुका है। नौकरीपेशा युवा, जो अक्सर आईपीएल और फीफा, क्रिकेट लीग्स आदि को फॉलो करते हैं, बड़ी संख्या में ऑनलाइन बेटिंग साइट्स से जुड़ चुके हैं। वे रातों-रात अमीर बनने के लालच में अपना मासिक वेतन, सेविंग्स और यहां तक कि कर्ज लेकर भी सट्टा खेलते हैं। कई मामलों में लोग साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं और उन्हें धोखाधड़ी के जरिए लाखों का नुकसान झेलना पड़ता है।

जाहिर है इससे मानसिक और सामाजिक प्रभाव भी पड़ते हैं। बढ़ता तनाव, अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति अक्सर देखी जाती है। पारिवारिक विवाद और सामाजिक अलगाव भी हो जाता है। डिजिटल स्क्रीन और गेमिंग की लत तो लगती ही है साथ ही अपराध दर में वृद्धि के अलावा कर्ज चुकाने के लिए चोरी व जालसाजी की बाहर जाते भी बढ़ जाती हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी के जरिए हर साल 5,000 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई होती है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा टेक कंपनियों को विज्ञापन के रूप में जाता है। 2023-24 में ईडी ने अनुमान लगाया कि लगभग 1100 करोड़ रुपए की सट्टेबाजी की रकम गूगल/मेटा जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ऐड के जरिए प्रमोट हुई। क्या ईडी की पूछताछ से कोई हल निकल सकता है? यह पूछताछ कई कारणों से अहम साबित हो सकती है। डिजिटल विज्ञापन पर नियामक नियंत्रण बढ़ेगा। सट्टा कंपनियों की रूटिंग और पेमेंट चैनल्स की पहचान होगी। गूगल-मेटा जैसे दिग्गजों पर जवाबदेही तय होगी।

केंद्र सरकार को डिजिटल नैतिकता के लिए कड़े दिशा-निर्देश बनाने की प्रेरणा मिलेगी। यदि यह जांच पारदर्शिता से हो और डेटा आधारित हो, तो यह एक नीति निर्माण का आधार बन सकती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना जरूरी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी केवल एक आर्थिक या कानूनी मुद्दा नहीं है, यह समाज और युवा पीढ़ी की स्थिरता से भी जुड़ा हुआ है। यदि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स सिर्फ अपने लाभ के लिए अवैध गतिविधियों का रास्ता बनते हैं, तो उन्हें भी नियमित और उत्तरदायी बनाया जाना आवश्यक है। ईडी की यह कार्रवाई भविष्य में एक बड़ा संदेश दे सकती है कि डिजिटल भारत में नैतिकता और नियम दोनों साथ चलेंगे, चाहे सामने कितनी भी बड़ी टेक कंपनी क्यों न हो। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

हिंदी फिल्मों के सदाबहार अभिनेता

राजेंद्र कुमार भारतीय फिल्म अभिनेता थे। वह 1960 और 1970 के दशक में फिल्मों में सक्रिय थे। उन्होंने फिल्मों में अभिनय करने के अलावा कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया था। हिंदी फिल्मों में अपने सफल अभिनय और बेमिसाल अदाकारी की वजह से राजेंद्र कुमार ने जो स्थान बनाया है, वहां तक पहुंचना हर अभिनेता का सपना होता है। राजेंद्र कुमार की हर फ़िल्म इतनी हिट होती थी कि वह कई सालों तक बेहतरीन बिजनेस किया करती थी और यही वजह थी कि लोग उन्हें 'जुबली कुमार' के नाम से पुकारते थे। अपने रोमांटिक व्यक्तित्व की उन्होंने सिनेमा जगत में ऐसी छटा बिखेरी की, उनकी फिल्में एक यादगार बन गईं। फिल्म 'आरजू' हो या 'आई मिलन की बेला' हर फिल्म में राजेंद्र कुमार का एक अलग ही स्वरूप दर्शकों ने देखा। पश्चिम पंजाब के सियालकोट में 20 जुलाई, 1929 को जन्मे राजेंद्र कुमार बचपन से ही अभिनेता बनने की चाह रखते थे। 21 साल की उम्र में ही उन्हें फिल्मों में काम करने का पहला मौका मिला। ■

राजेंद्र कुमार
जन्म : 20 जुलाई, 1929
मृत्यु : 12 जुलाई, 1999

कविता

धमक कदमों की बताते हैं जनाब

डॉ. कौमार्या मनोज

यूं ही तय नहीं होती मंजिल, किसी की उसके जूते से।
फरमाया जाता है कुछ भी, जनाब उसके बूते से।।

धमक कदमों की बताते हैं, फासले सदा।
नहीं नापी जाती है दूरियां, किसी मिस्त्री के सूते से।।

दम है जिनमें हौसलों से, आगे बढ़ने के जनाब।
वही फैसला करता है, नसीब का कूते से।।

अगर माद्दा हो आपमें, कुछ करने का जनाब।
कर गुजर सब ठीक होगा, कर दुनिया मुट्ठी में अपने बूते से।।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा-निर्देश, ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा

पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं, क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकूलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालांकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारतभर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

अजय टम्टा,
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री

इसके जवाब में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा-निर्देश, 2020' जारी किए थे। इन दिशा-निर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढांचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा-निर्देश, 2025 पेश किया है।

'यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है'। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशा-निर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं। 2025 के दिशा-निर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर

प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशा-निर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशा-निर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपए का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है।

उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाए गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लाएंगे। इसके अलावा, नए दिशा-निर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20 फीसदी तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहां यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके।

ड्राइवरों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। यात्रियों के लिए भी ये दिशा-निर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटागोपनीयता और किराये में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशा-निर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी। एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इनऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएं होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं। राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24×7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है।

दिशा-निर्देशों में स्पष्ट सीमाएं निर्धारित की गई हैं। मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा-निर्देश, 2025 भारत में डिजिटल मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एग्रीगेटर्स के लिए स्पष्ट मानक और जिम्मेदारियां निर्धारित करके, ये दिशा-निर्देश ड्राइवरों के लिए उचित आय और सामाजिक सुरक्षा, यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा और सुविधा तथा पर्यावरण की दृष्टि से सतत प्रथाओं पर जोर देते हैं। यह संतुलित और समावेशी फ्रेमवर्क न केवल भारत की बढ़ती गिग अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करता है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के भी अनुरूप है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

हम आज भी आपदाओं से नहीं सीख पाए सबक

हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में, जो कि अपनी प्राकृतिक सौंदर्य और अलौकिक दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है, हर वर्ष बरसात का कहर एक चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर मानवीय क्षति और संपत्ति तथा संसाधनों का विनाश होना अत्यंत गंभीर विषय है। प्रकृति जब भी अपना क्रोध प्रकट करती है, तो वह मानव जाति को चेतावनी देती है कि उसके नियमों के साथ खिलवाड़ करना विनाश को आमंत्रण देना है। भारत, विशेषकर हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में, हर वर्ष बारिश, भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी आपदाएं जान-माल की भारी क्षति करती हैं।

विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

इसके बावजूद हम यह कहने को विवश हैं—'शायद हम आपदाओं से सबक नहीं सीख पाए।' हर वर्ष जब मानसून आता है, तो साथ लाता है विनाश की भयावह कहानियां। कहीं बादल फटते हैं, कहीं जमीन धंस जाती है और कहीं नदियां अपनी मर्यादा तोड़कर गांव-शहर बहा ले जाती हैं। राहत और पुनर्वास की कवायदें चलती हैं, कुछ आंकड़े जारी होते हैं और फिर हम सब कुछ भूलकर अगली आपदा की प्रतीक्षा करने लगते हैं। सवाल उठता है—क्या हम सचमुच आपदाओं से कुछ सीख पाए हैं? इसमें कोई दो राय नहीं कि आपदा की ऐसी घड़ी में सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका और उतरदायित्व निभाया जाता है, परंतु यह सब राहत दे सकता है।

दशकों की मेहनत और जीवन भर की कमाई हुई संपत्ति की भरपाई कर पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। हमारे पर्वतीय राज्य जैसे हिमाचल

प्रदेश, उत्तराखंड, प्रकृति की गोद में बसे हैं, लेकिन इन्हीं क्षेत्रों में सबसे ज्यादा आपदाएं क्यों हो रही हैं? जवाब स्पष्ट है—अनियंत्रित और अनियोजित विकास, पहाड़ों की छाती चीरती सड़कें, सुरंगें, जंगलों की कटाई और नदियों के स्वाभाविक बहाव में हस्तक्षेप। हिमाचल में बीते कुछ वर्षों में जो कुछ हुआ, वह महज 'भारी बारिश' नहीं थी।

यह संकेत था कि प्रकृति अब और सहन नहीं करेगी। किन्नौर, मंडी, शिमला, चंबा—हर जिले ने जलप्रलय और भूस्खलन की विभीषिका झेली, लेकिन क्या हमने इससे कोई स्थायी सीख ली? प्रकृति और मानव का संबंध अत्यंत प्राचीन, घनिष्ठ और जटिल है। मानव सभ्यता का विकास प्रकृति की गोद में ही हुआ है,, लेकिन जैसे-जैसे विज्ञान और तकनीकी प्रगति ने रफ्तार पकड़ी, वैसे-वैसे मानव ने प्रकृति को चुनौती देना शुरू कर दिया।

दुर्भाग्यवश, यह चुनौती अब उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बनती जा रही है। हर साल हम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हैं—भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, तूफान, सूखा, बादल फटना, जंगलों में आग —पर हर बार यही लगता है कि 'शायद हम आपदाओं से सबक नहीं सीख पाए।' आज विकास का मतलब बन गया है—अधिक पुल, अधिक भवन, अधिक सड़कें और इन सबके लिए बड़े पैमाने पर प्राकृतिक और वन संपदा का विनाश पहाड़ों का बड़े पैमाने पर कटाव, लेकिन क्या यह सब पर्यावरण की कीमत पर होना चाहिए? यदि हम वनों को काटकर पर्यटन स्थल बनाएंगे, नदी-घाटियों में होटल बनाएंगे और हर पहाड़ में सुरंग खोदेंगे, तो आपदाएं अपरिहार्य हैं।

अब समय है सतत विकास की—जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की प्राथमिकता हो। हमें यह समझना होगा कि विकास और विनाश के बीच एक बहुत पतली रेखा होती है, जिसे पार करने का अर्थ है—संपूर्ण पारिस्थितिकी का संकट। हिमाचल जैसे राज्यों में विशेष आपदा-संवेदी निर्माण मानदंड लागू होने चाहिए। आपदाग्रस्त स्थलों का भू विज्ञान की दृष्टि से सर्वेक्षण होना अत्यंत आवश्यक है, आपदा से होने वाले नुकसान की वजह और उसका निवारण करने के लिए पहले से ही सजगता के साथ तैयारी कर लेनी आवश्यक है और उसके अनुरूप कार्यनीति को अंजाम देना आवश्यक किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

सड़क हादसों में मौत को लेकर देश व प्रदेश की सरकारें भी चिंता में हैं। केंद्रीय सरकार भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश में है। इसके लिए नीति तो बनाई गई है, परंतु उसे कार्य करने की दिशा में गंभीर प्रयासों की जरूरत है। जल्दबाजी और नियमों की अनदेखी, इन सभी पर बड़ी गंभीरता से काम करना होगा। लोगों को खुद जगना होगा और दूसरों को जगाना होगा। हाल ही में यूनिसेफ ने रोड सेफ्टी पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य था सड़क सुरक्षा को बच्चों के अधिकार, जनस्वास्थ्य और विकास के मुद्दे के रूप में दोबारा स्थापित करना, साथ ही यह समझना कि मीडिया कैसे व्यवहार में बदलाव, कानूनों के बेहतर पालन में भूमिका निभा सकता है। सड़क हादसों को रोकने के लिए सर्वप्रथम हर घर में परिवार में बैठकर सभी सदस्यों को इस संदर्भ में गंभीरता से विचार करना होगा, तभी कुछ हद तक इस समस्या का हल निकल सकता है। **विपिन सिंह,टांडा**

भारतीय युवा शतरंज में विश्व स्तर पर कायम कर रहे बादशाहत

शतरंज प्रेमियों के लिए आज का दिवस विश्वभर में विशेष है। वैसे तो वर्ष का हर दिन महत्वपूर्ण होता है, परंतु कुछ दिन विशेष प्रायोजन हेतु समर्पित व आयोजित किए जाते हैं-जैसे युनेस्को द्वारा वर्ष 1966 से व बाद में वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 जुलाई को अधिकारिक रूप से भारतीय मूल के इस खेल को 'विश्व शतरंज दिवस' के रूप में मान्यता प्रदान की-जिसका मुख्य उदेश्य शतरंज के खेल को विश्व स्तर पर बढ़ावा देना, तर्क, रणनीति और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहन देने के साथ शांति, समझ और संवाद को बढ़ावा देना था। संस्था द्वारा 20 जुलाई को हर वर्ष विश्व शतरंज दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में 201 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय शतरंज संस्थाएं बना ली हैं। दुनियाभर में 605 मिलियन अर्थात लगभग 50 करोड़ से ज्यादा वयस्क नियमित रूप से शतरंज खेलते हैं। जिसमें 82 लाख के लगभग फीडे रेटिड सक्रिय खिलाड़ी हैं।

हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

यह आंकड़ा शतरंज की लोकप्रियता का प्रमाण है। मूलत: भारत से जिस खेल का प्रादुर्भाव हुआ, जो शुरुआत में शाही खेल हुआ करता था, राजा -महाराजा जिस दिमागी खेल से आपस में कई निर्णय कर लिया करते थे, आज पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त खेल बन चुका है। विश्व के लगभग सभी देशों में आज यह खेल प्रचलित है। भारत ने शतरंज ओलंपियाड का सफल आयोजन करके विश्व जगत को अपनी काबिलियत का परिचय दे दिया है और आने वाले समय में बड़े आयोजन करवाने का मौका पुन: मिल सकता है। भारत में शतरंज खेल को बढ़ावा देने में आखिल भारतीय शतरंज संघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इतिहास के मुताबिक में ओलंपिक खेलों का आयोजन 1200 साल पूर्व योद्धा खिलाड़ियों के बीच हुआ था, हालांकि ओलंपिक का पहला आधिकारिक आयोजन 776 ईसा पूर्व ओलंपिया स्टेडियम में हुआ था। तद्पश्चात ओलंपिक खेल आज तक जारी है, मगर शतरंज खेल अभी तक ओलंपिक खेलों का हिस्सा नहीं बन पाया -विश्व खेल शतरंज संघों को इस बारे में सोचना बाकी है। इस बार विश्व शतरंज संस्था द्वारा 20 जुलाई को, यह दिवस '102वें विश्व शतरंज दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। खेलकूद लोगों के मनोरंजन का प्रमुख एवं परंपरागत साधन है व इसका आयोजन प्राचीन काल से ही होता आया है। समय-समय पर इसके प्रारूप में परिवर्तन होता रहा है।

खेलकूद प्राचीन समय में भी होते थे-मगर शारीरिक गतिविधियों वाले, जिससे उनके शरीर हृष्ट पुष्ट रहते थे, परंतु वर्तमान भौतिक युग में शारीरिक श्रम का महत्व कम होते जा रहा है और लोगों को शारीरिक व मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में खेलों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। बाल्यकाल से ही खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाया जा रहा है। विकसित देशों में तो 2-3 साल की उम्र से ही बच्चों को उनकी रुचि के खेल में पारंगत किया जा रहा है, ताकि बेहतर परिणाम आ सके। वर्तमान में दिमागी संवर्धन के खेल की उपयोगिता व लोकप्रियता किसी से छुपी नहीं है और हमारे देश के युवा-गुकेश, प्रज्ञानंधा, अर्जुन इरीगासी व निहाल सरीन जैसे युवा, अपना परचम विश्व शतरंज में लहरा रहे हैं। विश्व स्तर पर नियमों में एकरूपता लाने हेतु अंतराष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व शतरंज संघ' यानी वर्ल्ड चेस फेडरेशन की स्थापना 20 जुलाई 1924 को पेरिस फ्रांस में की गई-यह संस्था दुनियाभर के राष्ट्रीय शतरंज संघों को निर्देशित करती है व शासी निकाय के रूप में कार्य करती है।

विश्व शतरंज खेल दिवस पर विशेष

समय-समय पर शतरंज खेल नियमों में आवश्यक संशोधन होते रहते हैं व प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से प्रभावी माने जाते हैं। इस वर्ष जुलाई 2025 तक विश्व में 1700 से 2100 के बीच ग्रांडमास्टर बन चुके हैं। विकिपीडिया के अनुसार 2101 ग्रांड मास्टर की लिस्ट फीडे ने जारी की है जिसमें से 3 को रद्द किया जा चुका है। जिसमें रूस अग्रणी है। आज विश्व में नोर्वे का खिलाड़ी मेगनस कार्लसन क्लासिकल-2839, रैपिड-2819 व ब्लीट्ज-2883 रेटिंग के साथ विश्व का नंबर एक चेस प्लेयर है। भारतीय मूल के अभिमन्यु मिश्रा ने सरगई कर्जाकिन का 12 वर्ष 7 महीने की उम्र में ग्रांडमास्टर बनने का विश्व रिकॉर्ड-12 वर्ष 4 महीने व 25 दिन की अवधि में ग्रांडमास्टर बनकर तोड़ दिया।

आनंद के पद चिन्हों पर चलते हुए भारतीय युवा शतरंज में अपनी बादशाहत विश्व स्तर पर कायम कर रहे हैं। ग्रांडमास्टर इस खेल का सबसे बड़ा नोर्म है जिसके लिए पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को 2500 की ईएलओ रेटिंग प्राप्त करनी पड़ती है। भारत के 87 वें ग्रांडमास्टर चेनई के एरा हरिकृष्णन बने। जुलाई 2025 तक भारत में 87 ग्रांडमास्टर, 124 इंटरनेशनल मास्टर , 23 महिला ग्रांडमास्टर, 42 महिला इंटरनेशनल मास्टर व कुल 65000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेटिड खिलाड़ी बन चुके हैं तथा रेटिड खिलाड़ियों के मामले में भारत-रूस के बाद दूसरे नंबर पर है। जब विश्व में कोरोना की वजह से जहां खेलों सहित सब कुछ थम सा गया था-वहीं शतरंज खेल ऑनलाइन माध्यम से विश्व, देश, प्रदेश व जिला स्तर पर निर्बाध रूप से जारी रहा-जिसमें हिमाचल जैसा छोटा पहाड़ी राज्य भी पीछे नहीं रहा, हालांकि इस माध्यम से सभी खिलाड़ी भाग नहीं ले पाते है। सुविधाओं के अभाव में-परंतु फिर भी दिमागी संवर्धन का यह खेल अबाधित जारी रहा, जो इस खेल की अनेक विविधताओं में से एक है। आज भारत का परचम विश्व शतरंज में लहरा रहा है, इसके पिछे शतरंज खेल संघों का सक्रिय योगदान भी रहा हैहैं।

ऑनलाइन प्लेटफार्म जैसे चेस डॉट कॉम, लीचेस्स और आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस पार्टनर गेम्स शतरंज को नई पीढ़ी के करीब ला रहे हैं और भविष्य में मशीन तथा मानव के शतरंज मुकाबले और भी रोमांचक हो सकते हैं। कई देश शतरंज को स्कूली पाठ्यक्र्म में शामिल कर रहे हैं जिसमें भारत भी शामिल है। कुछ राज्यों व केंद्र प्रशासित क्षेत्रों में शतरंज खेल प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक खेल शिक्षा का हिस्सा बन चुका है। इस विश्व शतरंज दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि इस महान खेल को न केवल खेलेंगे, बल्कि नई पीढ़ी में इसकी संस्कृति को भी रोपित करेंगे। शतरंज आज के युग का सबसे सम्मानित बन चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

प्रदेश में विलुप्त हो रहे 'पहाड़ी शब्दों' को सहेजने की आवश्यकता

लोकमानस की स्थानीय बोली ही उनकी संपर्क भाषा होती है। उनके द्वारा बोली जाने वाली बोली को भले ही लिखने की कोई लिपि हो या नहीं, लेकिन उस बोली को ही क्षेत्र के लोग आम बोलचाल में प्रयोग में लाते हैं। उस बोली को देवनागरी लिपि में लिखित सामग्री उपलब्ध हो तो उसे बहुत कम लोग ही पढ़ पाते हैं। कम्प्यूटर के आने बाद अब पढ़ने लिखने का प्रचलन कम हो गया है।

रामलाल पाठक
स्वतंत्र लेखक

नई पीढ़ी अपनी बोली बोलने में शर्म महसूस करने लगी है, इसलिए अपनी मां-बोली को बोलने वाले बहुत कम लोग रह गए हैं। अपनी ठेठ बोली बोलने वाले बुजुर्गों की एक पीढ़ी समाप्त हो गई है। वह पीढ़ी भी अपने साथ कुछ ठेठ पहाड़ी शब्दों को ले गई हैं। वर्तमान बुजुर्गों की पीढ़ी ने अपनी बोली में बहुत से ऐसे शब्दों को सहेज कर रख उनका वह प्रयोग भी कर रही है, लेकिन नई पीढ़ी अपनी बोली बोलने में शर्म महसूस कर रही है।

नतीजतन अब बहुत से शब्द विलुप्त हो गए हैं या विलुप्त होने के कगार पर है। यदि ठेठ पहाड़ी शब्दों को प्रयोग में नहीं लाया जाएगा तो उनक अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। बुजुर्गों के पास लोकसाहित्य का भंडार है। उसमें लोकगीत, लोकगाथा, भजन

लोक कथा लोकनाट्य, संस्कार गीत व लोकगीत आदि शामिल है। यह श्रव्य लोक साहित्य है। बुजुर्गों की पीढ़ी ने प्रस्तुत किया और अगली पीढ़ी ने उसे अपनाया। हालांकि इस लोकसाहित्य का कोई लिखित स्वरूप नहीं है। इसके बावजूद इसे अपनाया तथा पीढ़ी-पीढ़ी प्रसार होता रहा। हालांकि भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी पिछले कई वर्षों से प्रदेश की विभिन्न बोलियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कार्य कर रही है। कई भाषा विद्वान भी इस दिशा में कार्य कर रहे हैं तथा अपने लेखन में स्थानीय बोली के ठेठ शब्दों का प्रयोग करके उनका अस्तित्व बचने में लगे हुए हैं। फिर भी इस कार्य में और अधिक शोध करने की आवश्यकता है।

हिमाचल की कहलूरी (बिलासपुरी) बोली में बुजुर्गों शरीर के अंगों से संबंधित ऐसे कई उदाहरण अपनी बोली की लोकोक्तियों में देते हैं। अर्थात बहुत कम शब्दों में बहुत बड़ा संदेश देते हैं। यह निम्न प्रकार से है। डमाक (दिमाग) या अक्ल- मनुष्य का दिमाग ही उसे अन्य प्राणधारियों में सर्वश्रेष्ठ बनाता है। बड़े बुजुर्ग दिमाग को डमा

भूस्खलन से धर्मपुर-संधोल मार्ग 20 दिनों से बंद, लोग हो रहे तंग

वैकल्पिक सिंगल रोड पर बढ़ा जोखिम, प्रशासन व लोनिवि की धीमी कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

धर्मपुर-स्योह-मढ़ी-संधोल मार्ग धर्मपुर मुख्यालय से कुछ दूरी पर हाजरी क्रशर के पास पिछले बीस दिनों से अवरुद्ध पड़ा हुआ है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मात्र आधा किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए लोगों को आठ से दस किमी लंबा चक्कर काटना पड़ रहा है। 30 जून की रात को बारिश से स्याठी गांव पूरी तरह बेघर हो गया, वहीं धर्मपुर मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर हाजरी क्रशर के पास भारी भूस्खलन हुआ जिससे यह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। बीस दिन बीत जाने के बावजूद सड़क को यातायात के लिए बहाल नहीं किया गया जिससे न बसें चल पा रही हैं। वैकल्पिक रूप से लोग वायां-छपाणु-भरतपुर सिंगल रोड से सफर कर रहे हैं जिसमें वाहनों की आवाजाही अत्यधिक हो गई है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। क्रशर के पास के गांवों मयोह, चकयाणा, वायां भरतपुर के लोग भी बुरी तरह प्रभावित हैं। समौड़ पंचायत के प्रधान प्रताप सकलानी, सकलाना पंचायत के सुरेंद्र ठाकुर, सिधपुर की रीता देवी, ततोहली परडाना की ममता देवी, बहरी पंचायत की पुजा ठाकुर, धर्मपुर की प्रधान ज्योति देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने सरकार, प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से सड़क को तुरन्त खोलने की मांग की है।

टूटी पाइपों को जोड़ने के बाद बहाल होगा मार्ग

लोनिवि मंडल धर्मपुर के अधिशाषी अभियंता ई. अनिल शर्मा ने कहा कि जलशक्ति विभाग की पाइपलाइन जोड़ने का कार्य चल रहा है और जैसे ही यह पूरा होगा मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

पेयजल आपूर्ति को जल्द किया जाएगा बहाल

जलशक्ति विभाग सरकाघाट टाउन व रोपड़ी चौक की टूटी पाइपों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। युनिप्रो कंपनी के मैनेजर अजय कुमार ने बताया कि शनिवार शाम या रविवार तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा और पेयजल आपूर्ति को बहाल कर दिया जाएगा।

बीमार पंकज की मदद को आगे आए जोगिंद्रनगर के जीवन

इलाज व देखभाल की उठाई जिम्मेदारी, बदेहड़ गांव के 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक हालत

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले बदेहड़ गांव का 20 वर्षीय युवक पंकज बीते कुछ वर्षों से जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। पिता का साया सिर से छह वर्ष पूर्व उठ गया था। पिता पेशे से नाई थे और घर की आय का एकमात्र साधन थे। उनके निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उसकी मां के कंधों पर आ गई, जो आजीविका चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी कर रही हैं। गरीबी और संसाधनों के अभाव के बीच पंकज की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती गई, लेकिन समय पर इलाज न मिल पाने के कारण अब वह पूरी तरह बिस्तर पर पड़ चुका है।

पंकज न तो अब बोल सकता है और न ही अपने बल पर चल-फिर सकता है। शरीर के निचले हिस्से में घाव बन चुके हैं, जो लंबे समय से एक ही स्थिति में पड़े रहने के कारण और भी गंभीर हो गए हैं। उसकी पीड़ा को ना तो कोई सुन पा रहा था, और ना ही कोई देख पा रहा था, लेकिन हाल ही में जब पंकज की हालत की तस्वीरें व जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आईं, तो कुछ संवेदनशील दिलों को गहराई तक झकझोर कर रख दिया।

पंकज का हालचाल पूछते समाजसेवी जीवन ठाकुर।

इस दर्दनाक कहानी ने जोगिंद्रनगर के समाजसेवी जीवन ठाकुर को भी भीतर तक छू लिया। उन्होंने तुरंत संकल्प लिया कि पंकज की मदद की जाएगी। शुक्रवार रात वह बदेहड़ गांव पहुंचे और पंकज के लिए एक नया बिस्तर उपलब्ध करवाया, ताकि उसे आराम मिल सके। लेकिन जीवन ठाकुर यहीं नहीं रुके, उन्होंने पंकज के इलाज और उसकी देखभाल की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने की बात भी कही।

शनिवार सुबह जीवन ठाकुर स्वयं पंकज को लेकर जोगिंद्रनगर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टरों से उसका चेकअप करवाया और उपचार की प्रक्रिया शुरू करवाई। इलाज से जुड़ा पूरा खर्च, दवाइयां, जरूरी सामग्री — सब कुछ स्वयं वहन करने का वादा उन्होंने किया। साथ ही, पंकज को पहनने के लिए कपड़े, आरामदायक गद्दा और अन्य जारूरी सामान भी उपलब्ध करवाए गए।

गांववासियों ने प्रशासन और सरकार से भी अपील की है कि वे ऐसे मामलों में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन परिवारों तक पहुंचे जो इलाज और मदद के अभाव में पीड़ित हैं। यदि सरकारी तंत्र समय पर जागरूक हो, तो शायद पंकज जैसी कई कहानियां दर्द में नहीं डूबेंगी, बल्कि उम्मीद और जीवन की ओर बढ़ सकेंगी।

यह घटना एक बार फिर यह याद दिलाती है कि संवेदना, सहयोग और इंसानियत ही वह धागा है जो समाज को जोड़कर रखता है।

न्यूज ब्रीफ

धर्मपुर एफपीओ ने शुरू किया सदस्यता अभियान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। कृषि मंत्रालय की दस हजार एफपीओ गठन योजना के तहत वर्ष 2022 में धर्मपुर में एफपीओ की स्थापना की गई थी, जिसमें शुरूआत में डरवाड़ पंचायत से 103 सदस्य जुड़े थे। अब तक धर्मपुर की 54 में से 50 पंचायतों में 1800 से अधिक शेयरहोल्डर बन चुके हैं। शेष चार पंचायतों को कवर करने के लिए एफपीओ ने जुलाई माह में सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में तनेहड़ और बहरी पंचायतों में एफपीओ कमेटी ने बैठकें कर दो दर्जन नए सदस्य जोड़े। तनेहड़ में आयोजित बैठक पूर्व विधायक संत राम ठाकुर के घर हुई, जिसमें उनके पोते लाल सिंह समेत कई महिलाओं ने सदस्यता ली। प्रमुख नामों में कुंता देवी, पार्वती देवी, रीता देवी, संध्या, करुणा, कल्पना, हंसराज, कैप्टन इंद्र सिंह आदि शामिल रहे। एफपीओ सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस माह के अंत तक 2000 शेयरहोल्डर बनाने का लक्ष्य है, जिसे पूरा करने पर धर्मपुर एफपीओ प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा। भूपेंद्र सिंह ने किसानों से जल्द सदस्य बनने की अपील की है, क्योंकि आगे सदस्यता केवल आवेदन के आधार पर दी जाएगी।

डलाह में बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी

कविता, अनंत ज्ञान, पधर। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा पधर की ओर से गांव डलाह में शनिवार को एक दिवसीय जन सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को बैंकिंग सेवाओं एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अजय कुमार ने की। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा केवाईसी प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक उप प्रबंधक दयाल सिंह ने 'सशक्त ऋण महिला योजना' की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत महिलाएं स्वयं सहायता समूह या व्यक्तिगत रूप से ऋण लेकर स्वरोजगार शुरू कर सकती हैं।

चंदेश में धोखाधड़ी से बचने के बताए उपाय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राज्य सहकारी बैंक शाखा चंदेश द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायत चंदेश के प्रांगण में वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में जन साधारण को डिजिटल लेनदेन, एटीएम, आरटीजीऐस, यूपीआई की जानकारी दी गई। बैंक धोखाधड़ी से बचने के भी उपाय बताए गये। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं जैसे सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना की भी जानकारी दी गई। इस शिविर में स्थानीय पंचायत के उप प्रधान महेंद्र पाल सहित 37 लोगों ने भाग लिया।

धनोटू में श्रीमद्भागवत कथा 25 जुलाई से

भीम बसेड़ु, अनंत ज्ञान, महादेव। जय लखदाता पीर मंदिर समिति धनोटू की अगुवाई में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 25 जुलाई से 1 अगस्त तक किया जाएगा।हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रावणी पर्व के शुभ अवसर पर पुराण कथा सुनने के लिए व्याकुल हुए श्रद्धालुओं के लिए 25जुलाई से प्रातः 11बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी उसके बाद यानि 2बजे से लेकर 5बजे तक श्रीमद्भागवत कथा ;हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर से संबंधित कथावाचक आचार्य रामलोक गर्ग संगीतमयी ढंग से करेंगे। उक्त मंदिर समिति के मुताबिक 1अगस्त को प्रातः 10 बजे पूर्णाहुति के साथ कथा संपन्न हो जाएगी तदोपरांत प्रसाद वितरण और दिन- रात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

नए छात्रों को दी नियमों की जानकारी

अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में विज्ञान संकाय के नवप्रवेशित छात्रों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कॉलेज की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक नियमों और उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर निशा वैद्य ने की। उन्होंने छात्रों को कॉलेज जीवन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र कॉलेज की लाइब्रेरी, लैब्स और अन्य संसाधनों का भरपूर उपयोग कर अपनी शैक्षणिक यात्रा को सफल बना सकते हैं। ओरिएंटेशन सत्र में छात्रों को कॉलेज के उपस्थिति नियम, मूल्यांकन प्रणाली और विज्ञान विभाग की कार्यशैली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों को विभाग के शिक्षकों डॉ. दीपक मोहन, डॉ. अतुल, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. पूनम, आरती शर्मा, अनिता देवी और डीसी राणा से भी परिचित कराया गया।कार्यक्रम छात्रों के लिए संकाय सदस्यों से संवाद स्थापित करने और कॉलेज की अपेक्षाओं को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। महाविद्यालय प्रशासन को विश्वास है कि छात्र आगे चलकर पढ़ाई और सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

चरस मामले में उद्घोषित आरोपी को नालागढ़ से किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

पीओ सैल टीम ने किया सुंदरनगर पुलिस के हवाले

जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सैल ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुंदरनगर के न्यायालय में विचाराधीन चरस बरामदगी मामले में एक उद्घोषित आरोपी को नालागढ़ सब्जी मंडी के समीप गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को आगामी प्रक्रिया के लिए जिला के पुलिस थाना सुंदरनगर के हवाले कर दिया है। आरोपी की पहचान रोहित शर्मा पुत्र मदन लाल निवासी गांव प्लासरा डाकघर नंगल तहसील नालागढ़ जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के तौर पर हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर में वर्ष 2020 में चरस बरामदगी को लेकर एफआईआर दर्ज किया था। वहीं आरोपी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय सुंदरनगर के समक्ष विचाराधीन केस के दौरान कोर्ट से गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे इसी वर्ष मई महीने में उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया गया। इस पर पीओ सैल मंडी टीम एचएचसी मोहिंद्र सैनी व रवि कुमार तथा कांस्टेबल हरीश को आरोपी की नालागढ़ सब्जी मंडी के समीप मौजूद होने की सूचना मिली इस पर मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पीओ सैल टीम मंडी ने चरस बरामदगी मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पीओ सैल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को सुंदरनगर पुलिस के हवाले कर दिया है।

भराडू में युवक से 89 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। शुक्रवार देर रात बस्सी पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भराडू स्थित 33 केवी विद्युत कार्यालय के समीप एक युवक को 89 ग्राम चरस के साथ दबोच लिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। युवक की पहचान ज्योति प्रकाश पुत्र भागमल, निवासी गांव चुल्ला, डाकघर तुलाह, तहसील लडभड़ोल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक नौहली से जोगिंद्रनगर की ओर आ रहा था, तभी रास्ते में उसे दबोच लिया गया। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक यह चरस कहां से लेकर आया था और किसे सप्लाई करनी थी।

भारी तबाही के बाद भी नहीं खुली सड़कें : रजत

प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी बोले, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए सीएम सुक्खू

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

मंडी। प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी रजत ठाकुर ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि 30 जून की रात क्षेत्र में हुई भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी नुकसान के साथ-साथ सड़क, पानी व बिजली की व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बावजूद लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) अधिकांश बंद पड़ी सड़कों को खोलने में नाकाम साबित हो रहा है।

रजत ठाकुर ने बताया कि धर्मपुर से स्योह, संधोल, सुजानपुर व मढ़ी कमलाह संधोल सुजानपुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पिछले 19 दिनों से बंद पड़ी है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की कार्यप्रणाली निष्क्रिय है और कांग्रेस के लोगों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से काम हो रहा है।

प्रेस बयान जारी करते हुए रजत ठाकुर।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोनिवि धर्मपुर मंडल में कई टेंडरों की प्रक्रिया को अधीक्षण अभियंता व अधिशाषी अभियंता जानबूझकर लंबित रखे हुए हैं, क्योंकि उनमें रेट कम हैं। जबकि कांग्रेस समर्थकों को अधिक रेट पर काम दिया जा रहा है। रजत ठाकुर ने जलशक्ति विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए और कहा कि भ्रैंड नाले की सफाई का ठेका भी चहेते लोगों को दिया गया है व वहां से निकला मक अवैध रूप से एनएच कंपनी को बेचा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि इसकी नीलामी होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न कर के चहेतों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर धर्मपुर मंडल महामंत्री सुरेंद्र ठाकुर और पंचायत समिति अध्यक्ष राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

केके सकलानी ने आपदा प्रभावितों को बांटा संबल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर विकास मंच के संस्थापक और प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता केके सकलानी ने शनिवार को लडभड़ोल तहसील के उन गांवों का दौरा किया जो हाल ही में हुई भारी बारिश और भूस्खलन के चलते बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इस आपदा में सबसे अधिक नुकसान ग्राम पंचायत तुल्लाह के कोठी, चुल्ला और खडिहार पंचायत के प्रैण गांव को हुआ है।

केके सकलानी ने मंच के सदस्यों के साथ प्रभावित इलाकों का पैदल दौरा कर स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने गांववासियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके नुकसान, पीड़ा और वर्तमान समस्याओं को गंभीरता से सुना। दौरे के दौरान सकलानी ने प्रशासन से अपील की कि आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता को प्राथमिकता दी जाए।

जोगिंद्रनगर विकास मंच की ओर से इस मौके पर आपदा से सबसे अधिक प्रभावित 11 परिवारों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई, ताकि वे तत्काल जरूरतों को पूरा कर सकें।

आपदा प्रभावितों को राहत राशि बांटते हुए।

इसके साथ ही, 6 आंशिक रूप से प्रभावित परिवारों को 5-5 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। संस्था ने राहत कार्य को आगे बढ़ाते हुए 5 परिवारों को उनके क्षतिग्रस्त घरों की मरम्मत के लिए 30 बैग सीमेंट भी उपलब्ध करवाए, जिससे वे अपने घरों की मरम्मत शुरू कर सकें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मंच भविष्य में भी इस प्रकार की आपदाओं में जन सहयोग के लिए सक्रिय रहेगा और समाज सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। सकलानी और मंच की इस पहल की गांववासियों ने खुले दिल से सराहना की। कई प्रभावितों की आंखों में राहत की आंसू छलक आए। ग्रामीणों ने कहा कि जब सरकारी तंत्र तक पहुंच नहीं बन पाई, तब जोगिंद्रनगर विकास मंच ने उनका हाल जाना और संबल दिया।

बीएड महाविद्यालयों की संबद्धता एसपीयू से ही जारी रखने को लेकर आवाज बुलंद

आदर्श, अनंत ज्ञान

राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

नेरचौक। सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के अधिकार क्षेत्र को कम करने की मनसा के खिलाफ लोगों ने आवाज बुलंद करना शुरू कर दिया है। शनिवार को सरदार पटेल विश्वविद्यालय से संबंधता प्राप्त बीएड कॉलेज प्रबंधकों, प्रशिक्षुओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एसडीएम बल्ह के माध्यम से एक ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को भेजा।

ज्ञापन करिश्मा कॉलेज ऑफ एजूकेशन के प्रबंधक ललित पाठक, विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजूकेशन के प्रबंधक गौरव मरवाह, कोयला माता मंदिर कमेटी के प्रधान सुनील गुप्ता, व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार और महासचिव विनोद जसवाल ने सौंपा। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय से बीएड महाविद्यालय की संबद्धता खत्म कर प्रदेश विश्वविद्यालय से करने के प्रयास कुछ अधिकारी गुपचुप तरीके से कर रहे हैं जो कि न्याय संगत नहीं है। ऐसा होने से कुल्लू और मंडी जिला के लगभग 18 बीएड महाविद्यालय के करीब 1800 प्रशिक्षुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जबकि सरदार पटेल विश्वविद्यालय से संबंधता होने के कारण वह सुगमता से अपनी पढ़ाई कर रहे हैं यह एक हास्यसपद बात है कि सिर्फ विश्वविद्यालय से बीएड कॉलेजों को ही हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से जोड़ा जा रहा है जबकि मंडी व कुल्लू के अन्य महाविद्यालय सरदार पटेल विश्वविद्यालय में ही रहेंगे।

देव विदाई के साथ शाढ़णु मेला संपन्न

अनंत ज्ञान, पधर। उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत गवाली में तीन दिवसीय पारंपरिक शाढ़णु मेला आस्था और उत्साह के वातावरण में देवी-देवताओं की विदाई के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में पंचायत समिति सदस्य एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता घनश्याम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर मेले का समापन किया। इसके पश्चात बड़ा देव सूत्रधारी ब्रह्मा, सियून गहरी और पाइंदल ऋषि अपने कारकुनों संग अगले पड़ाव की ओर प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर घनश्याम ठाकुर ने मेला समिति को मेले के सफल आयोजन के लिए 25,000 की राशि भेंट की। समारोह में पंचायत प्रधान सुनील डोगरा, उपप्रधान जीवन ठाकुर, मेला समिति अध्यक्ष केशव ठाकुर, सचिव खेम सिंह, रिंकू ठाकुर, कर्ण सिंह, हरीश सहित कई मौजूद रहे।

कृषि एवं पशुपालन संबंधी सलाह को लेकर किसानों के लिए एडवाइजरी जारी

धान, मक्का और तिल की फसलों पर दें विशेष ध्यान : डॉ. पंकज

उमेश, अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर के माध्यम से जुलाई महीने के दूसरे पखवाड़े के लिए कृषि एवं पशुपालन संबंधी सलाह किसानों के लिए जारी की गई है। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने बताया कि इस अवधि में फसल उत्पादन, सुरक्षा, सब्जियों की खेती तथा पशुपालन के लिए कुछ जरूरी कार्य किए जाने चाहिए जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन और आर्थिक लाभ मिल सके।

पंकज सूद ने बताया कि धान की खेती करने वाले किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रोपाई के 25 से 30 दिन बाद खरपतवार नियंत्रण के लिए बाइस्पाईरीबैक 10 ईसी का 16 ग्राम प्रति बीघा की दर से छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि मक्का की फसल में 30 से 35 दिन के भीतर निराई-गुड़ाई अवश्य करें और इस प्रक्रिया के दौरान 5 से 7 किलोग्राम यूरिया प्रति बीघा भूमि में डालें।

इसके अलावा तिल की उन्नत किस्मों की बुवाई 400 ग्राम प्रति बीघा की दर से पंक्तियों में करें। बीज को बोने से पूर्व 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से फफूंदनाशक दवा से उपचारित भी करें।

सब्जी उत्पादन के लिए सलाह

पंकज सूद ने बताया कि मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में अगेती फूलगोभी की किस्मों को 45 सेंटीमीटर पौध व पंक्ति दूरी पर शाम के समय मेड़ों पर रोपित करें। टमाटर, बैंगन, शिमला मिर्च, हरी मिर्च व कद्दू सब्जियों में खरपतवार नियंत्रण के लिए निराई-गुड़ाई करते समय पौधों की जड़ों के पास 4 किलोग्राम यूरिया प्रति बीघा डालें। ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में मटर की बिजाई करें। खेत की तैयारी करते समय प्रति बीघा 16 क्विंटल गोबर की खाद, 14.4 किलोग्राम मिश्रित उर्वरक और 4 किलोग्राम म्युरेट ऑफ पोटाश डालें। बीजाई के तुरंत बाद खरपतवार नाशक का 360 मिलीलीटर मात्रा को 60 लीटर पानी में घोलकर प्रति बीघा छिड़काव करें।

किसान ऐसे करें फसल की सुरक्षा

सूद ने बताया कि मक्की की फसल में फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम के लिए प्रति लीटर पानी में दवाई मिलाकर पौधे के ग्रसित खोल में छिड़काव करें। बैंगन, टमाटर व भिंडी की फसलों में फल छेदक सुंडी से बचाव के लिए 2 ग्राम कार्बरिल 50 डब्ल्यू.पी. या 0.5 मि.ली. फैनबलेरेट 20 ई.सी. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। भिंडी में धारीदार भृंग तथा बैंगन व करेले में हड्डा बीटल नियंत्रण के लिए 2.5 ग्राम कार्बरिल या सेविन 50 डब्ल्यू.पी. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। टमाटर व कद्दू वर्गीय सब्जियों में फल मक्खी नियंत्रण के लिए गिरे हुए फलों को इकट्ठा कर नष्ट करें और 10 मिलीलीटर मैलाथियॉन व 50 ग्राम गुड़ को 5 लीटर पानी में मिलाकर फूल व फल बनने की अवस्था पर छिड़काव करें। साथ ही प्रति बीघा 2 पालम फल मक्खी ट्रैप लगाएं। बैंगन और टमाटर में फल सड़न रोकने के लिए 2.5 ग्राम रिडोमिल एम-जेड या मेटको प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

एक कदम संस्था ने बाढ़ प्रभावितों को दी राहत, पोर्टेबल घर का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिले की थुनाग तहसील में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए परवाणू की सामाजिक संस्था 'एक कदम' ने क्षेत्र का दौरा किया। संस्था की टीम ने घर-घर जाकर राहत सामग्री बांटी और आपदा प्रभावितों का हालचाल जाना। संस्था की ओर से महेंद्र सिंह चंदेल, राहुल शर्मा, गगन, ओम, कुलदीप, लखविंदर, अरुण और रजत ने टीम का नेतृत्व किया। राहत सामग्री में गद्दे, राशन, जूते-चप्पल, कपड़े, आवश्यक दवाइयां, महिलाओं के स्वच्छता से जुड़े सामान, छाते और अन्य जरूरी घरेलू उपयोगी वस्तुएं शामिल थीं। इस दौरान थुनाग क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य रजनी ठाकुर और उनके पति युधिष्ठिर भी टीम के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण मित्र बहुउद्देशीय संस्था हिमाचल इकाई एवं प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह चंदेल ने घोषणा की कि विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आपदा प्रभावितों को पोर्टेबल घर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

शिक्षकों को जल्द दिया जाए पदोन्नति का हक : सूद

शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम और शिक्षा मंत्री से किया आग्रह

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

सरकाघाट। शिक्षा विभाग में किसी भी प्रकार के शिक्षकों की पदोन्नति न होने से शिक्षकों में भारी रोष है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की इकाई शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सूद ने मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि शिक्षकों को जल्दी पदोन्नति का हक दिया जाए। हिमाचल प्रदेश एक दुर्गम प्रदेश है और सैकड़ों प्रधानाचार्य के पदों का खाली होना और बहुत सारे प्रवक्ताओं और टीजीटी के पद खाली होना शिक्षा की गुणवत्ता पर बुरा असर डाल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य का कार्य भी वरिष्ठ प्रवक्ता को करना पड़ रहा है जिससे उनके अपने स्वयं के शिक्षण कार्यों को करने में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ रही हैं। बहुत सारे शिक्षक तो बिना किसी पदोन्नति के ही सेवानिवृत्ति भी हो गए यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। दूसरी तरफ न तो महंगाई भत्ते की किस्त मिल रही है न ही पे कमीशन के एरियर के बारे में कोई विचार किया जा रहा है। प्रांत मीडिया प्रमुख शशि शर्मा ने कहा कि जल्द ही पदोन्नति का तोहफा देकर, महंगाई भत्ते की देय किश्तें और चरणबद्ध तरीके से दिए जाने वाले एरियर की देनदारी को एक मुश्त चुकता करके सरकार कर्मचारी हितैषी होने का प्रमाण दे।

शिक्षक संगठन ने की एकजुट मांग

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पवन मिश्रा, महामंत्री नरेश शर्मा,संगठन मंत्री जयशंकर ठाकुर, उत्तर क्षेत्र प्रमुख पवन कुमार, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ राष्ट्रीय प्रमुख बलबीर नेगी, दर्शन लाल, नरेश शर्मा, भीष्म सिंह, हेम राज, सुनील कुमार, ललिता वर्मा, बलदेव मन्हास, विजय कंवर, तीर्थानंद शर्मा, पुरेंद्र, सुषमा कुमारी, जितेंद्र कुमार, रवि शर्मा, रामकृष्ण मार्कंडेय, राज कुमार, कमल देव, शमशेर सिंह, हेमराज कायस्थ, सत्येंद्र शर्मा, अमरदेव, ठाकुर सिंह नेगी, कपिल मोहन, संजीव शर्मा बलदेव, देवराज, प्रकाश चंद, कैलाश चंद, देशराज, राजेंद्र, पवन ठाकुर, घनश्याम, सहदेव, राजीव, रिंकेश और समस्त जिला एवं खंड कार्यकारिणी सदस्यों ने एक सुर में आशा व्यक्त की कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए सरकार उनकी देनदारियों को पूरा करना सुनिश्चित करेगी और विभिन्न पदोन्नतियों की सूची जल्दी ही जारी करेगी जिससे सभी शिक्षक और कर्मचारी अपने सेवा कार्य को बिना किसी चिंता तनाव के कर पाएंगे।

साहस राहत एवं बचाव कार्यों में निभा रहा अहम भूमिका, गर्भवती महिलाओं से लेकर पर्यटकों तक की मदद की

आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हर मोर्चे पर डटा एसडीआरएफ

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

गोहर। आपदा प्रभावित सराज व अन्य क्षेत्रों में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) राहत एवं पुनर्वास कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गत 30 जून की मध्य रात्रि को आई प्राकृतिक आपदा के उपरांत पंडोह से होते हुए थुनाग पहुंचने वाले अग्रणी बचाव दलों में एसडीआरएफ शामिल रहा है। आपदा के उपरांत एक जुलाई को ही एसडीआरएफ जवानों ने प्रथम प्रतिक्रिया दल के रूप में बगस्याड पहुंचने में सफलता प्राप्त की और रास्ते में गिरे पेड़ों को हटाते हुए यह दल वहां तक पहुंचा। इससे अगले दिन बगस्याड से पैदल ही एसडीआरएफ की टीम थुनाग पहुंची और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सैटेलाइट फोन के माध्यम से यहां हुए नुकसान की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। इसके बाद 3 जुलाई को थुनाग से आगे गिरे पेड़ों को हटाते हुए टीम जंजैहली पहुंची। इसी रोज 12 जवानों की दूसरी टीम बाढ़ व भूस्खलन में लापता लोगों की तलाश के दृष्टिगत थुनाग पहुंची।

रास्ते बनाते हुए एसआरडीएफ की टीम।

एसडीआरएफ ने 4 जुलाई को आपदा प्रभावित ग्राम पंचायत नेहरी स

न्यूज ब्रीफ

जन शताब्दी में जुड़े शयनयान व वातानुकूलित कोच

अनंत ज्ञान, ऊना। युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा रेलवे की मांगों को लेकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद व पूर्व मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें उन्होंने दौलतपुर चौक-नई दिल्ली-दौलतपुर चौक जन शताब्दी एक्सप्रेस में बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए 2 शयनयान व 1 वातानुकूलित डिब्बा शामिल किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी इस रेलगाड़ी में तड़के पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचने के लिए यात्रा करते हैं। वर्तमान में इस रेलगाड़ी में सभी डिब्बे कुर्सीयान के लगे हैं, ऐसे में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनकी आरामदायक व्यवस्था के लिए ये डिब्बे जोड़े जाएं। इस के साथ- साथ उन्होंने सरहिंद-दौलतपुर रेलवे खंड के दोहरीकरण की मांग भी उठाई है। उन्होंने कहा कि इस रूट का जल्द दोहरीकरण होता है तो भविष्य में दर्जनों रेलगाड़ियों को इस मार्ग से चलाया जा सकेगा और कम समय में ज्यादा दूरी तय हो सकेगी। वहीं, उन्होंने आगे कहा कि दौलतपुर चौक-अंब अंदौरा के बीच स्थित चिंतपूर्णी मार्ग रेलवे स्टेशन पर वर्तमान समय में एक ही पैसेंजर रेलगाड़ी का ठहराव है। उन्होंने आगे कहा कि रेलवे इस स्टेशन पर दिल्ली जाने वाली दो ट्रेनों मे से एक रेलगाड़ी का ठहराव यहां हो ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।

शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

अनंत ज्ञान, ऊना। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 25 जुलाई कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 15 जुलाई निर्धारित थी। यह जानकारी प्रारंभिक शिक्षा विभाग ऊना के उपनिदेशक सोमलाल धीमान ने दी। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक शिक्षक समय रहते अपना आवेदन उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा, ऊना कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन का प्रारूप एवं आवश्यक शर्तें उपनिदेशक कार्यालय ऊना की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उपनिदेशक ने बताया कि हाल ही में विद्यालयों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई जिलों में भारत स्काउट एंड गाइड की कव और बुलबुल विंग पर्याप्त रूप से सक्रिय नहीं हैं। सोमलाल धीमान ने बताया कि इस दिशा में एक बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्कूली शिक्षकों को कव मास्टर और फ्लॉक लीडर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और समस्त केंद्र मुख्य अध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ स्कूलों में कव और बुलबुल विंग को सक्रिय करना सुनिश्चित करें।

स्कूल प्रवक्ता संघ ने बाढ़ प्रभावितों की मदद की

अनंत ज्ञान, जोल। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ऊना इकाई द्वारा मंडी के थुनाग और सिराज में आई प्राकृतिक आपदा के प्रभावितों और पीड़ितों को राहत सामग्री और आर्थिक मदद प्रदान की गई। स्थानीय लोगों ने संकट की घड़ी में इस पुनीत कार्य के लिए संघ का आभार और धन्यवाद जताया। संघ के प्रधान शशि सैनी और महासचिव संजीव और उनकी पूरी टीम द्वारा स्वयं प्रभावित इलाकों में पहुंच कर राशन सामग्री और प्रेशर कुकर सहित घरेलू बर्तन आदि वितरित किए। शशि सैनी ने कहा कि वहां हालात बहुत ही ज्यादा खराब और गंभीर हैं।मकान , दुकान सब बह गईं हैं और सड़कों की हालत बदतर है। यद्यपि समुदाय, एनजीओ,सरकार और व्यक्तिगत रूप से लोग सहायता में लगे हुए हैं, लेकिन भयंकर त्रासदी के जख्मों को भरने में समय लगेगा। ॥क्क्रस्रुऊना द्वारा एक आदर्श और अनुकरणीय उदाहरण पेश किया गया है कि परोपकार और मानवता की सेवा के माध्यम से समाज में एक सद्भावनापूर्ण और सहानुभूति भरा वातावरण बनाया जा सकता है जो मानवीय संबंधों को मजबूत बनाता है।

कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को बनाएं और सशक्त : भुट्टो

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सोमवार को रायपुर में आयोजित ग्राम केंद्र प्रवास कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान की संकल्पना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में जुट जाएं। भुट्टो ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं और 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का उद्देश्य है कि हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर पूरी निष्ठा से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी चुनावों के दृष्टिगत सभी को सक्रियता के साथ काम करना होगा और केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना होगा। इस कार्यक्रम के साथ ही भाजपा कुटलैहड़ ने अपने जनसंपर्क अभियान को नई दिशा दे दी है और आने वाले दिनों में पार्टी के कार्यक्रमों की श्रृंखला और तेज गति से आगे बढ़ेगी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, राजकुमार, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

पौधे लगाकर माताओं का किया सम्मान

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही। शिक्षा खंड जोल के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला सोहारी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में केंद्र मुख्य शिक्षक भजनलाल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी ने एक साथ मिलकर शीशम, कचनार, आमले और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान छात्रों ने अपनी अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें समर्पित किया। इस दौरान ग्राम पंचायत टकोली के उपप्रधान पंकज रणौत ने इस अवसर पर कहा' एक पेड़ मां के नाम 'अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है। हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। विद्यालय के सभी सदस्यों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सांसद अनुराग ठाकुर ने की केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा, कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

सांसद निधि से स्वीकृत समस्त कार्यों को दिसंबर तक करें पूरा

राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

ऊना। सांसद अनुराग ठाकुर ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की और केंद्र प्रायोजित विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सांसद निधि से स्वीकृत समस्त कार्यों को दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां मनरेगा के तहत कन्वर्जेंस करते हुए लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि योजनाओं की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हो सके।

सांसद ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल लक्ष्यों को प्राप्त करने तक सीमित न रहें, बल्कि कार्यप्रणाली में सुधार लाकर योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाएं। गहन और व्यापक विश्लेषण करते हुए सिस्टम को बेहतर बनाने में योगदान दें ताकि जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके।

दिसंबर तक पूरा करें पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का कार्य : उन्होंने मलाहत में बन रहे पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के कार्य में देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए क्रियान्वयन एजेंसी को दिसंबर तक सभी सुविधाओं सहित निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओपीडी और आईपीडी समेत सभी अत्याधुनिक सेवाएं तय समय में उपलब्ध होनी चाहिएं। उन्होंने भूमि की निशानदेही पूर्ण कर स्थानीय निवासियों की रास्ता मुहैया कराने संबंधी समस्याएं भी प्राथमिकता से हल करने को कहा।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते अनुराग।

ऊना रेलवे स्टेशन का हिमाचली कला संस्कृति व सौंदर्यबोध के अनुरूप हो सौंदर्यीकरण : सांसद ने ऊना रेलवे स्टेशन को हिमाचली कला संस्कृति व सौंदर्यबोध के अनुरूप विकसित करने के निर्देश दिए। स्टेशन के प्रवेश व निकास बिंदु, जन सुविधाएं, कैंटीन, टॉयलेट आदि की स्थिति सुधारने के साथ पार्किंग व्यवस्था के लिए अगले 30 वर्षों की यातायात संभावनाओं पर आधारित विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में मार्च 2026 से पहले सभी नए कोच जोड़े जाएं और यहां से संचालित सभी ट्रेनों में शौचालय सुविधाएं सुनिश्चित हों।

फोरलेन डीपीआर व्यावहारिक आधार पर बने : अनुराग ने ऊना जिले में प्रस्तावित फोरलेन परियोजनाओं की डीपीआर बनाने से पहले पूरी व्यावहारिकता के साथ अध्ययन करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने कहा कि डीपीआर बनाते समय यह तय किया जाए कि मुख्य बाजार चोक न हों, बाइपास कहां जुड़ें और सड़कों का ग्रेड किस तरह हो, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए।

जनप्रतिनिधियों ने रखे बहुमूल्य सुझाव

बैठक में विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलवीर चौधरी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ओंकार नाथ कसाना सहित अन्य सदस्यों ने विकास संबंधी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने सांसद के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और सभी विकास कार्य तय समय में पूर्ण करने की बात कही। वहीं, पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने खनन पर नकेल कसने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा समिति के गैर सरकारी तथा सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

कौशल विकास पर जोर : सांसद ने लीड बैंक मैनेजर से यह डेटा प्रस्तुत करने को कहा कि जिले में किन क्षेत्रों में 5 किमी के दायरे में बैंक शाखा नहीं है। उन्होंने मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं में जन जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कौशल विकास को लेकर बाजार की मांग के अनुरूप कोर्स शुरू करने पर जोर दिया। जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वे सभी हितधारकों के साथ बैठक कर इस संबंध में योजना बनाए। उन्होंने आरसेटी को बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देने पर फोकस करने को कहा।

स्वास्थ्य सेवा में ट्रैकिंग सिस्टम और रेफरल डाटा जरूरी : अनुराग ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मातृ-शिशु भवन की निर्माण समस्याओं को शीघ्र सुलझाने को कहा, साथ ही रेफरल मरीजों के ट्रैकिंग के लिए एक सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए गए, जिससे यह पता चले कि किस मरीज को कहां रेफर किया गया और वहां इलाज हुआ या नहीं।

अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश : ऊना में अवैध और अवैज्ञानिक खनन पर चिंता जताते हुए सांसद ने कहा कि इससे प्रदेश की संपदा और राजस्व दोनों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने तय सीमा से अधिक मलबा ढोने वाले टिप्परों पर सख्त कार्रवाई करने और पकड़े गए अवैध माल पर तीन से चार गुना जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

प्लास्टिक कचरे के निपटान की करें बेहतर व्यवस्था : सांसद ने जिले में औद्योगिक और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक कचरे के प्रभावी निपटान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कचरा सर्वेक्षण कर कलेक्शन सेंटर स्थापित करने और तीन महीने के भीतर कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंब उपमंडल में खुले केंद्रीय विद्यालय के लिए शीघ्र भवन सुनिश्चित करने और सुचारु रूप से कक्षाएं चलाने पर ध्यान देने को कहा गया। बरसात में जलभराव वाले रेलवे अंडरपासों के लिए स्थायी समाधान खोजने और भविष्य उन्मुखी दृष्टिकोण से निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा : सांसद ने बताया कि पीएमजीएसवाई फेज 1 व 2 के तहत जिले में 190 कार्यों पर 311.28 करोड़ तथा पुलों पर 23.26 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यांजना के तीसरे चरण में 30 नई सड़क व पुल परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी भूमि पर किराये पर रह रहे प्रवासी मजदूरों को शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाई जाएं।

अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से हरिद्वार रेल सेवा को अनुराग ने दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

ऊना रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हरिद्वार तक चलने वाली रेल सेवा को अब ऊना के अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन तक विस्तारित कर दिया गया है। इस सेवा का शुभारंभ शनिवार को सांसद अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर स्टेशन परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

रेल को हरी झंडी दिखाते सांसद अनुराग ठाकुर।

वहीं, सांसद अनुराग ठाकुर ने रेलवे के अंबाला डिवीजन के डीआरएम विनोद भाटिया के साथ एक बैठक की और रेलवे स्टेशन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने ऊना जिले में रेल सेवा के विस्तारीकरण को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर सांसद ने कहा कि यह रेल विस्तार न केवल ऊना और अंब उपमंडल सहित कांगड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को हरिद्वार जाने में सुविधा देगा, बल्कि यह धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा।

उन्होंने जानकारी दी कि अगले डेढ़ वर्ष के भीतर इस रेल लाइन को पंजाब के तलवाड़ा तक जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए केंद्र सरकार और रेलवे मंत्रालय मिलकर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने खुद पंजाब सरकार के साथ भी कई दौर की वार्ता की है। उन्होंने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार बड़े स्तर पर निवेश कर रही है और हिमाचल को रेल के माध्यम से देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

वॉलीबाल टीम को कंवर ने दी बधाई

अनंत ज्ञान, बंगाणा। भारतीय अंडर-16 वॉलीबाल टीम ने एशियाई मेन्स अंडर-16 वॉलीबाल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। इस ऐतिहासिक जीत पर राष्ट्रीय वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने पूरी टीम, कोच और सहयोगी स्टाफ को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने जापान जैसी मजबूत टीम को 3-2 से हराकर यह सिद्ध कर दिया है कि हमारी युवा प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि आने वाले समय में भारत की वॉलीबॉल ताकत की झलक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में बिलासपुर जिले के बरठीं निवासी शब्द गौतम की अहम भूमिका रही। कंवर ने कहा कि कोच अजय झांगरा के कुशल नेतृत्व में भारतीय टीम 2026 में होने वाली अंडर-17 वर्ल्ड वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

भरवाईं में सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने सुनी समस्याएं

भरवाईं में कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को बखान किया।

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। जसवां-परागपुर से पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने शनिवार को भरवाईं रेस्ट हाउस में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए अभी तक कोई बड़ा कार्य नहीं हो सका है, जबकि विधायक और सांसद वोट लेने के लिए आते रहते हैं।

कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां : मनकोटिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के लिए मोईन में थाना खुलवाया और परागपुर तहसील से जोड़कर लोगों को रेवेन्यू के काम में आसानी प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब महीने में एक बार भरवाईं रेस्ट हाउस में मीटिंग रखी जाएगी, जिसमें लोग अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे।

समस्याओं का निपटारा : मनकोटिया ने कहा कि अधिकतर समस्याएं बिजली, पानी और सड़कों के निर्माण से संबंधित थीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

आजाद प्रत्याशियों पर हमला

मनकोटिया ने पूर्व में रहे आजाद प्रत्याशियों पर हमला करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद वे गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे प्रत्याशियों से सावधान रहना चाहिए जो केवल वोट लेने के लिए आते हैं और बाद में गायब हो जाते हैं। इस मौके परत्रिभुवन शर्मा, सुशील शर्मा चलाली, दिनेश कुमार, राजकुमार, कुशल सिपहिया, मनीष कुमार, पंकज साहिल, रतन, देशराज, विपिन देवगन, विकास कुमार शेषपाल, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे

समता आंदोलन हिमाचल की नई कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान, ऊना

बाबू जगजीवन राम ऑल इंडिया समता मूवमेंट की हिमाचल प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक माया होटल, ऊना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के पंजाब और हिमाचल प्रांत के अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य ने की। इस अवसर पर प्रदेश और जिला स्तर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन का औपचारिक रूप से पुनर्गठन किया गया।

ऊना में डॉ. केआर आर्य की अध्यक्षता में समता आंदोलन की कार्यकारिणी गठित की गई।

बैठक में प्रदेशभर से संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता, समाजसेवी और पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को जिला और राज्य स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना, सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना तथा दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाना रहा। डॉ. आर्य ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का सपना था कि भारत में सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलें और कोई भी व्यक्ति जाति, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव का शिकार न हो। उन्होंने कहा कि समता आंदोलन का उद्देश्य समाज में बराबरी की भावना को बढ़ावा देना है और युवाओं को जोड़कर सामाजिक चेतना का निर्माण करना है।

बैठक में एचएन चीटू को चेयरमैन, राज्य आयोजन समिति एवं वित्तीय राज्य सलाहकार नियुक्त किया गया, जबकि राजीव भनोट को राज्य उपाध्यक्ष, आयोजन समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई। जितेन्द्र कंवर को राज्य मीडिया सलाहकार, मोहित शर्मा को राज्य महासचिव और पंकज शर्मा को राज्य संयुक्त सचिव का दायित्व सौंपा गया। शकुंतला आर्य को राज्य महिला विंग की अध्यक्ष बनाया गया। इसके अतिरिक्त, एकता भनोट को जिला ऊना अध्यक्ष (महिला विंग), रितु शर्मा को जिला ऊना महासचिव (महिला विंग), मुनिदर सिंह अरोड़ा (राजू) को जिला ऊना मीडिया सलाहकार तथा लखबीर सिंह (लक्की) को जिला ऊना मीडिया प्रवक्ता घोषित किया गया। सोहित गौतम को राज्य प्रवक्ता और सुनील सैनी को जिला अध्यक्ष ऊना नियुक्त किया गया।

बैठक में सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया।

अकाली फौज सेवा संगठन के कार्यालय का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। बाबा दीप सिंह अकाली फौज सेवा संगठन का पुराने होशियारपुर रोड पर नए कार्यालय का शुभारंभ किया गया। संस्था के अध्यक्ष बलवंत सिंह की नेतृत्व में सुखमणि साव जी का पाठ करवाया गया। कार्यक्रम में देग प्रसाद व जल पान का आयोजन किया गया। अध्यक्ष बलवंत सिंह ने बताया की इस संस्था का मुख्य उद्देश्य सिख धर्म के मूल्यों और शिक्षाओं को बढ़ावा देना, सामाजिक सेवा करना, और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। यह संगठन बाबा दीप सिंह जी के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके द्वारा स्थापित सिद्धांतों का समाज में प्रसार-प्रचार करेगा। इस अवसर पर गुरमीत सिंह, हरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, रोहित सिंह, जगपाल सिंह, चंदन सिंह, राजेश सिंह, हरदीप सिंह, विक्रम सिंह, अमरीक सिंह, सुखजीत सिंह, सुखदेव सिंह, गुरदीप, गुरबचन, राजा, जतिन, सतनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह शेट्टी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुकेश के प्रयासों से हरोली कॉलेज में बेटियों के लिए छात्रावास की सौगात

मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान

हरोली। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में बेटियों की शिक्षा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राज्य सरकार द्वारा हरोली स्थित प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में 60 बिस्तरों वाले बालिका छात्रावास के निर्माण को लेकर करीब 5 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक ने इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह स्वीकृति राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) के अंतर्गत दी गई है, जिससे छात्राओं को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रणवीर डडवाल ने बताया कि छात्रावास के निर्माण कार्य के लिए बीएसएनएल को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है और कार्य के लिए करीबन 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि छात्रावास के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री के निरंतर प्रयासों से हरोली कॉलेज को एक बहुआयामी और उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। 16 करोड़ रुपए की लागत से हरोली कॉलेज का भवन लगभग बन तैयार हो चुका है, जहां इस शैक्षणिक सत्र से एमए तथा अन्य डिग्री कोर्स के साथ ही प्रोफेशनल कोर्सेज की कक्षाएं शुरू हुई हैं।

यहां मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य स्ट्रीम के साथ-साथ व्यावसायिक कोर्सेज तथा ललित कलाओं में म्यूजिक सहित अन्य डिग्री कोर्स भी उपलब्ध होंगे। यह छात्रावास ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होगा।

दियाड़ा स्कूल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पौधरोपण करते विद्यालय प्रबंधन के सदस्य, साथ हैं स्कूल के विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान, ऊना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाड़ा में एनएसएस इकाई ने अपने एक दिवसीय शिविर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। एनएसएस स्वयंसेवकों व ईको क्लब के बच्चों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील ठाकुर ने एनएसएस प्रभारी श्यामलाल, अमन शर्मा व ईको क्लब की प्रभारी रेनू वाला की इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सराहना की। प्रधानाचार्य ने एनएसएस इकाई की इस पहल की सराहना की और कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि विद्यार्थियों को भी प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करके हम विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक कर सकते हैं। इस पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया और विद्यार्थियों को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

प्रतिस्पर्धा वीपीएस में सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बच्चों के नारों ने समाज को दिए प्रेरित संदेश

अनंत ज्ञान, ऊना

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। इसमें कक्षा पहली और दूसरी के लिए 'सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता', कक्षा तीसरी और चौथी के लिए 'इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं के लिए 'स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र।

सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर आकर अपना परिचय दिया। उनकी भाषा शैली और प्रस्तुति ने अध्यापकों का मन मोह लिया । स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से अभिधा रावल प्रथम, वियान चौधरी द्वितीय तथा प्रियांशी, लवदीप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से तनिप साहू प्रथम, विधि चौधरी द्वितीय तथा अमाहिरा वशिष्ट, दलराज रीहल तृतीय स्थान पर रहे। 'इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता' का उद्देश्य विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा में अभिव्यक्ति क्षमता, उच्चारण, कथावाचन शैली तथा मंच आत्मविश्वास को विकसित करना था।

एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से सक्षम शर्मा ,परीक्षित जसवाल प्रथम, प्रीशा शर्मा द्वितीय तथा नेरीति शर्मा, कृषिका खन्ना तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से काशवी भारद्वाज प्रथम, रचित शर्मा, रियांश ठाकुर द्वितीय तथा अकीरादीप, प्रियल वर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, विचार अभिव्यक्ति और समसामयिक विषयों की समझ को विकसित करना था। प्रतियोगिता के लिए विभिन्न सामाजिक व राष्ट्रीय महत्व के विषय दिए गए जैसे स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, ड्रग एब्यूज, रोड सेफ्टी इज लाइफ सेफ्टी तथा वर्ड विदाउट वार। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता और सोच को रंग-बिरंगे नारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनके नारों में समाज को जागरूक करने का गहरा संदेश निहित था।

ऑरेंज ग्रुप से कन्वी प्रथम, ख्वाहिश राणा द्वितीय तथा अवनीत, आरवि शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से अक्षमा प्रथम, अर्शिया, अराध्या भारद्वाज द्वितीय तथा श्रेया, समृद्धि व सान्वी तृतीय स्थान पर रहे। मेलन ग्रुप से जैस्मिन धीमान प्रथम, तमन्ना साहू, कनिका द्वितीय तथा इनायत राणा तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और उन्हें आत्मविश्वासी बनाती हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक ज्ञान और अनुभवजन्य ज्ञान देने का है, जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

विधायक विवेक ने जरूरतमंदों को वितरित किए

बिजली महादेव की जगह कहीं और लगाया जाए रोपवे : क्षितिज

बिजली महादेव रोपवे के विरोध में उतरा हिंदू जागरण मंच, 25 के प्रदर्शन का किया समर्थन, कहा-देव आस्था का सरकार करे सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। कई संस्थाएं, मंच और लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब हिंदू जागरण मंच भी बिजली महादेव रोपवे के विरोध में चल रहे जन जागरण अभियान के समर्थन में आया है।

बिजली महादेव रोपवे का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है, हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

शनिवार को ढालपुर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष क्षितिज सूद, महासचिव यशपाल व सदस्य अनुराग ने कहा कि हिमाचल में देवनीति सर्वोपरि है। बिजली महादेव ने भी देववाणी में रोपवे का विरोध किया है। बावजूद इसके सरकार यहां पर रोपवे बना रही है। देव आस्था के स्थल को विकास और पर्यटन से जोड़ना गलत है। महादेव शांतिप्रिय देवता हैं। हमेशा ध्यानमग्न रहते हैं, ऐसे में उनके स्थल पर जब लोगों की संख्या बढ़ेगी, तो शोर-शराबा सहित अन्य गलत गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होगी, जो कि महादेव को पसंद नहीं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में बर्फ के कारण तीन माह तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं और इन तीन माह में वहां शांति होती है। ऐसे ही बिजली महादेव में भी जब बर्फ गिरती है उस समय यहां पर लोग कम संख्या में दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन जब रोपवे लगेगा तो हर समय लोग यहां आएंगे कोई दर्शन के लिए, तो कुछ पर्यटन स्थल में घूमने और मौज मस्ती के लिए पहुंचेंगे और यहां के माहौल को खराब करेंगे क्योंकि बाहरी राज्यों से आए लोगों को यहां की देवनीति बारे जानकारी नहीं होगी।

इससे एक शांत धार्मिक स्थल शोर-शराबे वाला पर्यटन स्थल ही बनकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि इसलिए इस रोपवे का हिंदू जागरण मंच विरोध करता है और 25 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। मंच के कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग रखी है कि वह लोगों की देव आस्था का सम्मान करें और रोपवे को रद्द किया जाए। उन्होंने कहा कि जब रोपवे का सभी लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा है, तो सरकार को भी उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। इस रोपवे को अन्य जगहों पर भी लगाया जा सकता है, जहां पर पर्यटन व अन्य संभावनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सके। पिछले कई सालों से लोग इस रोपवे का विरोध कर रहे हैं।

ऐसे में सरकार को भी इस बात को समझना चाहिए कि बिजली महादेव देव आस्था का स्थल है न कि इसे पर्यटन स्थल के तौर पर जनता के बीच पेश किया जाना चाहिए। यशपाल और अनुराग ने बताया कि 25 जुलाई को बिजली महादेव रोपवे विरोध समिति के द्वारा एक प्रदर्शन रखा गया है। इसमें हजारों लोग शामिल होंगे। ऐसे में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता भी इस प्रदर्शन में शामिल होकर अपना विरोध सरकार के समक्ष रखेंगे।

प्रदेश सरकार महादेव और देववाणी का कर रही अपमान : अरविंद चंदेल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कहा कि जब बिजली महादेव ने देववाणी में रोपवे का विरोध किया है फिर जबरदस्ती रोपवे क्यों लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बिजली महादेव एक धार्मिक और सभी की आस्था का केंद्र है न कि पर्यटन स्थल। यहां पर रोपवे किसी भी सूरत में हम नहीं बनने देंगे। शनिवार को कुल्लू के ढालपुर में पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिजली महादेव गुर के माध्यम से कई बार रोपवे का विरोध कर चुके हैं, ऐसे में देव वाणी का सम्मान जरूरी है, लेकिन सरकार महादेव और देववाणी का अपमान कर रही है और इस धार्मिक स्थल को पर्यटन से जोड़ने पर तुली हुई है। अरविंद चंदेल ने कहा कि बिजली महादेव एक तपोभूमि है और इसे तपोभूमि ही रहने दिया जाए, न कि इसे पैसे कमाने का साधन बनाया जाना चाहिए। जिला कुल्लू में देव वाणी का सभी लोग सम्मान करते हैं और देवता के द्वारा जो भी आदेश दिए जाते हैं। उसका यहां के लोग पालन करते हैं। प्रदेश सरकार केंद्र की भाजपा सरकार को भी इस मुद्दे पर गुमराह कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व को अभी तक पूरी बात नहीं पता। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बारे प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से भी चर्चा की जाएगी और उनके माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा प्रधानमंत्री के समक्ष भी रोपवे का मुद्दा उठाया जाएगा, ताकि स्थानीय जन भावनाओं का सम्मान करते हुए इस रोपवे को रद्द किया जाए। वहीं, उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को रोपवे के विरोध में कुल्लू में बहुत बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। उन्होंने उस आंदोलन का समर्थन करते हुए लोगों से भी भारी संख्या में इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने जाना आपदा पीड़ितों का हाल

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी सराज में महिलाओं का दुख-दर्द साझा करती हुईं।

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली गांव से ताल्लुक रखने वाली राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र सराज में जाकर लोगों का दुख-दर्द बांटा। सराज घाटी के विभिन्न गांव में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और आपदा पीड़ितों की समस्याएं जानने के बाद राहत कार्यों में युद्ध स्तर पर काम शुरू हो गया है।

नेगी ने मनाली आकर बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रशासन को जो आदेश दिए थे, उन्होंने उसका अनुसरण किया। नेगी ने लगभग दस किलोमीटर पैदल चल कर लोगों का हाल जाना उन्होंने इस दौरान लंबा थाच, पुखडेल, बराड और डेजी ग्रां का भी दौरा किया। जंजैहली क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों द्वारा बिजली की समस्या दूर करने की मांग की थी, जिस पर उन्होंने विभागों को जल्द बिजली सुचारु रूप से उपलब्ध करवाने को कहा था, जिसके बाद जंजैहली में बिजली पहुंच गई है, लेकिन अभी रैल चौक पंचायत के पिछले गांव और शिकारी देवी की तरफ बिजली नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विभागों को आदेश दिए हैं कि जल्द इलाके में हर सुविधा उपलब्ध होगी। हर कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा। नेगी के इस दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ चेत राम, विजयपाल और जगदीश रेड्डी भी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

वेतन निर्धारण से संबंधित मामलों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू प्रधानाचार्य व निरीक्षण अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौहान की अध्यक्षता में उपनिदेशक उच्च शिक्षा कुल्लू से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर प्रधानाचार्यों के नियमितीकरण तथा वेतन निर्धारण से संबंधित लंबित मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और इन प्रकरणों को जल्द व प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का आग्रह किया। संघ ने मांग की कि वर्षों से लंबित मामलों का निष्पादन विभागीय स्तर पर समयबद्ध एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाए, जिससे पात्र अधिकारियों को समय रहते उनका वेतन लाभ व सेवा सुरक्षा प्राप्त हो सके। प्रतिनिधिमंडल को उपनिदेशक ने आश्वासन दिया कि सभी संबंधित मामलों की जल्द समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पौधरोपण कर हरियाली का दिया संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के पर्यावरण विज्ञान विभाग तथा वाणिज्य संकाय समिति ने जीबीपीएनआईएचई मौहल के सहयोग से 'हरित गतिविधि पहल' के अंतर्गत काईसधार बीट, तारापुर ब्लॉक भुट्टी रेंज में पौधरोपण किया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना तथा पौधरोपण एवं प्रतिभागियों को स्थानीय स्तर पर उनके पारिस्थितिकीय प्रभाव के प्रति शिक्षित कर पर्यावरण की दिशा में एक हरित भविष्य को बढ़ावा देना है। इस गतिविधि को सफल बनाने के लिए जीबीपीएनआईएचई मौहल तथा वन विभाग ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। वन विभाग भुट्टी ने इस गतिविधि के लिए 200 पेड़ उपलब्ध करवाए। इस दौरान महाविद्यालय के 40 से अधिक छात्रों, ग्राम पंचायत बुआई के प्रतिनिधि मोहर सिंह, महिला मंडल बुआई, वन रक्षक, काईसधार बीट नवीन कुमार जी ने सक्रिय योगदान दिया।

सेऊबाग में 11 ग्राम चिट्टे सहित अमृतसर के दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले में एएनटीएफ (एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स) की टीम ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान को जारी रखते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने गश्त के दौरान कुल्लू के सेऊबाग से पंजाब के दो व्यक्तियों को 11 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि जब एएनटीएफ की टीम लैफ्ट बैंक, सेऊबाग इलाके में नियमित गश्त पर थी। उस समय टीम को वहां मौजूद दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुई। टीम ने शक के आधार पर उक्त दोनों व्यक्तियों को काबू किया और उनकी तालाशी ली। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से 11 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उक्त दोनों आरोपियों की पहचान अमन शर्मा पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा, निवासी फतेहपुर छबला रोड, सतनाम नगर कालोनी, पोस्ट ऑफिस हकीमा गेट, तहसील एवं जिला अमृतसर (पंजाब) और कुलदीप सिंह पुत्र संतोष सिंह, निवासी माला बाली, पोस्ट ऑफिस जुजर सिंह, पुलिस थाना कैंटोनमेंट, तहसील एवं जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट कर तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले में आगामी जांच में जुट गई है।

निरमंड कॉलेज में सीपीआर व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विद्यार्थियों को सीपीआर तकनीक की महत्ता समझाई

अनंत ज्ञान, आनी

राजकीय महाविद्यालय निरमंड में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज प्रशासन तथा सेना चिकित्सा कोर की 2130 फील्ड अस्पताल, पूह (जिला किन्नौर) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी कैप्टन डॉ. संदीप ठाकुर द्वारा सेना अधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य राजन देवी नेगी ने औपचारिक रूप से सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन आदर्श सिन्हा ने अपने दल के साथ विद्यार्थियों को सीपीआर तकनीक की महत्ता समझाई। उन्होंने बताया कि यह तकनीक जीवन रक्षक है और किसी भी आपात स्थिति में इसे अपनाकर किसी की जान बचाई जा सकती है। व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। कार्यक्रम में वर्षा ऋतु में फैलने वाले बीमारियों जैसे स्क्रब टाइफस व सांप काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। सत्र को विद्यार्थियों ने अत्यंत लाभकारी, रोचक एवं ज्ञानवर्धक बताया। समापन अवसर पर कैप्टन डॉ. संदीप ने आभार प्रकट किया तथा प्राचार्य राजन देवी नेगी ने सेना अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण व 130 से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे, जिनमें एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

सेना चिकित्सा कोर विद्यार्थियों को जीवन रक्षक प्रशिक्षण देते हुए।

लोसर पुल न बनने से बढ़ी ग्रामीणों की दिक्कत : रवि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि लोसर पुल न बनने से ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोसर, चिचोंग, मोनडकसर, खुलाकसा के किसान व स्कूली बच्चे खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि सरकार प्रशासन और बीआरओ कोई सुध नहीं ले रहे हैं। पिछले वर्ष पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। बीआरओ ने अस्थायी पुलिया का निर्माण किया था, जो पिछले दो माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गई है। बीते दिन अस्थायी पुलिया ही नदी में बह गई। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है। फसल तैयार हो गई है। किसान-बागवान भी परेशान हैं। होम स्टे और टूरिज्म ठप है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि ग्रामीणों की दिक्कत का जल्द समाधान किया जाए।

आपदा में बंजार के एसडीएम कार्यालय से नदारद : शौरी

न अवकाश पर, न ही किसी अधिकृत दौरे पर, डीसी को भी नहीं जानकारी

अनंत ज्ञान, बंजार

आपदा के इस चुनौतीपूर्ण दौर में बंजार प्रशासन के प्रमुख अधिकारी के गायब होने पर स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने कड़ी नाराजगी जताई है। शनिवार सुबह बंजार मिनी सचिवालय में जनता को संबोधित करते हुए विधायक शौरी ने प्रशासनिक अव्यवस्था को लेकर तीखा प्रहार किया।

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी लोगों से चर्चा करते हुए।

विधायक ने कहा कि जहां एक ओर बंजार विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर सड़कें भूस्खलन व बारिश के चलते बंद पड़ी हैं। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन गहरी नींद में है। फल सीजन अपने चरम पर है और सब्जी मंडी भी अव्यवस्थाओं का शिकार है, लेकिन इन गंभीर परिस्थितियों में एसडीएम बंजार शुक्रवार से ही कार्यालय से नदारद हैं। न तो वह अवकाश पर हैं और न ही किसी अधिकृत दौरे पर। वहीं, इस बारे में डीसी कुल्लू सहित किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को कोई जानकारी नहीं है। दो माह के लंबे संघर्ष के बाद जो एसडीएम पुन: बंजार में नियुक्त हुए थे, उनका अचानक से कार्यालय से नदारद हो जाना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात भी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बंजार में व्यवस्था परिवर्तन की नई मिसाल बनती जा रही है, जहां प्रशासनिक जवाबदेही पूरी तरह से शून्य होती जा रही है। विधायक ने मांग की है कि राज्य सरकार और डीसी कुल्लू इस विषय में तत्काल संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जनता के प्रति प्रशासन की जवाबदेही कायम रह सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंजार की जनता अब ऐसी गैर-जवाबदेह कार्यप्रणाली को स्वीकार नहीं करेगी।

मनाली के अस्पतालों में ऑपरेशन ठप, मरीज तड़प रहे : गोविंद ठाकुर

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली के अस्पतालों में मरीज तड़प रहे हैं, ऑपरेशन ठप पड़े हैं और कांग्रेस सरकार आंख मूंदे बैठी है।

आखिर जनता की जान की कीमत इस सरकार के लिए कितनी है यह सवाल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार से पूछते हुए कहा कि सुक्खू सरकार की लापरवाही और कुप्रबंधन ने स्वास्थ्य सेवाओं का पूरी तरह पंगु बना दिया है। गोविंद सिंह ने कहा कि मनाली जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल और आसपास के हजारों ग्रामीणों के लिए केवल दो अस्पताल हैं। मिशन अस्पताल को लगभग 50 लाख रुपए और सरकारी अस्पताल का 70 लाख रुपए का भुगतान लंबित है। बकाया भुगतान न होने से मरीजों को मुफ्त इलाज नहीं मिल पा रहा है। सरकार की यह चुप्पी बेहद शर्मनाक है। क्या जनता का इलाज के लिए तरसाना ही इस सरकार की 'गर्व की गारंटी है। गोविंद ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि मनाली अस्पताल में एनेस्थीसिया का केवल एक ही डॉक्टर है, जिसे सुक्खू सरकार ने श्रीखंड यात्रा की ड्यूटी पर भेज दिया। उनके जाने के बाद अस्पताल में ऑपरेशन पूरी तरह ठप हो गए हैं।

सवाल यह है कि जब अस्पताल में पहले ही डॉक्टरों की भारी कमी है, तो सरकार ने एकमात्र विशेषज्ञ को वहां से कैसे हटा दिया। क्या सरकार के पास इतनी भी व्यवस्था नहीं कि वह वैकल्पिक डॉक्टर की नियुक्ति कर सके। गोविंद ने सरकार से मांग उठाई है कि श्रीखंड यात्रा पर भेजे गए एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉक्टर को तुरंत मनाली अस्पताल में वापस भेजा जाए और वहां किसी अन्य डॉक्टर की तत्काल नियुक्ति की जाए। साथ ही, मिशन अस्पताल और नागरिक अस्पताल के बकाया भुगतान को तुरंत जारी किया जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

पानी की दरों में बढ़ोतरी का निर्णय गलत : चंबियाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

शास्त्रीनगर विकास समिति के सचिव जीसी चंबियाल ने कहा कि सरकार की ओर से पानी की दरों में जो बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया है, वह सरासर गलत है।

सरकार ने पानी के बिलों में बिना पूर्व सूचना और बिना उपभोक्ताओं के सुझाव लिए बढ़ोतरी कर दी है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग ने एक अक्तूबर से दिसंबर तक के कई महीनों बाद जुलाई 2025 में शिमला स्तर पर बढ़ी हुई दरों पर हजारों व लाखों के बिल उपभोक्ताओं को जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि प्रदेश सरकार हिमाचल को पानी-बिजली दूसरे राज्यों की तरह निशुल्क उपलब्ध कराती क्योंकि हिमाचल प्रदेश ही अन्य राज्यों को पानी-बिजली उपलब्ध कराता रहा है और परियोजना से हो रहे प्रदूषण जल, जंगल, जमीन और हर साल आते प्राकृतिक प्रकोप व आपदा से जमीन का अत्यधिक नुकसान यहां के लोगों को झेलना पड़ रहा है। ऐसे में कम-से-कम प्रदेशवासियों को पानी और बिजली तो राहत के तौर पर निशुल्क उपलब्ध की जाती।

जीसी चंबियाल ने कहा कि ऐसा होना चाहिए था और यही न्याय संगत भी होता कि कम से प्रदेशवासियों को पानी, बिजली की सुविधा तो निशुल्क मिलती, लेकिन निशुल्क तो दूर उल्टा सरकार ने हिमाचल में पानी के बिलों में बढ़ोतरी कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। यह निर्णय न्याय संगत नहीं और सभी जिला वासी इसका विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में शास्त्री नगर विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू से मिला और उनके माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजकर पानी की दरों में की गई बढ़ोतरी को कम करने की मांग रखी, ताकि जनता पर बोझ न पड़े। शिमला व कुल्लू में पानी की सप्लाई में अंतर है, यहां ग्रेविटी से पानी आता है इसलिए सरकार अपने आदेशों को वापस ले। साथ ही उन्होंने मांग की है कि उपभोक्ताओं को हर माह पानी के बिल जारी किए जाए। तीन माह के इक्ट्ठे बिल आने से भी पानी का वॉल्यूम उपर चला जाता है और बिल की दरें अपने आप ही बढ़ जाती हैं। इस मौके पर उनके साथ समिति सदस्य भीषण दास, शक्ति सिंह, प्रभात भानू व तारा चंद मौजूद रहे। सभी ने कहा कि जिले के शहरी क्षेत्रों में जलशक्ति विभाग ने राजधानी शिमला की तर्ज पर पेयजल बिल के लिए टैरिफ प्लान को लागू कर दिया है, जो कि गलत है, ऐसे में उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति रोष है। उन्होंने सरकार से पानी के बिल के नए टैरिफ को रद्द करने की मांग उठाई है।

चिंता प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, धर्म के नाम पर पर्यावरण से अन्याय नहीं होगा स्वीकार

श्रीखंड यात्रा में गंदगी को लेकर श्रद्धालुओं ने उठाए सवाल

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। श्रीखंड महादेव यात्रा में गंदगी और अव्यवस्थाओं को लेकर यात्रा से लौटने वाले श्रद्धालुओं ने चिंता जताई है। श्रीखंड से दर्शन कर लौटे गगन शर्मा, पूर्ण सक्सेना, इशानी ठाकुर आदि ने श्रीखंड के रास्ते मे जगह-जगह प्लास्टिक का कचरा फैले होने पर गहरी चिंता प्रकट की है। साथ ही श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट और जिला परिषद कुल्लू द्वारा यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के दावों पर भी प्रश्नचिन्ह लगाया है।

पूर्ण सक्सेना ने कहा कि वे 17 बार श्रीखंड यात्रा पूरी कर चुके हैं, लेकिन इस सुंदर घाटी में फैली गंदगी मन को झकझोर देती है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर जगह-जगह प्लास्टिक की बोतलें, खाने के रेपर और कचरे के ढेर देखने को मिलते हैं। श्रीखंड के 7 बार नंगे पांव दर्शन कर चुकी बागीपुल की इशानी ने भी श्रीखंड यात्रा के मार्ग में फैले प्लास्टिक के कचरे को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि इस यात्रा में निकलने वाले हर एक श्रद्धालु को बेसकैंप पर ही जागरूक किया जाना जरूरी है, जबकि श्रीखंड के रास्ते मे टेंट लगाकर काम कर रहे स्थानीय युवा गगन शर्मा का कहना है कि वे कई वर्षों से श्रीखंड यात्रा के दौरान रोजी रोटी कमाने का काम करते हैं और जरूरत के समय सेवा भी करते हैं, लेकिन हर बार देखा जा रहा है कि श्रीखंड यात्रा में निकलने वाले अधिकांश श्रद्धालु यात्रा को लेकर बिना किसी पूर्व जानकारी के निकल पड़ते हैं। आलम यह है कि जिस यात्रा में खाली चल पाना मुश्किल हो जाता है, ये लोग अपने साथ पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक्स, नमकीन, चिप्स आदि लेकर निकलते हैं और जैसे ही हालात बेबस होते हैं, तो अपना सामान हर कहीं फेंक देते हैं। जूते फट जाएं तो वे रस्ते में ही फेंक दिए जाते हैं। सुझाव दिया ट्रस्ट को चाहिए कि यात्रा में निकलने वाले हर एक यात्री को पंजीकरण के दौरान बेसकैंप में ही यात्रा की हर स्थिति के बारे अवगत करवा दिया जाना चाहिए। साथ स्वच्छता को लेकर अच्छी तरह जागरूक किया जाना चाहिए।

श्रीखंड महादेव यात्रा में गंदगी, अव्यवस्थाओं को लेकर यात्रा से लौटने वाले श्रद्धालुओं ने जताई चिंता, रास्ते में पड़ी गंदगी।

एसडीएम निरमंड एवं श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह ने बताया कि स्वयंसेवी संस्था हिमालयन ट्राइब फाउंडेशन द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है और यात्रियों को जागरूक भी किया जा रहा है।

धर्म के नाम पर पर्यावरण के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं

6 वर्षों पहले भी राष्ट्रीय पर्वतारोही डॉ. ललित मोहन ने श्रीखंड यात्रा के दौरान गंदगी देखकर तीखा बयान देते हुए कहा था कि मेरी धर्म में पूर्ण आस्था है, लेकिन धर्म के नाम पर पर्यावरण के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन और सरकार से तीखे सवाल पूछते हुए कहा कि जब देशभर में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को लेकर अभियान चल रहा है, तब महादेव की नगरी को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है?

क्या कहते हैं जिला परिषद अध्यक्ष

जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार ने कहा कि श्रीखंड यात्रा मार्ग पर गंदगी नहीं है, सफाई कर दी गई है, जब उन्हें ताजा फोटो और वीडियो दिखाने की बात कही गई, तो उन्होंने कहा कि स्वच्छता की निगरानी वे स्वयं करते हैं। उनके अनुसार अधिकतर गंदगी यात्रा शुरू होने से पहले ही अवैध रूप से गए श्रद्धालुओं और टेंट वालों द्वारा फैलाई गई है। उन्होंने कहा कि पार्वती बाग, नैन सरोवर और श्रीखंड की सफाई उनकी जिम्मेदारी है। इन्हें आगाह किया गया है कि यात्रा के बाद सफाई करेंगे और उल्लंघन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

श्रीखंड यात्रा मार्ग पर चलेगा स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, आनी। श्रीखंड महादेव यात्रा मार्ग पर स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

हिमालयन ट्राइब फाउंडेशन के स्वयंसेवक इस पहल को कार्यान्वित करेंगे। फाउंडेशन की 30 सदस्यीय टीम को रवाना किया गया। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने यह जानकारी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत दी। एसडीएम ने बताया कि कुल्लू डीसी एवं श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष तोरुल एस रवीश के निर्देशानुसार मार्ग की स्वच्छता के लिए समय-समय पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में हिमालयन ट्राइब फाउंडेशन की टीम को प्रस्थान कराया गया। यह अभियान 19 से 23 जुलाई तक संचालित होगा। मनमोहन सिंह ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि श्रीखंड महादेव यात्रा मार्ग संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र में स्थित है। इस मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ पर्यावरण न केवल तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित है, बल्कि यह हिमालयी क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को भी संरक्षित करता है।

धन धान्य कृषि योजना से मजबूत होगा देश का किसान : अखिलेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर ने कहा कि भारत में अब किसानों को कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे देश का किसान आर्थिक रूप से अधिक मजबूत होगा क्योंकि अब केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है7

इस योजना के तहत 24 हजार करोड़ रुपए सालाना बजट के तौर पर खर्च किए जाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना के दायरे में देश भर के 100 जिले आएंगे और सरकार के द्वारा इसकी अवधि छह साल रखी गई है। अखिलेश कपूर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आम बजट में इस योजना का ऐलान किया था और अब बजट की घोषणा के साथ इसे हरी झंडी दे दी गई है। इस योजना में कृषि क्षेत्र से जुड़ी 36 मौजूदा योजनाओं को समाहित किया जाएगा और इसमें फसलों के विविधीकरण और खेती की नई तकनीकों पर जोर दिया जाएगा। भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर ने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को गेहूं-चावल के साथ दलहन-तिलहन और नकद फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और फसलों में विविधिता आने से उपज बेहतर होगी, ताकि आमदनी बढ़ाई जाए।

योजना के अनुसार बेहतर उपज में मददगार नई कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा और फसल चक्र के साथ पर्यावरण संतुलन बनाने पर फोकस रहेगा। अखिलेश कपूर ने बताया कि इस धन धान्य कृषि योजना के तहत, फसलों के पंचायत और ब्लॉक लेवल पर ही भंडारण की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे गेहूं-चावल जैसी उपज को बर्बादी से बचाया जा सकेगा। वहीं, किसानों को सस्ता और किफायती लोन दिलाया जाएगा। खेती में निवेश के बेहतर उपाय किए जाएंगे और पहले चरण में 100 जिलों को कृषि जिलों के तौर पर विकसित किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

पूनम ने आपदा राहत के लिए दिए डेढ़ लाख रुपए

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की। अर्की क्षेत्र में किन्नरों की गुरु पूनम महंत ने मंडी में आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 लाख 51 हजार रुपए का दान दिया। पूनम महंत समय-समय पर गरीब लड़कियों की शादी भी करवाती है। उनका मानना है कि वे जो कुछ भी कर रही हैं, वह आम जनता के पैसे से कर रही हैं। इस मौके पर उन्होंने लोगों से अपील करते हुए मंडी में आई आपदा के लिए कुछ न कुछ मदद जरूर करने का आह्वान किया। पूनम महंत द्वारा बहुत सी बेसहारा गायों के लिए एक गोशाला का निर्माण भी किया गया है। इसका संचालन वह स्वयं करती हैं। उधर, एसडीएम अर्की निशांत तोमर ने भी पूनम महंत के इस कार्य कि सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा दी गई राशि से उन जरूरतमंद लोगों की सहायता होगी, जिसको इस समय इसकी असल जरूरत है।

शहीद सैनिकों की बेटियों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा

अनंत ज्ञान, नाहन। अथर्व यूनिवर्सिटी ने देश भर के शहीद सैनिकों की बेटियों और जम्मू-कश्मीर तथा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी की सभी शाखाओं में विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा की है। अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई के संस्थापक सुनील राणे ने कहा कि शहीदों की बेटियों के लिए 100 फीसदी और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के छात्रों के लिए 75 फीसदी छात्रवृत्ति उपलब्ध है। यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग, बीबीए, एमबीए, होटल मैनेजमेंट, बीसीए और बी-डिजाइन्स में पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

सोहरा-कांगरी सड़क के समाधान के निर्देश

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। अर्की उपमंडल की सेवड़ा चंडी पंचायत की कच्ची सोहरा से कांगरी माहूनाग सड़क मार्ग की खस्ताहाल सड़क की समस्या का समाधान करने के लिए विधायक संजय अवस्थी ने दाड़लाघाट के सहायक अभियंता बीआर कश्यप को आदेश दिए हैं। विधायक के आदेश के बाद सहायक अभियंता ने कनिष्ठ अभियंता हरीश कुमार को मौके पर भेजा और स्थानीय लोगों को वहां पर बुलाया। कनिष्ठ अभियंता हरीश कुमार ने बताया कि सड़क की खस्ताहाल स्थिति को ठीक करने और कीचड़ और पुलिया की समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने विधायक संजय अवस्थी और सहायक अभियंता बीआर कश्यप का आभार जताया। इस मौके पर लोक निर्माण के कनिष्ठ अभियंता हरीश कुमार, ग्रामीणों में कुलदीप ठाकुर, सोहनलाल, नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

माजरा में कांवड़ियों के लिए कांवड़ शिविर शुरू

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। श्रावण मास के अवसर पर माजरा क्षेत्र में कांवड़ियों के लिए एक विशेष कांवड़ शिविर की शुरुआत की गई है। इस शिविर में दिन-रात आने-जाने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए रहने, खाने और पीने की उचित और निशुल्क व्यवस्था की गई है। शिविर में स्थानीय समाजसेवियों, युवाओं और संस्थाओं द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं। कांवड़ यात्रियों को चाय, शरबत, भोजन, विश्राम स्थल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें यात्रा में कोई कठिनाई न हो। सेवा ही धर्म है की भावना के साथ, माजरा में यह शिविर धार्मिक आस्था और जनसेवा का संगम बन चुका है।

10 लाख के विकास कार्यों के किए शिलान्यास

महेंद्र वर्मा, अनंत ज्ञान, परवाणू। परवाणू में शनिवार को विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने परवाणू में विकास कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही परवाणू के आनंद पार्क में पौधरोपण भी किया। परवाणू में लंबे समय से लंबित वेंडिंग जोन के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए के कार्य का शिलान्यास किया गया साथ ही प्यूरोलेटर रोड के नाले पर बनने वाले छोटे पुल के निर्माण का भी शिलान्यास किया। रेहड़ी खोखा मार्केट के बाहर राजा वीरभद्र सिंह द्वारा 2017 में पहले ही वेंडिंग जोन का शिलान्यास किया गया था, लेकिन पिछले लगभग 9 वर्षों में यह कार्य नगर परिषद द्वारा पूरा नहीं किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वेंडिंग जोन के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को पैसा दिया जाता है, जो कि आज तक नहीं दिया गया था। इस मुद्दे पर परवाणू की एक संस्था परवाणू विकास मंच द्वारा माननीय शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के संज्ञान में यह मुद्दा लाया गया। इसके बाद मई 2025 में विक्रमादित्य सिंह ने निर्देशक शहरी विकास विभाग को इस कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश जारी किए थे।

क्योरटेक परिसर में 22 को रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, बद्दी। देश की प्रसिद्ध दवा निर्माता कंपनी क्योरटेक ग्रुप और अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा 33वां भव्य रक्तदान शिविर स्व. प्रेम चंद सिंगला के जन्मदिवस पर रोटरी क्लब चंडीगढ़ के चिकित्सकों की टीम के संरक्षण में 22 जुलाई को क्योरटेक प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। सुमित सिंगला ने अपने पिता स्व. प्रेम चंद सिंगला को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलते हुए ग्रुप समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और गो सेवा के मार्ग पर चल रहा है। क्योरटेक ग्रुप के सीईओ और अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी के फाउंडर चेयरमैन सुमित सिंगला ने बताया कि जब भी पीजीआई चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश सोलन जिला चिकित्सायलया को रक्त की कमी महसूस होती है, तो ग्रुप उसके लिए भव्य रक्तदान शिविर आयोजित कर अपना पूर्ण सहयोग देता है। उन्होंने अपने सहयोगी, औद्योगिक, सामाजिक और युवा संगठनों से अपील की कि 22 जुलाई को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक वह इस महान कार्य में भागीदार बनें और समाज सेवा में आगे आएं। सावन माह के दौरान रक्तदान शिविर के तुरंत पश्चात 300 के लगभग पौधों को रोपित किया जाएगा।

कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पांवटा साहिब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। रक्तदान को महादान बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि रक्तदान से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। इससे रक्त ताजा बना रहता है। हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। इस पहल का उद्देश्य न केवल देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना है, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराकर मानव सेवा भी करना है।

नाबार्ड ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, सोलन। नाबार्ड द्वारा सोलन जिले के धर्मपुर विकास खंड के तहत चामियां गांव में 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अशोक चौहान ने की। अशोक चौहान ने कहा कि नाबार्ड का उद्देश्य कृषि व कृषितर क्षेत्र की गतिविधियां, ग्रामीण कुटीर उद्यमों का विकास, ग्रामीण शिल्प जैसी गतिविधियों को पोषित करना है। नाबार्ड ग्रामीण समाज की समृद्धि तथा किसानों व महिलाओं की आय में बढ़ोतरी करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने इस अवसर पर सोलन जिले में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे जीवा, जलागम, कृषक उत्पादक संगठन आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 90 से अधिक विविध प्रजाति वाले पौधे रोपित किए गए।

किन्नर कैलाश यात्रा के नाम पर प्रशासन कर रहा धन संग्रह

अनंत ज्ञान, सोलन। अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा प्रदेश मीडिया सचिव बाबू राम नेगी ने कहा कि हिमाचल सरकार के व्यवस्था परिवर्तन की झलक जिला किन्नौर में दिख रही है, जहां जिला प्रशासन लालच में आकर किन्नर कैलाश के यात्रा के नाम पर धन संग्रह कर रहा है, जो कि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किन्नर कैलाश के नजदीक स्थानीय देवता कासुराजस ने किन्नर कैलाश यात्रा पर पाबंदी लगा रखी है, मगर जिला प्रशासन ने लालच में आकर किन्नर कैलाश यात्रा को शुरू किया है। बाबू राम नेगी ने बताया कि पूरे संसार में पांच कैलाश पर्वत हैं, उनमें से हिमाचल प्रदेश के जिला किन्नौर में स्थित किन्नर कैलाश में माघ मास में देवी-देवताओं का मिलन होता है। इस दृष्टि से भी जिला प्रशासन को देवता कासुराजस के आदेश का पालन करना चाहिए।

नहीं रहे पहाड़ी नेता मोहनलाल भाटिया

अनंत ज्ञान, कसौली। कसौली मेहलोग क्षेत्र के समाजसेवी व गोयला पंचायत के पूर्व प्रधान मोहन लाल भाटिया का निधन हो गया। अनुभवी, कर्मठ,, निष्ठावान व निम्न वर्ग से उठे इंसान व समाजसेवक गोयला पंचायत के तीन बार प्रधान रहे। हिमाचल अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकारिणी के सदस्य, दून के पहाड़ी क्षेत्र के राजनीति के मंझे व प्रभावी नेता मोहन लाल भाटिया ने 90 वर्ष की उम्र में दिल्ली अस्पताल में अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार में जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, दून के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी, पूर्व विधायक विनोद चंदेल, कृष्ण कौशल, प्रधान मदन लाल वर्मा, उपप्रधान तारा चंद भाटिया, सदा राम वर्मा, गोपाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

आरकेएस की पहल से सुधरेगी अस्पताल की व्यवस्था

जल संकट से निपटने के लिए सोलन हॉस्पिटल ने रखा 50 हजार रुपए का विशेष बजट

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान, ब्यूरो

सोलन। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की पहल से व्यवस्था को बेहतर बनाने की पहल हुई है। समिति और प्रशासन ने अस्पताल में बिजली की निर्बाध आपूर्ति को नया ऑटोमेटिक जनरेटर खरीदने का निर्णय लिया है। हालांकि, अस्पताल में पहले से ही जनरेटर है, लेकिन इसमें से कुछ जनरेटर खराब स्थिति में हैं, जिसकी मेंटेनेंस पर काफी पैसा खर्च होता है। लिहाजा उसे मेंटेन करने के बजाय नए खरीदने होंगे। इसी तरह अस्पताल में मल्टी टास्कर कर्मी रखे जाने का निर्णय लिया गया है। इससे पेओन का कार्य सहित अन्य काम भी करवाए जा सकते हैं।

रोगी कल्याण समिति ने ड्राइवर की कमी झेल रहे हॉस्पिटल में कम से एक और ड्राइवर की नियुक्ति की मांग की है, ताकि हॉस्पिटल में खड़ी गाड़ियों को चलाया जा सके। इसके अलावा 6 डाटा ऑपरेटर की जरूरत को देखते हुए आरकेएस के माध्यम से कम से कम तीन डाटा ऑपरेटर लगाने की अनुमति सरकार से मांगी है। जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल होने के चलते यहां उपचार के लिए सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, ऐसे में यहां अधिक भीड़ रहती है। इसी को देखते हो हॉस्पिटल मैनेजमेंट द्वारा अब यहां सुविधाओं को बढ़ाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट फिलहाल नए जनरेटर खरीदना चाहता है। इसके अलावा मल्टीटास्क वर्कर और ड्राइवर की नियुक्ति कर वहां हॉस्पिटल में आए मरीजों को फायदा देना चाहता है। मैनेजमेंट हॉस्पिटल में कम से कम 6 डाटा ऑपरेटर की जरूरत है, तभी यहां अतिरिक्त काउंटर खोले जा सकते हैं। नहीं तो यहां दो ही काउंटर के सहारे काम करना होगा। इससे मरीजों को परेशानी होगी।

नहीं रहेगी पानी की किल्लत

शहर में इन दिनों चल रही पानी की दिक्कत को लेकर भी प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। मैनेजमेंट के आग्रह पर आरकेएस ने इसके लिए अलग से 50 हजार रुपए का प्रावधान किया है, ताकि जैसे ही अस्पताल में पानी की किल्लत हो तो पैसे की तंगी के चलते पानी मुहैया करवाने में कोई परेशानी न आए। सोलन अस्पताल में रोजाना करीब 21 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। हालांकि, अस्पताल के लिए निगम की तरफ से एक अलग लाइन बिछाई गई है। इसमें 24 घंटे पानी की सप्लाई चलती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से नगर निगम के पास खुद ही पानी की शोटेज चल रही है। लिहाजा, हॉस्पिटल पानी को लेकर रिस्क नहीं ले सकता।

अस्पताल में लगातार मरीजों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके तहत आरकेएस के माध्यम से डाटा ऑपरेटर, चालक और मल्टी टास्क कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है। हॉस्पिटल में नए जनरेटर खरीदने की योजना है। हॉस्पिटल में पानी की किल्लत को देखते हुए अलग से 50 हजार रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है, ताकि किसी भी इमरजेंसी स्थिति में पानी की किल्लत में पैसों की आर्थिक तंगी सामने न आए।

डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

कंडाघाट पुलिस ने गांव किण से टुल्लू पंप, मोटरें चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार गांव चौहड़ा निवासी उमेश कुमार ने पुलिस थाना कंडाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी जमीन गांव किण डा.खा. बीशा तह. कंडाघाट में भी है, जहां पर इन्होंने खेतों की सिंचाई के लिए 2 टुल्लू पंप मोटर वहां पर निर्मित कमरे के अंदर रखी थी। 18 जुलाई को जब यह शाम के समय काम करने के लिए उक्त जमीन पर गए तो देखा कि उक्त कमरे का ताला खुला हुआ था तथा कमरे के अंदर रखी दोनों टुल्लू पंप मोटरें गायब थी, जिसे कोई नामालूम व्यक्तियों द्वारा चोरी किया गया था। चोरी हुई दोनों टुल्लू पंप मोटरों की कीमत लगभग 35,000 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा चोरी हुई मोटरों एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी और तलाश के दौरान उक्त मामले में संलिप्त आरोपी रवि पुत्र नंद लाल निवासी

गांव रोलपा आंचल सलयान नेपाल उम्र 28 वर्ष को चायल रोड कंडाघाट से गिरफ्तार किया गया और चोरी हुए उक्त दोनों टुल्लू पंप मोटरों को उसके कब्जे से बरामद किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी चोरी की गई दोनों टुल्लू पंप मोटरों को अपनी स्कूटी पर रखकर कबाड़ी की दुकान में बेचने के लिए जा रहा था। मामले में गिरफ्तार आरोपी गांव सैंज में किराये के कमरे में रह रहा है तथा गाड़ी चलाने का काम करता है। मामले में संलिप्त स्कूटी को भी जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

सुनील चौहान अभद्र भाषा का प्रयोग करना बंद करें : रावत

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के मीडिया समन्वयक सुनील चौहान को नसीहत देते हुए कहा है कि कि केंद्रीय हाटी समिति गैर राजनीतिक संगठन है। इनका राजनीति से कोई भी लेना-देना नहीं है।

इसके साथ ही पत्रकार भी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है, जो समाज के लिए निष्पक्ष होकर काम करता है इसलिए ऐसे लोगों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करना आपकी घटिया मानसिकता को दर्शाता है। रावत ने कहा कि केंद्रीय हाटी समिति के पदाधिकारी अपना काम बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं इसलिए उनको उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। गिरि पार क्षेत्र की जनता को केंद्रीय हाटी समिति पर पूरा भरोसा है। उद्योग मंत्री ने 2022 का विधानसभा चुनाव झूठ का सहारा लेकर जीता है। इसका जवाब शिलाई की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बढ़त देकर दे दिया है, जबकि हर्षवर्धन ने लोकसभा चुनाव में शिलाई की जनता व हाटी समिति के पदाधिकारी को चैलेंज दिया था कि आप सभी लोगों ने मिलकर कांग्रेस को हराने का जोर लगाना। पूर्व विधायक बलदेव की दिन-प्रतिदिन बढ़ती लोकप्रियता से उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान को 2027 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, उनको पता है कि मुझे हाटी का विरोध करना चुनाव में महंगा पड़ सकता है।

अग्रवाल संगठन व क्योरटेक ग्रुप ने आपदा पीड़ितों को भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, बद्दी

हिमाचल प्रदेश देवभूमि के मंडी और कुल्लू जिलों में हाल ही में भरी वर्षा और भू-सलखन के चलते हुई भयानक तबाही को देखते हुए क्योरटेक चौक से अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन और क्योरटेक ग्रुप द्वारा राहत सामग्री की पहली खेप रवाना की गई।

इस ट्रक को क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सिंगला, जो अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के हिमाचल प्रदेश राज्य अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने विपदा की इस घड़ी में आपदा पीड़ित परिवारों को सांत्वना और

अग्रवाल संगठन और क्योरटेक ग्रुप आपदा पीड़ितों को राहत सामग्री भेजते हुए।

आवश्यक सामग्री से मदद करने के लिए सामाजिक, राजनितिक और औद्योगिक संगठनों से अपील करते हुए आगे आने और अगली खेप में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में भी आपदा के समय ग्रुप ने अग्रिम पंक्तियों में रहकर जहां राहत सामग्री भेजी। वहीं, मुख्यमंत्री राहत कोष में भी अपना योगदान दिया। इस अवसर पर सुमित सिंगला ने देश भर से हिमाचल प्रदेश आने वाले टूरिस्टों से अपील की कि इस कठिन समय में वह अपने टूर को स्थगित कर दें, ताकि उनकी और उनके परिजनों की सुरक्षा बनी रहे। आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 100 गद्दे, 100 ड्रम, आवश्यक दवाओं के पैकेट शामिल हैं।

राजगढ़ में मिलकीयत भूमि पर कब्जे की कोशिश

अनंत ज्ञान, राजगढ़। उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ के अंतर्गत आने वाले मौजा राजगढ़ प्रथम की मलकियत भूमि को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय निवासियों ने जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता पर उनकी निजी भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं संदीप कुमार, देवको देवी, जयप्रकाश और रमेश ने उपमंडलाधिकारी (ना) राजगढ़ को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि वे खसरा नंबर 645/1 और 644/3 की भूमि के वैध मालिक व खुद काश्त काबिज हैं। उक्त भूमि राजगढ़ अस्पताल के समीप स्थित है। आरोप है कि जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता इस भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं और राजस्व विभाग पर दबाव बनाकर जबरन तत्तिमा तैयार करवाने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उनके स्वामित्व से संबंधित भूमि दस्तावेज पूरी तरह वैध हैं और बिना स्वामी की सहमति के कोई भी राजस्व कार्रवाई अवैध मानी जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच करवाई जाए और अधिशाषी अभियंता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संदर्भ में शिकायत की प्रतिलिपि डीसी सिरमौर व थाना प्रभारी राजगढ़ को भी भेजी गई है, ताकि आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया आरंभ की जा सके।

डॉ. वाईसी गुप्ता नेशनल हार्टिकल्चर बोर्ड में नर्सरी सलाहकार नियुक्त

अनंत ज्ञान, सोलन। डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी नौणी के मंडी स्थित थुनाग कॉलेज के पहले डीन रहे सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. वाइसी गुप्ता को भारत सरकार के नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड (एनएचबी) में नर्सरी सलाहकार नियुक्त किया है।

नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड ने देश के चुनिंदा 12 वैज्ञानिकों की नियुक्ति की है। इसमें सोलन के डॉ. गुप्ता भी शामिल हैं। डॉ.गुप्ता को एनएचबी योजना ने बागवानी के संवर्धन के लिए प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण के उपघटक जिसमें फल/सब्जी/फूल नर्सरियों के प्रत्यायन और रेटिंग के तहत चुना गया है। बागवानी शिक्षा और अनुसंधान में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र में उनकी दशकों की समर्पित सेवा और विशेषज्ञता की मान्यता के रूप में माना जाता है।

3 माह बाद खुली बनकला-रखनी सड़क, हाईकोर्ट का जताया आभार

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

नाहन। आखिर करीब 3 महीने बाद हाई कोर्ट के आदेशों के बाद जिला प्रशासन व पुलिस के साथ बनकला-रखनी सड़क मार्ग को जेसीबी मशीन की मदद से खोला गया। अब सड़क पर यातायात सामान्य रूप से चलेगा।

इस लिंक से जुड़े 4 गांवों के करीब 500 लोगों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने इस मामले के लिए हाई कोर्ट का आभार जताया है। ईश्वर चंद शर्मा, राजीव वर्मा, राम कुमार, दीप चंद शर्मा सक्रिय सदस्य महाऋषि मार्कंडेय ग्रामीण विकास समिति, बनकला ने बताया कि ग्राम बनकला रखनी लिंक रोड पिछले 2-3 माह से बंद किया गया था वह हम सब ग्राम वासियों, आसपास के गांव के लोगों के अथक प्रयास व मेहनत से उच्च न्यायालय के आदेश पर खुलवाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी ग्रामीण उच्च न्यायालय का आभार प्रकट करते हैं। एसडीएम नाहन राजीव संख्यान के एडवोकेट संदीप चौहान, एडवोकेट देशराज ठाकुर उच्च न्यायालय के सामने ग्रामीणों की ओर से अपना पक्ष रखने में कामयाब हुए।

उन्होंने कहा कि हम अपने सभी सक्रिय सदस्यों के साथ-साथ उन सभी बंधुओं, माताओं-बहनों के आभारी हैं, जिन्होंने हमें अपना पूरा समर्थन दिया और हमें आर्थिक मदद के साथ-साथ मानसिक बल दिया। इसी कड़ी में जिला परिषद सदस्य निर्मला शर्मा, पंचायत प्रधान रजनी देवी व उपप्रधान राम कुमार, राजीव वर्मा नंबर दार बनकला के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमें रात-दिन अपना सहयोग दिया और हमारा मार्गदर्शन किया। स्वर्गीय नकली राम व आत्माराम को याद करते हुए कहा कि जिन्होंने सभी ग्राम वासियों को सड़क बनाने के लिए अपनी जमीन दान दी थी।

जाबली पंचायत के उपभोक्ताओं को नहीं रहेगी घरेलू गैस सिलेंडर की समस्या

अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान

कसौली। कसौली विधानसभा के तहत आने वाले जाबली पंचायत के करीब एक दर्जन गांवों के लोगों को अब घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों की मांग पर कसौली विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने शनिवार को गैस सिलेंडर की गाड़ियों को जाबली हाईवे से गांवों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी, तीन गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। जाबली पंचायत के भाटगांव, राजड़ी, शमराल, राजपुर, चमगाह, सूजी, मांझ, शाई, मंझेड़, शेरला के सैकड़ों लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए हाईवे पर लगभग पांच किलोमीटर जाबली पहुंचना पड़ता था। साथ ही सारा दिन गैस लेने के लिए इंतजार करना पड़ता था, अब ग्रामीणों को घर पर ही सुविधा मिलेगी। विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने मौके पर पहुंचे

विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में गैस डिलीवरी तिथि को डिस्प्ले करें, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इस कार्य से क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा लोगों ने विधायक विनोद सुल्तानपुरी व खाद्य आपूर्ति विभाग का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने गायत्री शक्तिपीठ मंदिर राजड़ी में लोगों की समस्याओं को सुना। इसमें जाबली राजपुर चमगाह सड़क, जाबली सूजी थड़ी मार्ग व जाबली में पेयजल योजना तथा नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा हुए नुकसान तथा कुराड़ग गांव में हाईवे के बारिश के पानी से हो रहे नुकसान तथा वैकुंठ धाम निर्माण स्थल कौशल्या धाम में हैंडपंप लगाने सहित समस्याओं को सुना। विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने मंदिर परिसर में जामून का पौधा लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस दौरान वन विभाग व स्थानीय लोगों द्वारा विभिन्न किस्मों के 45 पौधे लगाए। इस मौके पर जल शक्ति विभाग धर्मपुर, लोक निर्माण विभाग परवाणू वन विभाग परवाणू के अधिकारी व कर्मचारियों सहित स्थानीय ओमप्रकाश, ललित अत्रि, गणेश दत्त, हेमशंकर, धर्मेंद्र अत्रि, पूर्ण चंद, डीआर रघुवंशी, भूपेंद्र ठाकुर, पूर्ण पंवर, किरपा राम, उपेंद्र शर्मा, अरविंद, पियुष अत्रि, सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

भागीदारी प्रदेश सरकार ने प्रदेश वासियों के कल्याण के लिए कल्याणकारी व जनहितैषी योजनाएं चलाई हैं

कन्यादान योजना बनी तारो देवी की बेटियों के विवाह में आशा की किरण

अनंत ज्ञान, नाहन

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश वासियों के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी व जनहितैषी योजनाएं चलाई गई हैं।

आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार महिलाओं के लिए भी कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। यह सकारात्मक बदलाव दर्शाता है कि समाज में लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा वंचित वर्गों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना से बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा 51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। इस योजना से गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन व्यतीत कर रहे बहुत से पात्र परिवारों की बेटियों का विवाह संभव हो रहा है। ऐसी ही

एक लाभार्थी तारो देवी पत्नी रोशन लाल, जो कि जिला सिरमौर के पांवटा साहिब की रहने वाली हैं, उन्होंने बताया कि उनके पति के भाई व भाभी बीमारी के चलते लगभग 15 व 18 साल पहले स्वर्ग सिधार गए, जब उनके भाई व भाभी की मृत्यु हुई, तो उनके पास दो बेटियां तथा एक बेटा था, इन छोटे-छोटे बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं था।

तारो देवी ने बताया कि उनके पास आय के बहुत सीमित साधन थे, थोड़ी सी जमीन थी, जिस पर उनका परिवार खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था, लेकिन उन्होंने अपने भाई व भाभी की मृत्यु के उपरांत उनके तीनों बच्चों का पालन पोषण भी अपने बच्चों की तरह ही किया। तारो देवी ने बताया कि समय बीतता गया, लेकिन बेटियों की उम्र विवाह योग्य होने के उपरांत उन्हें अपनी दोनों बेटियों के विवाह की चिंता सताने लगी।

उन्होंने बताया कि बेटियों का विवाह अच्छे से करना उनका सपना था, लेकिन आर्थिक तंगी उनके लिए सबसे बड़ी बाधा बनी हुई थी। उनके परिवार की आमदनी इतनी नहीं थी कि वह शादी का पूरा खर्च उठा सकें, साथ ही रिश्तेदारों से मदद मिलना भी मुश्किल था क्योंकि सभी सीमित संसाधनों में जीवन व्यतीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वह बेटी के विवाह के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं जुटा पा रही थी, जिस कारण उन्हें बेटियों के विवाह में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि वह अपनी पुत्रियों के विवाह के लिए धन का बंदोबस्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से प्रदेश सरकार बेटियों के विवाह में 51 हजार रुपए का अनुदान देने का प्रावधान किया है। इसके उपरांत उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अपनी दोनों बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत मिलने वाली अनुदान राशि के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब के कार्यालय में वांछित दस्तावजों सहित निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन किया, तदोपरांत उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा दोनों बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत मिलने वाली 51-51 हजार रुपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई। तारो देवी ने बताया कि दोनों बेटियों के विवाह में प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता से उनकी बेटियों के विवाह में कोई परेशानी नहीं आई और उनकी बेटियों की शादी धूमधाम से हो सकी। तारो देवी व उनकी पुत्रियों ने अपने पूरे परिवार की ओर से बेटियों के विवाह में अनुदान राशि प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई गई मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

न्यूज ब्रीफ

एमसी चंडीगढ़ ने किया सड़क मरम्मत कार्य

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहरवासियों की यात्रा को और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से फिरनी रोड और विभिन्न सेक्टरों की वीडी सड़कों पर आवश्यक पैचवर्क मरम्मत कार्य किया है। यह पहल एमसीसी द्वारा सड़क बुनियादी ढांचे को बनाए रखने और जनसुविधा बढ़ाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। पैचवर्क उन स्थानों पर किया गया जहां सड़क की सतह नियमित क्षरण, मौसम की मार और यूटिलिटी कार्यों के कारण खराब हो गई थी। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि इंजीनियरिंग विंग की विशेष टीमों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ समयबद्ध तरीके से मरम्मत कार्य के लिए तैनात किया गया है ताकि इसके दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह मरम्मत कार्य यात्रियों की समस्याएं कम करेगा और पैदल चलने वालों एवं वाहनों की सुरक्षा में वृद्धि करेगा। एमसीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क क्षति से संबंधित शिकायतें निगम की आधिकारिक हेल्पलाइन या ऐप के माध्यम से साझा करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। नगर निगम चंडीगढ़ नागरिकों को बेहतर बुनियादी ढांचा और सुचारु सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

फर्नीचर मार्केट सेक्टर-53 में की समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। फर्नीचर मार्केट, सेक्टर 53, चंडीगढ़ में 20 जुलाई (रविवार) को प्रातः 7 बजे से प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ अभियान की तैयारियों के संबंध में आज उपायुक्त, चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल दंडाधिकारीगण सहित पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम, चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी संबंधित विभागों को अभियान के सुचारु संचालन हेतु पूर्ण लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, अग्निशमन तैयारी, चिकित्सीय सहायता और अभियान उपरांत सफाई से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। अभियान के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगभग 1000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की योजना बनाई गई है। पुलिस विभाग को विस्तृत तैनाती योजना तैयार करने तथा पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त उपस्थिति और क्विक रिस्पांस टीम्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

झज्जर में चरस तस्कर व खरीददार काबू

अनंत ज्ञान, झज्जर। अपराध शाखा झज्जर की पुलिस टीम ने नशीले पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी सप्लायर और खरीददार दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार इनके कब्जे से एक किलो 18 ग्राम चरस बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में एक गुरुग्राम निवासी और दूसरा हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। उपरोक्त जानकारी अपराध शाखा झज्जर के प्रभारी निरीक्षक विवेक मलिक ने दी। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा झज्जर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हिमाचल प्रदेश निवासी केवल राम नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है और अब चरस के साथ झज्जर-फरुखनगर रोड पर रिलायंस मेट सिटी के गेट नंबर-3 के नजदीक उसे बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा झज्जर की पुलिस टीम उपरोक्त स्थान पर पहुंची। वहां खड़े एक व्यक्ति की गतिविधियों पर शक हुआ तो पुलिस ने उसको काबू करके तलाशी ली। उसके थैले से एक किलो 18 ग्राम चरस मिली। आरोपी की पहचान हिमाचल प्रदेश के निवासी केवल राम के रूप में हुई।

स्कूल वैन में ड्राइवर ने बच्ची से किया रेप

एजेंसी, लखनऊ। लखनऊ में 4 साल की बच्ची के साथ स्कूल वैन के ड्राइवर ने रेप किया। बच्ची रोते हुए घर पहुंची। मां के पूछने पर मासूम ने बताया कि स्कूल से लौटते समय वैन वाले अंकल ने गंदी हरकत की। परिजन ने तुरंत स्कूल में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। घटना 14 जुलाई की है। वारदात के बाद आरोपी ड्राइवर ने मां-बेटी को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद मां ने 17 जुलाई को थाने में एप्लिकेशन दी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया। रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई। 18 जुलाई को पुलिस ने आरोपी वैन ड्राइवर मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। ड्राइवर का वेरिफिकेशन न कराने पर किड्जी के स्कूल प्रबंधक संदीप कुमार के खिलाफ भी एपआईआर दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

एयर इंडिया फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण लौटी

एजेंसी, हैदराबाद। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट शनिवार को उड़ान भरने के 16 मिनट बाद ही हैदराबाद वापस आ गई। विमान बोइंग 737 मैक्स 8 IX110 सुबह 6:40 बजे हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुई थी। फ्लाइट को सुबह 11: 45 बजे थाईलैंड के फुकेट में लैंड होना था। हालांकि टेकऑफ के थोड़ी देर बाद पायलट फ्लाइट को वापस हैदराबाद ले आया। विमान में तकनीकी खराबी थी, हालांकि किस तरह की गड़बड़ी थी। इसकी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई। (अनंत ज्ञान)

गाजा में इसराइली हमले में 50 लोगों की मौत

एजेंसी, गाजा। गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, इसराइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इसराइल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

रूस का यूक्रेन पर ड्रोन से भीषण हमला

एजेंसी, कीव। पिछले तीन साल से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा संघर्ष अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां रूस ने एक बार फिर शनिवार तड़के यूक्रेन पर एक बड़ा हमला किया। इसके तहत 300 से ज्यादा ड्रोन और 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें दागी गईं। यूक्रेन के काला सागर तटीय शहर ओडेसा पर 20 से ज्यादा ड्रोन और एक मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक ऊंची इमारत में आग लगने के बाद पांच लोगों को बचाया गया। ओडेसा के मेयर हेन्नादी त्रुखानोव ने इसकी पुष्टि की। देखा जाए तो यह हमला युद्ध रोकने की कोशिशों को झटका देने वाला माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

केंद्र सरकार की हरी झंडी मिलते ही शुरू होगा अरावली जंगल सफारी पर काम

परियोजना को केंद्र सरकार की मंजूरी को लेकर बैठकों का दौर शुरू

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

अरावली पर्वत श्रृंखला पर प्रस्तावित जंगल सफारी को लेकर नायब सरकार ने सिरे चढ़ाने की कवायद शुरू कर दी है। गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा का अवलोकन करने के बाद अन्य पहलुओं को केंद्र सरकार से मंजूरी दिलाने को लेकर योजना तैयार की जा रही है। इसी सिलसिले में प्रदेश के वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मुलाकात कर अरावली क्षेत्र में प्रस्तावित विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी परियोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की।

राव ने शनिवार को बताया कि लगभग 10 हजार एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को चार चरणों में विकसित किया जाएगा। पहले चरण में 2 हजार 500 एकड़ क्षेत्र में कार्य किया जाएगा, जो जल्द शुरू होगा। यह परियोजना हरित पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि परियोजना को वैश्विक सुविधाओं से सुसज्जित करने और सर्वोत्तम मॉडल अपनाने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ गुजरात के जामनगर स्थित 'वंतारा' जंगल सफारी का दौरा किया गया। इस दौरे से परियोजना के तकनीकी, संरचनात्मक और संरक्षण आधारित पहलुओं को समझने में मदद मिलेगी।

राव नरबीर सिंह ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार इस परियोजना को तेजी से मूर्त रूप देने में हरसंभव सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि अति-शहरीकृत क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाएं पर्यावरण संरक्षण और संतुलित इकोसिस्टम के लिए महत्वपूर्ण हैं। राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह सफारी पर्यावरण प्रेमियों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति और हरियाणा को वैश्विक हरित पहचान दिलाएगी।

अरावली पहाड़ियों से 27 से 'मातृ वन अभियान' की होगी शुरुआत

अरावली पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने और पारिस्थितिकी संरक्षण के उद्देश्य से 27 जुलाई से 'मातृ वन अभियान' की शुरुआत होगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और भूपेंद्र यादव पौधरोपण की शुरुआत करेंगे। यह अभियान अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के तहत चलेगा, जिसमें तीन लेयर वाला हरित वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित है। इस दौरान शिव नादर स्कूल से घाटा चौक तक लगभग 20 हजार पौधे रोपे जाएंगे। राव नरबीर सिंह ने इसे हरियाली, जल संरक्षण और वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम बताया और जिलेवासियों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की।

चंडीगढ़ में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम चरण संपन्न

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा और अंतिम चरण, जो कि चंडीगढ़ प्रशासन की एक प्रभावशाली पहल है, शनिवार को महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान, सेक्टर-26 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन शहर में एक संगठित, सक्षम और सामुदायिक सहभागिता आधारित आपात प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 375 स्वयंसेवकों को तीन गहन प्रशिक्षण सत्रों में प्रशिक्षित किया गया, जो आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति चंडीगढ़ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह कार्यक्रम अकादमिक शिक्षा और व्यावहारिक क्षेत्र अभ्यास का समन्वय करते हुए तैयार किया गया, जिसे इसकी वास्तविक और समर्पित पद्धति के लिए सराहा गया। अंतिम चरण का प्रमुख आकर्षण चंडीमंदिर कैंटोनमेंट का फील्ड विजिट था, जहां स्वयंसेवकों ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में मॉक ड्रिल्स और आपातकालीन अभ्यासों में भाग लिया। ये अभ्यास प्राकृतिक आपदाओं, अग्निकांडों और बड़े पैमाने पर निकासी जैसी वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित थे, जिनसे स्वयंसेवकों को संकट की घड़ी में आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण ने अनुशासन, समन्वय और टीमवर्क जैसे मूल्यों को भी प्रोत्साहित किया, जो कि सिविल डिफेंस संचालन की सफलता की कुंजी हैं।

इस अवसर पर चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस कार्यक्रम को एक सशक्त और सुरक्षित शहर की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रशासन की उस दूरदर्शिता को दर्शाती है जिसमें शासन केवल प्रबंधन तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों को भीतर से सशक्त बनाने पर आधारित है। तीनों प्रशिक्षण चरणों की सफल समाप्ति चंडीगढ़ प्रशासन की एक सुरक्षित, समावेशी और तैयार शहरी तंत्र के निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

वन एवं वन्य जीव विभाग ने लगाया 'पौध मेला'

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रशासन के वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा आज लेक क्लब पार्किंग परिसर में एक जीवंत 'पौध मेले' का आयोजन किया गया, जो वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत प्रमुख गतिविधियों में से एक रहा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में किया।

इस मेले में 20 से अधिक विषयगत स्टॉल लगाए गए, जिनमें वन एवं वन्यजीव संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, अक्षय ऊर्जा और सामुदायिक पर्यावरण प्रयासों से संबंधित नवाचारों और पहलों को दर्शाया गया। वन विभाग द्वारा फलों वाले, फूलों वाले, सजावटी/छायादार, औषधीय तथा रसोई बागवानी के पौधों की समृद्ध प्रदर्शनी लगाई गई। नगर निगम और अभियंता विभाग ने भी सूचना प्रदर्शनों के माध्यम से भागीदारी की। युवसत्ता, यूथ इनोवेटिव सोसायटी और ग्लोबल यूथ फेडरेशन जैसे प्रमुख गैर-सरकारी संगठनों तथा शहर के विद्यालयों के ईको क्लब वसुधा ईको क्लब, सोंजना ईको क्लब और नागकेसर ईको क्लब ने ईको-फ्रेंडली उत्पादों की विविध प्रदर्शनी प्रस्तुत की। इन उत्पादों में सूखे पत्तों से बना वर्मीकंपोस्ट, बची हुई कपड़ों की कतरनों से बने थैले, हर्बल जूस, टेराकोटा उत्पाद, सूखे फूलों से बने धूप बत्तियां और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प शामिल थे। राजीव वर्मा ने कहा कि पौध मेला और पौधरोपण अभियान केवल हरियाली की पहल नहीं हैं, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देने की गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

पानीपत में फायरिंग के चार आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, पानीपत। पानीपत की चावला कालोनी में फायरिंग करने के चार आरोपियों को सीआईए वन पुलिस ने अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों आरोपी हिसार जिले के रहने वाले है। मौके पर आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल व 12 जिंदा कारतूस बरामद हुए है। चावला कॉलोनी निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि दो लड़के हथियारों से लैस होकर कॉलोनी में आए और पिस्तौल से फायरिंग की। दोनों लड़कों ने मुंह को कपड़े से ढका हुआ था। फायरिंग कर दोनों लड़के बाइक लेकर खड़े अपने तीसरे साथी आरोपी के पीछे बैठकर फरार हो गए। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सीआईए वन पुलिस टीम ने शुक्रवार शाम को मिली सूचना पर दबिश देकर चार आरोपियों को अवैध हथियारों व जिंदा कारतूस सहित पेप्सी पुल के पास से काबू किया। पूछताछ में चारों आरोपियों ने फायरिंग करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में मुख्य न्यायाधीश ने किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पर्यावरण संरक्षण और हरित चेतना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ के वन विभाग द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत नेचर ट्रेल, लेक बीट पर एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर पौधरोपण कर इस अभियान का नेतृत्व किया। यह पौधरोपण मातृत्व और प्रकृति के प्रति एक भावनात्मक श्रद्धांजलि का प्रतीक था। उनके साथ इस अवसर पर जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल, जस्टिस संजय वशिष्ठ, जस्टिस राजेश भारद्वाज और जस्टिस रोहित कपूर भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चंडीगढ़ तथा अन्य वरिष्ठ न्यायिक अधिकारीगण भी इस वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

चंडीगढ़ प्रशासन के गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़ तथा मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार एवं यूटी चंडीगढ़ के वन संरक्षक अनुप सोनी ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और न्यायपालिका के इस प्रेरणादायक कदम की सराहना की।

देश-विदेश

इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब डॉलर पार

पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। इसमें पिछले 11 वर्षों के दौरान आठ गुना वृद्धि हुई है। वहीं, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में छह गुना वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह बात कही। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तीव्र प्रगति पर भी जोर दिया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। भविष्य की ओर देखते हुए, वैष्णव ने कहा कि पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप, व्यावसायिक स्तर पर, इसी वर्ष बन जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर देशों में से एक बनने की राह पर है, और उन्होंने सेमीकंडक्टर के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों और सामग्रियों पर बढ़ते ध्यान पर भी चर्चा की।

केंद्रीय रेल, सूचना व प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, 'महज 11 वर्षों में, हमने अपने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ा दिया है। यह दोहरे अंकों की CAGR दर है जिससे कोई भी कॉर्पोरेट ईर्ष्या करेगा। हमने अपने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है, जो विकास की एक अभूतपूर्व गति है, जो हमारे जैसे बहुत कम देशों ने देखी है। उन्होंने इस वृद्धि का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दिया है। आईटी मंत्री ने कहा कि दूरसंचार पहल के हिस्से के रूप में, सरकार ने 100 5जी प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं, जहां छात्र 5जी उपकरणों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के उपयोग के मामलों पर काम करने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

कैलिफोर्निया में कार ने 20 लोगों को कुचला

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस में शनिवार एक कार सवार में भीड़ में कार घुसा दी। इस हादसे में 20 लोग घायल हैं, जिनमें 10 की हालत गंभीर है। यह हादसा लोकल समयानुसार सुबह करीब 2 बजे वेस्ट सांता मोनिका बुलेवार्ड पर हुआ, जो एक म्यूजिक वेन्यू के पास है। लॉस एंजिलिस फायर डिपार्टमेंट की टीम ने मीडिया को बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम जारी है। अधिकारियों ने अभी तक वाहन या चालक की पहचान नहीं की है। यह भी क्लियर नहीं है कि यह हादसा जानबूझकर किया गया या गलती से हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सड़क पर एक ग्रे रंग की कार डैमेज हालत में दिख रही है, जिसके आसपास मलबा बिखरा पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

अजमेर में भारी बारिश; घरों में पानी भरा, बहने लगे लोग

एजेंसी, अजमेर

बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन सिस्टम एक्टिव होने से राजस्थान के 6 जिले-जोधपुर, नागौर, पाली, अजमेर, सिरोही, जालोर में भारी बारिश हो रही है। शनिवार को अजमेर और टोंक में बाढ़ जैसे हालात रहे। कई इलाकों में पानी भर गया है।

शनिवार को कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर, बूंदी, राजसमंद और नागौर के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। अजमेर के दरगाह बाजार इलाके में शुक्रवार की रात तेज बारिश से कई लोग बह गए। राजस्थान में मानसून के इस सीजन में अब तक औसत से 109 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राजसमंद में तालाब का बांध टूटने से 3 स्कूली बच्चों सहित 7 लोग पानी के बहाव में फंस गए। जोधपुर के अरना-झरना क्षेत्र में डूबने से युवक की मौत हो गई। सीकर में 13 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई।

6 जिलों में स्कूल बंद, 4 दिन में 23 की मौत

राजस्थान में बारिश से हुए हादसों में बीते चार दिन में 23 लोगों की जान गई है। वहीं, मध्य प्रदेश में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से शनिवार को ग्वालियर, छतरपुर, पन्ना समेत 16 जिलों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। शिवपुरी में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा मुरैना, श्योपुर समेत 14 जिलों में 4 इंच से ज्यादा बारिश हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर किया मानहानि का केस, हर्जाना भी मांगा

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि का केस किया है। उन्होंने 10 अरब डॉलर हर्जाने की मांग की है। ट्रंप ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर आरोप लगाया है कि उसने एक झूठी और मानहानिकारक खबर छापी, जिसमें उनका नाम अरबपति और सेक्स ट्रैफिकिंग के दोषी जेफ्री एपस्टीन के साथ जोड़ा गया है। दरअसल, अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ट्रंप ने साल 2003 में एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर एक संदिग्ध लेटर भेजा था। (अनंत ज्ञान)

महुआ मोइत्रा का पीएम मोदी पर तंज कहा- मां काली ढोकला नहीं खातीं

एजेंसी, कोलकाता

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए लिखा है कि बंगाली वोटों के लिए मां काली का आह्वान करने में थोड़ी देर हो गई। वे ढोकला नहीं खातीं, न कभी खाएंगी। यह बयान शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में हुई पीएम मोदी की रैली के एक दिन बाद आया है। दरअसल, पीएम ने रैली के दौरान मां काली और दुर्गा के नाम का जयकारा लगाया था। महुआ ने एक्स पर इसी जयकारे को निशाना बनाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पीएम मोदी गुजरात से हैं, और ढोकला वहां की मशहूर डिश है, जबकि मां काली और दुर्गा, बांग्ला संस्कृति की प्रतीक हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर हमें संसद में सिर्फ पीएम से चाहिए जवाब : जयराम रमेश

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद सत्र शुरू होने वाला है और प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। कोई और नेता नहीं चलेगा। कांग्रेस और पूरा विपक्ष विशेष चर्चा की मांग करेगा और प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। हमें कोई सब्स्टीट्यूट बल्लेबाज नहीं चाहिए। केवल प्रधानमंत्री को ही जवाब देना होगा। यह बात कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कही। उन्होंने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप के दावों पर केंद्र सरकार से 3 सवाल भी किए हैं।

पहला- क्या ट्रंप ने वाकई सीजफायर रुकवाई, वह इसका 24 बार जिक्र कर चुके हैं। दूसरा- क्या ट्रंप ने व्यापार की धमकी देकर जंग रुकवाई, तीसरा- जंग में 5 लड़ाकू विमान किसके गिरे। दरअसल, ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान दावा किया कि मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में 5 जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। कांग्रेस ट्रंप के इन्हीं दावों पर मानसून सत्र में केंद्र सरकार से जवाब चाहती है। (अनंत ज्ञान)

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की गरिमा से समझौता किया

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब अपनी चुप्पी तोड़िए। ट्रंप बार-बार इशारा कर रहे हैं कि व्यापार रोकने की धमकी के चलते प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की गरिमा से समझौता किया है, लेकिन 56 इंच के सीने का दावा करने वाले नरेंद्र मोदी के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला है।

जानकारी गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में खुलासा

गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आय 223 % बढ़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय 2022-23 में 223 प्रतिशत बढ़ गई। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2764 गैर-मान्यता प्राप्त दल हैं। इनमें से 73 प्रतिशत से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। बाकी 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने अपना रिकॉर्ड साझा किया है।

रिपोर्ट में इन्हीं पार्टियों का एनालिसिस किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि गुजरात की ऐसी 5 पार्टियों की कुल आय 2316 करोड़ रुपए रही। इनमें एक साल की आमदनी 1158 करोड़ रुपए थी, जबकि बीते 5 सालों में हुए 3 चुनावों में इन्हें सिर्फ 22 हजार वोट मिले। इन पांचों दलों ने 2019 से 2024 के बीच दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव में कुल 17 उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन कोई जीत नहीं सका। इनमें से चार दल 2018 के बाद रजिस्टर्ड हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

सबसे ज्यादा पार्टियों वाले राज्य

राज्य	पार्टियां	जानकारी नहीं दी
यूपी	744	71
दिल्ली	240	168
तमिलनाडु	230	180
महाराष्ट्र	216	161
बिहार	184	117
आंध्र प्रदेश	129	89
मध्य प्रदेश	107	65
हरियाणा	102	77
गुजरात	95	59
कर्नाटक	92	56

पंजाब में 73, उत्तराखंड में 40 और गोवा में 12 ऐसी पार्टियां हैं, लेकिन किसी ने जानकारी नहीं दी।

क्या है एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स?

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एक गैर-सरकारी संगठन, जो भारत में चुनावी और राजनीतिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसकी स्थापना वर्ष 1999 में भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के कुछ प्रोफेसरों और पूर्व छात्रों द्वारा की गई थी। इसका का उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जिम्मेदार बनाना है। यह खास तौर पर राजनीतिक दलों और नेताओं की पृष्ठभूमि, आय-व्यय और आपराधिक रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने का कार्य करता है।

उद्धव ने एमवीए की एकता पर उठाए सवाल

एजेंसी, मुंबई। मुंबई में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में गर्माहट तेज हो गई है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में सीट बंटवारे और उम्मीदवार तय करने में हुई देरी को लेकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन पर सवाल उठाए हैं। ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद गठबंधन दलों में एकता कम और दलगत जीत की होड़ ज्यादा दिखने लगी, जिससे जनता में गलत संदेश गया और हार का कारण बना। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

एशिया कप को लेकर बवाल, बीसीसीआई ने किया एसीसी की बैठक का बहिष्कार

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ढाका में होने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक बैठक का बहिष्कार कर दिया है। इस तरह टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले छह टीमों के एशिया कप-2025 का भविष्य अनिश्चितता के घेरे में है।

भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है और एसीसी ने अभी तक कार्यक्रम या टूर्नामेंट के वेन्यू की घोषणा नहीं की है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सितंबर में टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए 24 जुलाई को ढाका में बैठक होनी है। बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के चलते भारत ने बैठक के लिए यात्रा करने से इनकार कर दिया है। इससे पहले बीसीसीआई और बीसीबी ने आपसी सहमति से भारत के बांग्लादेश दौरे को अगस्त 2025 से सितंबर 2026 तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। बता दें कि एसीसी के अध्यक्ष, पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी हैं। सूत्र के अनुसार, नकवी बैठक को लेकर भारत पर अनावश्यक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्र ने यह भी पुष्टि की कि बीसीसीआई ने संस्था के अध्यक्ष से बैठक स्थल बदलने का अनुरोध किया था, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। अगर नकवी ढाका में बैठक आयोजित करते हैं, तो बीसीसीआई किसी भी प्रस्ताव का बहिष्कार करेगा। (अनंत ज्ञान)

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज एजबेस्टन में भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान

एजेंसी, नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल-2025) का आगाज हो चुका है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 2 अगस्त तक किया जाएगा, जिसमें भारत और पाकिस्तान समेत कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहलगाम आतंकी हमले के भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चिरप्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। माना जा रहा था कि क्रिकेट के मैदान पर इन दोनों का लंबे समय बाद आमना-सामना होगा, लेकिन अब इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। रविवार 20 जुलाई को भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच महाभिड़ंत होगी। (अनंत ज्ञान)

मनोलो मार्केज 2025-26 सीजन के लिए एफसी गोवा के साथ बने रहेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच मनोलो मार्केज 2025-26 सीजन के लिए एफसी गोवा के कोच बने रहेंगे। टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। मनोलो भारतीय फुटबॉल टीम के हेड कोच के साथ ही एफसी गोवा के कोच की दोहरी भूमिका निभा रहे थे। मार्केज ने 2024 में हेड कोच के रूप में 2 साल के लिए एफसी गोवा के साथ करार किया था। मनोलो ने कहा, 'मैं पिछले दो सीजन में बहुत खुश था, जहां टीम ने हर साल लगातार सुधार दिखाया। क्लब जिस स्तर के संगठन के साथ काम करता है, वह भारतीय क्लब फुटबॉल में आम तौर पर देखने को नहीं मिलता, जिससे एफसी गोवा एक बहुत ही खास क्लब बन गया। मेरे लिए यह स्पष्ट था कि अगर मुझे भारत में बने रहना है, तो एफसी गोवा के साथ ही रहना होगा।' (अनंत ज्ञान)

मॉडल से कम नहीं जहांआरा आलम

बांग्लादेश। जहांआरा आलम का नाम महिला क्रिकेट की बेहतरीन तेज गेंदबाजों में होता है। 30 साल की जहांआरा क्रिकेट के साथ-साथ अपने लुक के चलते भी सुर्खियों में रहती है। मॉडल से कम नहीं यह बांग्लादेशी क्रिकेटर, जिसके फैंस उसके मेकअप पर फिदा हैं।

मौका 11 रन बनाते ही तेंदुलकर, गावस्कर और द्रविड़ के क्लब में होगी शानदार एंट्री

केएल राहुल मैनचेस्टर टेस्ट में बना सकते हैं बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला बुधवार 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाना है। लीड्स और लॉर्ड्स टेस्ट जीतकर मेजबान इंग्लैंड टीम ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना रखी है। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल मौजूदा टेस्ट सीरीज में शानदार फॉर्म में हैं। वह इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। मैनचेस्टर टेस्ट में राहुल के पास एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका है। वह इस टेस्ट में सिर्फ 11 रन बनाते ही सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के खास क्लब एंट्री कर लेंगे। (अनंत ज्ञान)

एक हजार रन बनाने से सिर्फ 11 रन दूर

इंग्लैंड की सरजमीं पर केएल राहुल ने मौजूदा सीरीज में दो शतक के साथ 375 रन बनाए हैं। राहुल ने इंग्लैंड में अब तक 12 टेस्ट में 41.20 के ऐवरेज से कुल 989 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले चार शतक और दो अर्द्धशतक आए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 है। सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड की सरजमीं पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहां 17 टेस्ट मैचों में 54.31 के शानदार औसत से कुल 1575 रन बनाए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ 13 टेस्ट में 1376 रन तीसरे पर 16 टेस्ट में 1152 रन के साथ सुनील गावस्कर हैं।

62.50 के शानदार औसत से कर रहे बल्लेबाजी

केएल 11 रन बनाते ही इंग्लैंड में एक हजार रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन जाएंगे। मौजूदा सीरीज में राहुल ने तीन मैचों में 62.50 के शानदार औसत से 375 रन बना लिए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और एक अर्धशतक आया है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 रन है। वह मौजूदा सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शुभमन गिल और ऋषभ पंत के बाद तीसरे बल्लेबाज हैं।

लॉर्ड्स में एक से अधिक शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय

केएल राहुल पूर्व दिग्गज दिलीप वेंगसरकर के बाद लॉर्ड्स में एक से अधिक शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय भी बन गए हैं। दिलीप ने क्रिकेट के इस ऐतिहासिक मैदान पर भारत की ओर से सबसे ज्यादा तीन शतक लगाए थे। उन्होंने ये कमाल 1979, 1982 और 1986 के दौरे पर किया था।

मैनचेस्टर टेस्ट में बुमराह नहीं खेलते हैं तो अर्शदीप को मिलना चाहिए मौका : रहाणे

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि अगर जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट के लिए आराम देना पड़ा, तो अर्शदीप सिंह को इस फॉर्मेट में डेब्यू का मौका देना चाहिए। इंग्लैंड पांच मुकाबलों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को कम करने के लिए, उन्हें इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ तीन टेस्ट मैच में ही उतारने का फैसला लिया गया है। बुमराह लीड्स और लंदन में खेल चुके हैं, इसलिए ओल्ड ट्रैफर्ड में उनके खेलने पर संदेह है।

रहाणे ने अपने 'यूट्यूब' चैनल पर कहा कि अगर बुमराह चौथे टेस्ट में नहीं खेल रहे, तो अर्शदीप ही सही विकल्प हैं, क्योंकि इंग्लैंड में आपको एक ऐसे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जरूरत होती है, जो गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सके। इसके साथ ही एक अलग एंगल से स्पिनर्स के लिए रफ पिच बना सके। इसलिए अगर बुमराह नहीं खेलते, तो अर्शदीप को अगला मैच खेलना चाहिए। अर्शदीप ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 66 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। (अनंत ज्ञान)

अर्शदीप सिंह हाल ही में हुए थे चोटिल

हालांकि, चौथे टेस्ट से पहले, बेकेनहैम में प्रैक्टिस सेशन के दौरान इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को चोट लग गई थी। भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने बताया था कि गेंद रोकने की कोशिश में अर्शदीप चोटिल हो गए। टेन डोशेट ने कहा कि गेंदबाजी करते हुए उन्होंने गेंद रोकने की कोशिश की। इस दौरान उन्हें कट लगा। अब हमें देखना होगा कि यह कट कितना गंभीर है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा है, उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट मैचों में 12 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। इस दौरान दो बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। हालांकि, बुमराह के वर्कलोड को मैनेज करने और उनकी पीठ की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए, मैनेजमेंट और मेडिकल स्टाफ ने सीरीज शुरू होने से पहले ही फैसला लिया था कि वह इस दौरे पर सिर्फ तीन ही टेस्ट मैच खेलेंगे। हालांकि, सीरीज बराबरी पर लाने के लिए बुमराह को मैनचेस्टर टेस्ट में उतारा जा सकता है।

घरेलू क्रिकेट में वापसी को तैयार शमी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया है। चोट की चिंताओं के चलते शमी को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम से बाहर रखा गया था। 34 वर्षीय मोहम्मद शमी ने इंडियन प्रीमियर लीग-2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इस सीजन में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके।

बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में हुए शामिल

शमी भारत की ओर से मार्च 2025 में आखिरी बार खेले थे। यह चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला था। इस टूर्नामेंट में शमी ने पांच मुकाबले खेलते हुए नौ विकेट अपने नाम किए थे। वनडे वर्ल्ड कप-2023 में मोहम्मद शमी ने 24 विकेट अपने नाम किए थे। इसके बाद उन्होंने टखने की सर्जरी करवाई। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने शमी के पूरी तरह से फिट नहीं होने की जानकारी देते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुना। शमी आखिरी बार जून 2023 में टेस्ट फॉर्मेट खेले थे। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मैच था। इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम का ऐलान करते हुए अगरकर ने खुलासा किया था कि शमी की फिटनेस संबंधी समस्याओं और टेस्ट मैच में वर्कलोड मैनेजमेंट की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए शमी का चयन नहीं हो पाया। (अनंत ज्ञान)

प्रीमियर लीग: आर्सेनल ने चेल्सी से नॉनी मडुके को किया साइन

एजेंसी, लंदन

इंग्लिश क्लब आर्सेनल ने एक बड़ा कदम उठाते हुए चेल्सी के विंगर नॉनी मडुके को साइन कर लिया है। यह डील कथित तौर पर £48 मिलियन (लगभग 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की बताई जा रही है।

आर्सेनल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नॉनी मडुके ने हमारे साथ दीर्घकालिक करार किया है।

23 वर्षीय मडुके ने चेल्सी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 92 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 20 गोल किए और 9 असिस्ट दिए। उन्होंने अमेरिका में आयोजित क्लब वर्ल्ड कप के सात में से पांच मैचों में हिस्सा लिया था, हालांकि फाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ 3-0 की जीत में वह नहीं खेले। मडुके ने अपने करियर की शुरुआत क्रिस्टल पैलेस और टोटेनहम हॉट्सपर की यूथ टीम से की थी। इसके बाद वे 2018 में नीदरलैंड्स के क्लब पीएसवी आइंधोवन से जुड़ गए थे। आर्सेनल में मडुके जर्सी नंबर 20 पहनेंगे। उन्होंने चेल्सी को अलविदा कहते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा कि प्रिय चेल्सी फुटबॉल क्लब, पिछले तीन वर्षों के लिए धन्यवाद... मेरे साथियों को धन्यवाद, आप लोगों के लिए मेरे मन में केवल प्यार और सम्मान है।

मडुके ने आगे लिखा कि कोच एंजो मारेस्का, आपके अंडर खेलना सौभाग्य की बात रही। आपने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी और इंसान बनाने की कोशिश की, इसके लिए धन्यवाद और अंत में हर चेल्सी फैन का आभार प्यार के लिए, तारीफ के लिए और आलोचनाओं के लिए भी मैं सब कुछ सराहता हूं। यहां से मैं सिर्फ अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं। (अनंत ज्ञान)

ओपन 2025 : दूसरे राउंड में ली और हार्मन शीर्ष पर

एजेंसी, नॉर्दर्न आयरलैंड। चीन के ली हाओतोंग और अमेरिका के ब्रायन हार्मन ने ओपन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दौर के बाद आठ अंडर पार स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है, वहीं घरेलू पसंदीदा रोरी मैकइलरॉय ने रोमांचक प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। दुनिया के 111वें रैंकिंग वाले ली हाओतोंग ने बदलते मौसम के बीच पहले 12 होल में पांच बर्डी लगाईं और अकेले बढ़त बना ली। हालांकि, 14वें होल पर उनकी पहली बोगी ने उन्हें वापस संयुक्त बढ़त पर ला खड़ा किया। ली के लिए यह टूर्नामेंट में पहला ड्रॉप शॉट था। ब्रायन हार्मन, जो दो साल पहले रॉयल लिवरपूल में क्लेरेट जुग जीत चुके हैं, ने शुरुआत से ही लय पकड़ी। पहले दो होल में बर्डी करने के बाद उन्होंने आखिरी होल पर आठ फीट की पुट से बर्डी लगाई और कुल छह बर्डी के साथ शानदार 65 का स्कोर किया। हार्मन ने कहा कि मुझे यहां का गोल्फ बहुत पसंद है। यहां दूरी मायने रखती है, लेकिन जरूरत से ज्यादा नहीं, क्योंकि जमीन कड़ी है और गेंद काफी रोल करती है। घरेलू स्टार रोरी मैकइलरॉय ने पहले राउंड में एक अंडर-70 का स्कोर किया था। दूसरे दिन भी उन्होंने अच्छा संघर्ष किया। पहले होल पर बर्डी से शुरुआत की, जबकि दूसरे होल पर ड्राइव गलत दिशा में जाने के बावजूद उन्होंने शानदार तरीके से पार सेव किया। मैकइलरॉय ने कई बार पुट चूक कर मौके गंवाए, लेकिन 12वें और 14वें होल पर बर्डी लगाते हुए 69 का स्कोर किया और कुल तीन अंडर के स्कोर से कट में जगह बनाई। (अनंत ज्ञान)

मैकइलरॉय की उम्मीदें बरकरार

काउंटी क्रिकेट नहीं खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते इस सीजन यॉर्कशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप नहीं खेलेंगे। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ पांच मुकाबलों के लिए डील की थी। काउंटी चैंपियनशिप की शुरुआत 22 जुलाई से होने जा रही है। यॉर्कशायर की टीम अपना पहला मैच सरे के खिलाफ खेलेगी। यॉर्कशायर के हेड कोच एंथनी मैक्ग्राथ ने बताया कि काउंटी टीम ऋतुराज गायकवाड़ के विकल्प पर विचार कर रही है।

यॉर्कशायर से नाम लिया वापस

एंथनी मैकग्राथ ने कहा कि दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते अभी टीम से नहीं जुड़ रहे हैं। वह स्कारबोरो या बाकी सीजन में टीम के लिए नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। हेड कोच ने कहा कि यह पता लगा रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत में दो-तीन दिन शेष हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हम क्या कर पाएंगे। हम एक संभावित विकल्प तलाशने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समय की कमी एक बड़ी चुनौती है। फिलहाल इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कह सकता।

ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले महीने अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद अपनी खुशी साझा करते हुए कहा था कि मैं शेष इंग्लिश घरेलू सीजन के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है। इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। (अनंत ज्ञान)

फाइनलिसिमा-2026 में आपस में भिड़ेंगे स्पेन और अर्जेंटीना

एजेंसी, नई दिल्ली

यूरोप और दक्षिण अमेरिका की दो फुटबॉल दिग्गज टीमें स्पेन और अर्जेंटीना अगले साल मार्च में फाइनलिसिमा 2026 में आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला यूएफा यूरो और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियनों के बीच खेला जाएगा।

यह मैच 2026 फीफा विश्व कप प्लेऑफ के लिए निर्धारित अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जाएगा, बशर्ते स्पेन की टीम विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर ले। यह जानकारी गोल डॉट कॉम की रिपोर्ट के हवाले से दी गई है। यूएफा, फीफा, स्पेनिश फुटबॉल महासंघ और अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन मिलकर फाइनलिसिमा को सफलतापूर्वक पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुटे हैं। 2026 संस्करण में यह हाई-प्रोफाइल मुकाबला फुटबॉल प्रेमियों के बीच उत्साह और वैश्विक रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, खासतौर पर उस समय जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल गतिविधियां कम होती हैं।

गौरतलब है कि फाइनलिसिमा 2026 के आयोजन की संभावित तारीख 26 से 31 मार्च के बीच तय की गई है। इसको लेकर शुरुआती बातचीत 75वें फीफा कांग्रेस के दौरान पराग्वे में हुई थी। वहीं, लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका 2024 के फाइनल में कोलंबिया को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने कोलंबिया की 28 मैचों की अपराजेय लय को भी तोड़ दिया और मेसी के करियर के अंतिम पड़ाव में उन्हें दूसरी बार कोपा अमेरिका ट्रॉफी दिलाई। (अनंत ज्ञान)

महिला यूरो-2025 स्पेनिश टीम ने मैच के बाद स्विस खिलाड़ियों के लिए बनाया 'गार्ड ऑफ ऑनर'

स्विट्जरलैंड का सपना तोड़ सेमीफाइनल में पहुंचा स्पेन

एजेंसी, बर्न

मौजूदा विश्व चैंपियन स्पेन ने शुक्रवार (भारतीय समयानुसार शनिवार) को स्विट्जरलैंड की ऐतिहासिक यात्रा पर विराम लगाते हुए 2-0 की जीत के साथ महिला यूरो 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बेंच से उतरकर एथेनेया डेल कास्टिलो ने पहला गोल दागा, जबकि क्लाउडिया पीना ने शानदार दूसरा गोल कर मुकाबले को निर्णायक बना दिया।

पहले घंटे तक मेजबान स्विट्ज टीम ने शानदार बचाव करते हुए स्पेन को गोल करने से रोके रखा और पलटवार के जरिए मौके बनाए, लेकिन जैसे ही स्पेन ने लय पकड़ी, उन्होंने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। मैच के बाद स्पेन की मिडफील्डर और प्लेमेकर आइताना बोनमाती ने कहा कि हां, कई बार हम जल्दी बढ़त लेने की आदत में होते हैं, लेकिन असली फुटबॉल 90 मिनट का होता है, खासकर जब आप यूरोपीय चैंपियनशिप खेल रहे हों। मैच की शुरुआत में ही स्पेन को पेनल्टी मिली जब नादिन रीजेन ने मैरियोना कालदेंते को लापरवाही से टैकल किया, लेकिन कालदेंते खुद पेनल्टी लेने उतरीं और गेंद को पोस्ट के बाहर मार बैठीं। पहले हाफ में पीना को कई मौके मिले, लेकिन स्विस डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और स्कोर 0-0 पर बनाए रखा। 66वें मिनट में बोनमाती की रचनात्मकता ने खाता खोला, जब उन्होंने बैकहील पास से एथेनेया को सेट किया, जिन्होंने खूबसूरती से गोल दागा। सिर्फ पांच मिनट बाद, स्विट्ज़ कप्तान लिया वेल्टी से गेंद छीनकर क्लाउडिया पीना ने गेंद को गोल के ऊपरी कोने में शानदार तरीके से डाल दिया, जिससे स्पेन ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अंतिम क्षणों में मैच में और ड्रामा देखने को मिला, जब स्पेन की एलेक्सिया पुटेलास एक और पेनल्टी चूक गईं और स्विट्ज की नोएल मारिट्ज को स्टॉपेज टाइम में सीधा रेड कार्ड दिखाया गया।

जीत के बाद स्पेन की टीम ने गोल घेरे में नाचकर जश्न मनाया, वहीं दर्शकों ने तालियों और गीतों के साथ स्विस टीम को विदाई दी, जिसने पहली बार यूरो में नॉकआउट तक पहुंचने का गौरव प्राप्त किया। स्पेन की डिफेंडर लाइया एलेक्सांद्री ने कहा कि हमने मानसिक मजबूती दिखाई। क्वार्टर फाइनल आसान नहीं होता, लेकिन हमने धैर्य रखा और टीम की परिपक्वता नजर आई। स्पेनिश टीम ने मैच के बाद मैदान छोड़ रही स्विस खिलाड़ियों के लिए 'गार्ड ऑफ ऑनर' बनाया, जो खेल भावना का प्रतीक था। अब स्पेन का सामना सेमीफाइनल में फ्रांस और जर्मनी के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। (अनंत ज्ञान)